www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

लखनऊ
वर्ष: 27 अंक 230
सोमवार 15 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 38°C
न्यूनतम 29°C

मूल्य 5 रुपए    पृष्ठ-16    उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित    www.tarunmitra.in

# समुद्री संकट पर सरकार विपक्ष आमने-सामने

## ओमान तट पर राहत अभियान जारी, कांग्रेस ने विदेश नीति पर सवाल उठाए

**नई दिल्ली/मस्कट, 14 जून।** ओमान के तट के पास भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज 'विराट-1' से जुड़ी समुद्री घटना ने भारत की चिंता बढ़ा दी है। जहाज पर सवार 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों की तलाश के लिए ओमान के अधिकारियों और आसपास मौजूद जहाजों की मदद से व्यापक खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस बीच, कुछ दिन पहले ओमान के निकट हुए हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया और कूटनीतिक रुख पर सवाल उठाते हुए सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा है। लगातार सामने आ रही इन घटनाओं ने पश्चिम एशिया के समुद्री क्षेत्र में भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि उसे भारतीय ध्वज वाले जहाज 'विराट-1' से जुड़ी घटना की जानकारी मिली है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार जहाज

### समुद्री संकट

- विराट-1 के 14 भारतीय चालक दल की तलाश में जुटी बचाव टीमें
- नाविकों की मौत पर अमेरिका से माफी और जांच की मांग
- तीन भारतीयों की मौत पर कूटनीतिक जवाबदेही की मांग तेज

का इंजन खराब हो गया था, जिसके बाद चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षा के तहत लाइफराफ्ट पर पहुंच गए। दूतावास ने कहा कि ओमान के संबंधित अधिकारियों तथा आसपास मौजूद जहाजों के सहयोग से खोज एवं बचाव अभियान लगातार जारी है। फिलहाल सभी 14 भारतीय चालक दल के सदस्यों का पता लगाने का प्रयास किया जा




रहा है। अभी तक किसी के हताहत होने या सुरक्षित मिलने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस घटनाक्रम के बीच कांग्रेस ने हाल ही में ओमान के निकट हुए उस हमले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा, जिसमें तीन भारतीय नाविकों की मौत हुई थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पूरे देश के साथ वह मृत भारतीय ■ शेष पेज 15 पर

## मोदी-ट्रंप मुलाकात से पहले कांग्रेस ने उठाए अहम सवाल

### राष्ट्रीय हित, व्यापार और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, 14 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 17 जून को फ्रांस में प्रस्तावित मुलाकात से पहले कांग्रेस ने केंद्र सरकार से भारत के राष्ट्रीय हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि अमेरिका के साथ बातचीत में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, व्यापारिक हितों और विदेश नीति से जुड़े विषयों पर स्पष्ट और दृढ़ रुख अपनाया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री की प्रस्तावित मुलाकात से पहले देश यह जानना चाहता है कि क्या भारत ओमान तट के निकट अमेरिकी ■ शेष पेज 15 पर

## अमेरिका-ईरान शांति समझौते पर संशय, तेहरान में विरोध तेज

### हस्ताक्षर टले: ट्रंप आश्वस्त, ईरान असहमत, होर्मुज और समझौते पर लगातार बढ़ी वैश्विक चिंता

**वाशिंगटन/तेहरान, 14 जून।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समझौते को लेकर आशावादी दावों के बावजूद तेहरान ने स्पष्ट किया है कि रविवार को किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं होंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान का दावा है कि दोनों पक्ष समझौते के बेहद करीब हैं और अगले 24 घंटे में सकारात्मक नतीजा सामने आ सकता है।

ईरान के उत्तर-पूर्वी शहर मशहद में शनिवार को विदेश मंत्रालय के कार्यालय के बाहर प्रदर्शनकारियों ने प्रस्तावित समझौते का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने विदेश मंत्री अब्बास अरागची के खिलाफ नारेबाजी की और इसे राष्ट्रीय हितों के विपरीत बताया। कट्टरपंथी नेताओं का कहना है कि समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की रणनीतिक पकड़ कमजोर पड़ सकती है। इस बीच ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि समझौते पर जल्द हस्ताक्षर होंगे और इसके बाद होर्मुज जलडमरूमध्य सभी देशों के लिए सामान्य रूप से खोल दिया जाएगा। हालांकि ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकाई ने कहा कि समझौते की कोई तय तारीख नहीं है और रविवार को हस्ताक्षर होने की संभावना नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में प्रगति से इनकार नहीं किया जा सकता। समझौते में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे पाकिस्तान ने भी उम्मीद जताई है कि अगले 24 घंटे में प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच सकती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि समझौते के बाद तकनीकी स्तर की वार्ता शुरू होने की संभावना है। उधर तेहरान ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य पर उसका नियंत्रण बरकरार रहेगा। इसी बीच अमेरिकी मध्य कमान (सेंटकॉम) ने ■ शेष पेज 15 पर

## संक्षिप्त समाचार

### 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' की भारत करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली, 14 जून।** वैश्विक चुनौतियों और संसाधन संकट के इस दौर में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच' के 10वें संस्करण की मेजबानी भारत करेगा। इसका आयोजन पहली बार भारत में किया जा रहा है। गुजरात की राजधानी गांधीनगर में 15 से 18 सितंबर तक होने वाले वैश्विक आयोजन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों होने की संभावना है।

### 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन को मंजूरी, ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम

**नई दिल्ली, 14 जून।** केंद्र सरकार ने 100 प्रतिशत एथेनॉल ईंधन के उपयोग को कानूनी मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसे भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताते हुए कहा कि इससे आयातित जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर दिल्ली में युवा कांग्रेस का 'मेगा जॉब फेयर'

**नई दिल्ली, 14 जून।** भारतीय युवा कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर 19 जून को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 'मेगा जॉब फेयर 2026' आयोजित करने की घोषणा की है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब और दिल्ली कांग्रेस संगठन प्रभारी अनिल भारद्वाज ने मेगा जॉब फेयर का पोस्टर जारी किया।

## सर्बियाई राष्ट्रपति ने की मोदी के नेतृत्व की सराहना

**नई दिल्ली, 14 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार 12 वर्ष पूरे होने और भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक ने उन्हें बधाई दी है। फ्रांस दौरे पर मौजूद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति वुसिक की शुभकामनाओं के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से आभार व्यक्त किया और भारत-सर्बिया संबंधों को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

राष्ट्रपति वुसिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लंबा कार्यकाल भारतीय जनता के उन पर अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किसी भी नेता की वास्तविक पहचान केवल उसके कार्यकाल से नहीं, बल्कि उसकी दूरदर्शिता, उपलब्धियों और देश के लिए छोड़ी गई विरासत से होती है। वुसिक ने मोदी को एक ऐसे नेता बताया जिसकी आवाज वैश्विक स्तर पर सम्मान के साथ सुनी जाती है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जवाब में राष्ट्रपति वुसिक का धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें उनकी भारत यात्रा और दोनों नेताओं के बीच हुई सार्थक बातचीत की सुखद याद है। उन्होंने कहा कि भारत सर्बिया के साथ अपनी मित्रता को अत्यंत महत्व देता है और दोनों देशों के बीच सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक है।

## ममता को फिर झटका, पूर्व मंत्री मानस भुइयां ने टीएमसी छोड़ी

**कोलकाता, 14 जून।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस के लिए एक और बड़ा झटका सामने आया है। सात बार के विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री मानस भुइयां ने तृणमूल कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी को भेजते हुए कहा कि जिन राजनीतिक मूल्यों और सिद्धांतों के कारण उन्होंने पार्टी का दामन थामा था, तृणमूल कांग्रेस अब उनसे दूर होती जा रही है। मीडिया से बातचीत में रविवार को उन्होंने कहा कि वह राजनीति से संन्यास नहीं ले रहे हैं और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय बने रहेंगे। उन्होंने अपने अगले राजनीतिक कदम को लेकर कोई संकेत नहीं दिया।

## प्रदेश की सड़क परियोजनाओं पर मुख्यमंत्री ने कसा शिकंजा

### समय सीमा में पूरी हों सभी सड़क परियोजनाएं: योगी

**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सड़क और पुल निर्माण परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए हैं। रविवार को गोरखपुर में लोक निर्माण विभाग



(पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों के साथ गोरखपुर और आजमगढ़ मंडल की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। विशेष रूप से मानसून से पहले सभी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को युद्धस्तर पर पूरा करने के लिए अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों को प्राथमिकता देते हुए सड़क निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराए ■ शेष पेज 15 पर

## भारत-फ्रांस नवाचार साझेदारी को नई वैश्विक गति मिली: मोदी

### नीस में भारत इनोवेट्स का उद्घाटन, प्रधानमंत्री बोले-भारत अब समाधान देने वाला देश

**नई दिल्ली, 14 जून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में आयोजित 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम में कहा कि भारत और फ्रांस की रणनीतिक साझेदारी अब नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप सहयोग के नए दौर में प्रवेश कर रही है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा तथा भारतीय नवाचारों को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कार्यक्रम का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। कार्यक्रम से पहले उन्होंने प्रमुख निवेशकों, स्टार्टअप संस्थापकों और वेंचर कैपिटल प्रतिनिधियों से मुलाकात कर भारत में नवाचार और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता केवल व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह साझा विश्वास, साझा मूल्यों और दीर्घकालिक दृष्टि पर आधारित है। यही कारण है कि दोनों देशों ने विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में कई नई पहलों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' भारतीय युवाओं को यूरोपीय विशेषज्ञता, पूंजी और वैश्विक ■ शेष पेज 15 पर

### डिजिटल ठगी के संगठित नेटवर्क, पांच शहर बने अपराध के बड़े केंद्र

## यूपी में बढ़ते साइबर अपराध के नए 'हॉटस्पॉट'

विवेक श्रीवास्तव

**लखनऊ, 14 जून।** उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और अब यह छिटपुट घटनाओं से निकलकर संगठित नेटवर्क के रूप में सामने आ रहा है। राज्य के पांच प्रमुख शहर-मथुरा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर नगर तेजी से साइबर क्राइम के नए हॉटस्पॉट बनकर उभर रहे हैं। यह बदलाव केवल अपराध के आंकड़ों में वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे एक सुव्यवस्थित ढांचा और रणनीति भी काम कर रही है, जिसने कानून-व्यवस्था के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है।

इन शहरों में अलग-अलग तरह के साइबर फ्रॉड नेटवर्क सक्रिय हैं। एनसीआर क्षेत्र के गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में फर्जी निवेश योजनाएं और ऑनलाइन ट्रेडिंग स्कैम तेजी से फैल रहे हैं। वहीं लखनऊ और कानपुर नगर में

### चुनौती

- निवेश और ट्रेडिंग स्कैम में एनसीआर क्षेत्र आगे
- डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल से लखनऊ-कानपुर ज्यादा प्रभावित
- जागरूकता की कमी और बेरोजगारी बना रही गिरोहों को मजबूत

डिजिटल अरेस्ट, फर्जी सरकारी कॉल और बैंकिंग फ्रॉड के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। मथुरा जैसे शहर, जो पहले साइबर अपराध के लिहाज से शांत माने जाते थे, अब छोटे लेकिन संगठित गिरोहों के लिए सुरक्षित ठिकाने बनते जा रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, साइबर अपराधी अब अकेले काम नहीं कर रहे, बल्कि स्थानीय स्तर पर नेटवर्क बनाकर संगठित तरीके से काम कर रहे हैं। इन नेटवर्क्स में भर्ती से लेकर प्रशिक्षण और ठगी तक की पूरी प्रक्रिया सुनियोजित ढंग से संचालित की जा रही है। बेरोजगार युवाओं को जल्दी पैसा कमाने का लालच देकर इन गिरोहों में शामिल किया जा रहा है, जिससे यह समस्या सामाजिक रूप भी लेती जा रही है। साइबर ठगी के तरीकों में भी तेजी से बदलाव आया है। फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म, नकली मोबाइल एप, फिशिंग कॉल सेंटर और मैसेजिंग ऐप्स के जरिए भेजे जाने वाले संदिग्ध लिंक आम हो गए हैं। कई मामलों में ठग खुद को सरकारी अधिकारी या बैंक प्रतिनिधि बताकर लोगों को डराते हैं, जबकि कहीं उन्हें भारी मुनाफे का लालच दिया जाता है। डर और लालच के इसी मिश्रण में फंसकर लोग अपनी गोपनीय जानकारी साझा कर ■ शेष पेज 15 पर

मनी म्यूल यानी वह व्यक्ति जो अवैध रूप से प्राप्त पैसों को किसी अन्य व्यक्ति की ओर से कहीं ट्रांसफर करता है या भेजता है।



मनी म्यूल न बनें!

आपका बैंक खाता = आपकी पूंजी

- पैसे ट्रांसफर करने के लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक खाता इस्तेमाल न करने दें।
- अगर कोई अन्य व्यक्ति आपके बैंक खाते के ज़रिए पैसा प्राप्त करता है या भेजता है तो आपको जेल हो सकती है।
- अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड किसी को न बताएं।

आपके खाते की सुरक्षा, आपकी सुरक्षा।

अवैध कमाई के जाल में न फंसें।

क्यूआर कोड स्कैन करें।
अधिक जानकारी के लिए
देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें।
आधिकारिक व्हॉट्सऐप
नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, दो घायल

रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एनएचएआई की कथित लापरवाही का एक भयावह मामला सामने आया है। सड़क पर बार-बार हो रहे हादसों को लेकर एक स्थानीय व्यक्ति वीडियो बना रहा था। इसी दौरान उसके कैमरे के सामने ही एक तेज रफ्तार कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।

घायलों में एक सरकारी चिकित्सक भी शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में हादसे की भयावहता साफ दिखाई दे रही है, जिसे देखकर लोग सिहर उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित स्थान पर सड़क निर्माण और सुरक्षा व्यवस्थाओं में भारी खामियां हैं, जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने एनएचएआई और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, जबकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए होते तो इस तरह की जानलेवा दुर्घटनाओं को रोका जा सकता था।

## सिविल लाइंस में सड़क फूलकर सिमटी, जिम्मेदार बेखबर




रायबरेली। शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर पेट्रोल पंप के पास सड़क की हालत दिनोंदिन खराब होती जा रही है। मार्ग के एक हिस्से में सड़क फूलकर सिमट गई है, जिससे वाहन चालकों को अचानक संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है, आये दिन लोग चोटिल हो रहे है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह समस्या कई दिनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक संबंधित विभागीय अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ी है। राहगीरों और वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर बने उभार के कारण दोपहिया वाहन सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अचानक वाहन उछलने या लहराने से किसी भी समय बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। लोगों ने आरोप लगाया कि वाहन स्वामियों से भारी-भरकम टोल और कर वसूलने वाली एनएचएआई सड़क की मरम्मत और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और एनएचएआई अधिकारियों से तत्काल सड़क की मरम्मत कराकर संभावित दुर्घटनाओं को रोकने की मांग की है।

## सरगना सहित गैंगस्टर एक्ट में वांछित 6 आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। थाना जगतपुर पुलिस ने गैंगस्टर अधिनियम के तहत वांछित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार संगठित गिरोह बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना जगतपुर में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी डलमऊ गिरिजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में थाना जगतपुर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गैंग लीडर सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में गैंग लीडर सचिन पटेल निवासी मथवापुर थाना जगतपुर, शिवा पटेल, आकाश पटेल, राजकुमार, पिंकू तथा मनीष कुमार शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# रक्तदान करने से शरीर में नहीं होती है कोई कमजोरी महसूस : शिवशरण सिंह



● स्काउट मास्टर शिव शरण सिंह ने 54वीं बार किया रक्तदान
● विश्व रक्तदान दिवस पर जिला अस्पताल में लगाए गए कैंप में शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक, लीडर ट्रेनर स्काउट एवं जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह के साथ में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने रक्तदान किया। वहीं, स्काउट मास्टर ने आज 54वीं बार रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की।

जिला अस्पताल में रक्तदान करते हुए शिक्षकों ने कहा कि चलो कुछ ऐसा काम करा जाए, औरों के लिए मिसाल बन जाए, हम रहे ना रहे कदमों के निशान रह जाएं। 54वीं बार रक्तदान करते हुए जिला स्काउट मास्टर शिवशरण सिंह ने कहा कि जब पहली बार रक्तदान किया था तब यह सोचा नहीं था कि इतनी बार रक्तदान करेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में जब भी किसी को रक्त की आवश्यकता होती है, तो हम रक्तदान करने जरूर जाते हैं। रक्तदान के महादानी शिव शरण सिंह ने बताया कि रक्तदान करने से ना तो शरीर में कोई कमजोरी महसूस होती है बल्कि शरीर में नई स्फूर्ति एवं चेहरे पर शाइनिंग के साथ-साथ दूसरों को जीवन दान मिलता है। उन्होंने कहा कि अपने साथ ही अन्य शिक्षकों को भी प्रेरित करता रहता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ भी नहीं बल्कि रक्तदान करने से दूसरों की जान तो बचती ही है। साथ ही अपना भी शरीर और स्वस्थ हो जाता है। आज रक्तदान करने वालों में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शिव शरण सिंह के साथ रक्तदान करने वालों में जिला क्रीड़ा सचिव माध्यमिक शिक्षा अजय सिंह चंदेल, शिक्षक विवेक सिंह पटेल, मधुलिका वर्मा के साथ-साथ समाजसेवी लोगों ने रक्तदान कर दूसरों के जीवन जीने के लिए ज्योति जलाई है।

## प्रवक्ता भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न, 62 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित



रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 रविवार को जनपद के पांच परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा एक ही सत्र में पूर्वाह्न 9:30 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ ने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 2077 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 787 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1290 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की निष्पक्षता एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अपर जिलाधिकारी ने फिरोज गांधी कॉलेज, आचार्य द्विवेदी इंटर कॉलेज तथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था एवं परीक्षा संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होने पर संतोष व्यक्त किया।

## राना की जयंती पर प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का होगा संगम



● राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की बैठक में लिया गया निर्णय
● मुख्यमंत्री करेंगे राना बेनी माधव बख्श सिंह की जयंती पर सभागार का लोकार्पण

रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अवध क्षेत्र में आने वाले 14 जनपदों की स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को एकत्रित करने को लेकर भी चर्चा हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जनपद से कम से कम एक-एक परिवार को कार्यक्रम में सहभागी करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। वहीं बैठक में आगामी 24 अगस्त को अमर सेनानी राना बेनी माधव बख्श सिंह जी की जयंती के दिन ही राना बेनी माधव बख्श सिंह सभागार के लोकार्पण कार्यक्रम पर चर्चा की गई। जिस पर समिति के सभी सदस्यों ने सहमत जताई। बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि समिति के सदस्यों ने हाल ही में मुख्यमंत्री से ही मुलाकात कर राणा बेनी माधव भगत सिंह सभागार के निर्माण पूर्ण होने के बारे में अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने लोकार्पण कार्यक्रम में सहमति दी है । इसके साथ बैठक में जयंती के उपलक्ष में आयोजित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम की चर्चा हुई इसके लिए कार्यक्रम के आयोजन के लिए समितियों का गठन किया गया। इसके साथ ही सम्मानित होने वाले व्यक्तित्वों के चयन के लिए भी समिति का गठन किया गया। साथ ही इन समितियां पर समन्वय के लिए एक वरिष्ठ सदस्यों की समन्वय समिति का गठन किया गया है। इस वर्ष शंकरपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 8 अगस्त को आयोजित किया जाएगा। साथ ही शिवम सिंह ने सुझाव दिया कि समिति के प्रत्येक सदस्य एक यूनिट रक्तदान की जिम्मेदारी ले तो रक्तदान करने वाले

## नाली विवाद में दो पक्षों में मारपीट कई घायल, मुकदमा दर्ज

खीरों, रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। थाना क्षेत्र के फिरोजाबाद मजरे खीरों गांव में नाली के विवाद को लेकर शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें महिलाओं समेत कई लोग घायल हो गए। पीड़िता रेशमी पत्नी गुड्डू निवासी फिरोजाबाद मजरे खीरों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि गांव में नाली विवाद को लेकर पूर्व में पंचायत हुई थी और 14 जून को निर्णय होने की बात तय थी, लेकिन सुबह करीब छह बजे विपक्षी पक्ष के लोग नाली खोदने लगे। विरोध करने पर गाली-गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया। पीड़िता का आरोप है कि श्यामलाल पुत्र स्व. रामदीन, पिंटू पुत्र श्यामलाल, रामलाल पुत्र रामदीन तथा राजेश पुत्र रामदीन निवासी फिरोजाबाद मजरे खीरों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे रेशमी, उनके पति गुड्डू, गम्भीरराय समेत कई लोग घायल हो गए। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों को भी चोटें आईं। घटना के बाद घायलों का उपचार कराया गया। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि नाली विवाद को लेकर मारपीट की घटना हुई थी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर श्यामलाल, पिंटू, रामलाल और राजेश के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 जून को रायबरेली रूट से नहीं गुजरेंगी तीन प्रमुख ट्रेनें, बदला गया मार्ग

रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। रेलवे द्वारा ट्रैक मरम्मत एवं आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते 20 जून को रायबरेली जिले से होकर गुजरने वाली तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इन ट्रेनों को निर्धारित मार्ग के बजाय वैकल्पिक रूट से चलाया जाएगा। जानकारी के अनुसार, मोहनलालगंज और निगोहां स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे सीमेंटेड बॉक्स डालने का कार्य किया जाएगा। इस वजह से अप एवं डाउन दोनों लाइनों पर ट्रैफिक ब्लॉक रहेगा और कुछ समय के लिए रेल संचालन पूरी तरह बंद रहेगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कार्य के दौरान ट्रैक को हटाकर निर्माण कार्य किया जाएगा तथा बाद में पुनः पटरी बिछाई जाएगी। इसी कारण संबंधित अवधि में गुजरने वाली ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया गया है। प्रभावित ट्रेनों में हावड़ा-अमृतसर पंजाब मेल, अमृतसर-हावड़ा पंजाब मेल पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस शामिल हैं। ये ट्रेनें 19 जून को अपने प्रारंभिक स्टेशनों से रवाना होकर 20 जून को रायबरेली पहुंचने के बजाय सुल्तानपुर मार्ग से संचालित की जाएंगी। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### मारपीट और हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। थाना लालगंज पुलिस ने मारपीट एवं हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 13 जून 2026 को थाना लालगंज क्षेत्र के ग्राम पूरे चन्दूलाल मजरे अमबारा पश्चिम में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लालगंज में मुकदमा संख्या 174/2026 धारा 115(2), 352 एवं 351(3) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लालगंज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल दो आरोपियों अमरसनाथ पुत्र रामलखन तथा चन्द्रकान्त पुत्र रामलखन, निवासी ग्राम पूरे चन्दूलाल मजरे अमबारा पश्चिम, थाना लालगंज को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के दौरान मामले में धारा 109(1) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक निखिल यादव, आरक्षी नीतीश कुमार एवं आरक्षी रोहित कुमार शामिल रहे।

### कड़ी सुरक्षा के बीच प्रवक्ता परीक्षा संपन्न



शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को आयोजित प्रवक्ता परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के लिए पंजीकृत 5,276 अभ्यर्थियों में से 1,516 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 3,760 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार परीक्षा में कुल 28.73 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश मिश्र ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता बनाए रखने तथा शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई और कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था अथवा गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। उपस्थिति के आंकड़ों पर नजर डालें तो आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय और जनता इंटर कॉलेज में सर्वाधिक 142-142 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज में सबसे कम 97 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा के सफल संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि परीक्षा निर्धारित समय-सारिणी एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई गई। सभी केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था प्रभावी रही और परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से पूरी हुई।

# पथरी के मरीजों को निशुल्क वितरित की गई दवा



रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ भगवान राम कुष्ठ सेवा आश्रम सई नदीतट, औघड़ आश्रम मुन्शीगंज, में सैकड़ों पथरी रोगियों को फकीरी पद्धति से आयुर्वेदिक दवा का दूर दराज से आए हुवे सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क वितरण राम प्यारे मौर्य जी के द्वारा किया गया।

आज रविवार के दिन पूर्व की तरह ही सैकड़ों पथरी रोगियों को निःशुल्क आयुर्वेदिक दवा का वितरण फकीरी पद्धति से किया गया। दवा वितरण करने वाले रामप्यारे मौर्य जी ने मरीजों को दवा लेने का तरीका बताएं, तथा दवा लेते समय किस-किस चीज का परहेज करें इसे कैसे खाएं इन सब चीजों के विषय में आए हुए मरीजों को विस्तार से समझाया।

आए हुए मरीजों में कई पुराने मरीज थे जो इससे पहले यहां से दवा ले जाकर उसे खाकर अपनी बीमारी में राहत महसूस कर रहे थे और उनके साथ ही सैकड़ों नए मरीज भी दूर दराज से दवा लेने औघड़ आश्रम मुन्शीगंज आए। औघड़ आश्रम मुंशीगंज में हर रविवार को आयुर्वेदिक पद्धति से दवा वितरण का यह कार्यक्रम सुचारु रूप से चलता रहता है हर रविवार को सैकड़ों लोग दवा लेने आश्रम पहुंचते हैं। आजाद शक्ति सेवा संगठन की ओर से श्री सर्वेश्वरी समूह औघड़ आश्रम शाखा मुंशीगंज के प्रांगण में श्रमदान किया गया श्रमदान करने वालों में से सुनील भदोरिया, विनोद जैसवाल, प्रशांतमणि सिंह, कुलभूषण ओझा, पारुल सिंह, कौशलेंद्र सिंह ताऊ, शैलेश सिंह और गोविंद सिंह, आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित है।

## विकास कार्यो का सहकारिता मंत्री ने किया लोकार्पण

शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अपनी विधायक निधि से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो सके। सहकारिता मंत्री ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार निर्माण की भी महत्वपूर्ण संस्था हैं।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का आयोजन संपन्न




रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देश के क्रम में विकास खण्ड राही में जनकल्याण शिविर व स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

इस मेले में स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों के साथ समूह की महिलाओ, प्रगतिशील किसानो ने प्रतिभाग किया। मेले में विभिन्न शासकीय विभागों ने जनकल्याण से सम्बंधित योजनाओ के स्टाल लगाकर योजनाओ का प्रचार प्रसार किया तथा सामाजिक सुरक्षा सहायता से सम्बंधित योजनाओ के पम्पलेट वितरित किये गए एवं नए आवेदन प्राप्त किये गए। इस शिविर में आयोजित स्वास्थ्य मेले में विशेष तौर पर स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ रास्ट्रीय आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, पी०एम मातृ वन्दन योजना आदि पर विशेष बल देकर लाभार्थियों का चिन्हीकरण किया गया। मेले के दौरान खण्ड विकास अधिकारी राही संदीप सिंह ने विभिन्न लाभार्थियों व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए सभी व्यक्तियों तक योजनाओ का लाभ पहुचने हेतू जागरूक किया। मेले में आए हुए ग्रामवासियों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं उपचार किया गया। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अन्नप्राशन एवं गोदभराई का कार्यक्रम किया गया तथा पुष्टाहार वितरण एवं ग्राम स्वास्थ्य पोषण समिति के कार्यों के विषय में जानकारी दी गयी। यह मेला 16 जून 2026 तक ब्लाक मुख्यालय में चलता रहेगा। मेले में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राकेश उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी संजय सिंह, वरिष्ट प्राविधिक सहायक प्रमोद कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्रिज लाल, एडीओ (पंचायत) जीतेन्द्र सिंह व अन्य सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सर्राफा दुकान से आभूषण चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार, चोरी के जेवर बरामद




रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। थाना भदोखर पुलिस ने सरार्फा दुकान से आभूषण चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए आभूषण भी बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, ग्राम खनुवां पोस्ट मुंशीगंज निवासी नयन सोनी ने थाना भदोखर में तहरीर देकर बताया था कि 11 जून 2026 को उनकी ज्वेलर्स की दुकान पर एक अज्ञात महिला आभूषण देखने आई थी। कुछ देर बाद महिला वहां से चली गई, जिसके बाद दुकान से कुछ आभूषण गायब मिले। मामले में थाना भदोखर में मुकदमा संख्या 166/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने रीना साहू पत्नी रामनेरेश साहू निवासी ग्राम मऊ हरिजन बस्ती, थाना मऊ, जनपद चित्रकूट को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में महिला ने चोरी की घटना स्वीकार करते हुए बताया कि वह दुकानों में ग्राहक बनकर जाती थी और मौका पाकर आभूषण चोरी कर लेती थी। चोरी का सामान कम कीमत पर बेचकर प्राप्त धनराशि अपने खर्चों में उपयोग करती थी। पुलिस ने अभियुक्ता को गिरफ्तार कर उसके पास से एक जोड़ी पीली धातु के टॉप्स, एक पीली धातु का लॉकेट तथा छह सफेद धातु के बिछिया बरामद किए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार महिला को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अनुज कुमार, आरक्षी नरेश पाल, आरक्षी सौरभ तथा महिला उपनिरीक्षक अंजली पाल शामिल रहीं।

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकतः धर्मपाल सिंह

## संगठन महामंत्री ने दीप प्रज्वलित कर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के प्रशिक्षण वर्ग का किया शुभारंभ





रायबरेली, 14 जून (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ उत्तर प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीतिक कार्यकर्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का वाहक होता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठन की कार्यप्रणाली और जनसेवा के मूल मंत्र से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित एवं वैचारिक रूप से मजबूत कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। भाजपा का विस्तार और सफलता उसके समर्पित कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री एवं वर्ग प्रभारी शिवभूषण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पूर्व विधायक राकेश सिंह, पूर्व सदस्य विधान परिषद राजा राकेश प्रताप सिंह, पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव व ब्लॉक प्रमुख हरचंदपुर पीयूष प्रताप सिंह सहित जिले के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा और जनसंपर्क के विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

# केजीएमयू में पानी टंकी की सफाई के दौरान करंट लगने से युवक की मौत

## कर्मचारियों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए काटा हंगामा

### मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। रविवार केजीएमयू परिसर में पानी की टंकी की सफाई के दौरान एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई।

घटना के बाद ट्रॉमा सेंटर में साथी कर्मचारियों और परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए और लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित




मुआवजा देने की मांग की। मृतक की पहचान राहुल गौतम (25) निवासी लीलाखेड़ा, थाना दुबग्गा के रूप में हुई है।

आरोप है कि सफाई के दौरान उसे करंट लग गया, जिससे उसकी जान चली गई। कर्मचारियों का आरोप है कि राहुल को बिना सुरक्षा किट और पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के




टंकी में सफाई के लिए उतारा गया था। उनका कहना है कि यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता तो हादसा टाला जा सकता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कर्मचारियों और परिजनों को समझाकर शांत कराया।

इसके बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, केजीएमयू प्रशासन की ओर से घटना के कारणों की पड़ताल की जा रही है। मृतक के भाई रमेश ने आरोप लगाया कि कंपनी ने बिना सेफ्टी किट के राहुल को पानी की टंकी में उतार कर सफाई करवाई गई। टंकी की सफाई के दौरान राहुल को करंट लग गया।

उसकी मौत हो गई। कंपनी ने कर्मचारियों का इंश्योरेन्स तक नहीं करवाया है। पीएफ अकाउंट तक नहीं खोला गया है। कंपनी सात हजार रुपए वेतन देती है। इतने में घर तक नहीं चलता है। पुलिस ने इस संबंध में प्रेस नोट जारी किया है। पुलिस का कहना है कि लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने प्रदर्शन किया है। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। उसके आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गरजे कौशल किशोर: 'लक्ष्मण जी कभी लखनऊ नहीं आए', सुरक्षा हटने पर शासन को दी चेतावनी

बीकेटी, लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। बख्शी का तालाब। में स्थित आद्या लॉन में रविवार को पारख महासंघ का विधानसभा स्तरीय अधिवेशन धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने इतिहासकारों और धार्मिक गुरुओं के दावों को चुनौती देते हुए एक बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने हाल ही में जगद्गुरु रामभद्राचार्य द्वारा लखनऊ के इतिहास को लेकर की गई टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। कौशल किशोर ने दो टूक कहा कि, जिसे आज लक्ष्मण टीला कहा जा रहा है, वह वास्तव में महाराजा लाखन पासी का किला है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इतिहास का पक्ष रखते हुए कहा कि, महाराजा लाखन पासी ने ही इस ऐतिहासिक शहर को बसाया था। उनकी धर्मपत्नी लखनावती के नाम पर ही इस जगह का नाम धीरे-धीरे बदलकर लखनऊ पड़ा। धार्मिक मान्यताओं पर अपनी राय रखते हुए उन्होंने कहा कि माता सीता कभी सीतापुर नहीं आईं और न ही लक्ष्मण जी कभी लखनऊ आए थे। सीतापुर को वास्तव में छीता पासी ने बसाया था।

उन्होंने जगद्गुरु रामभद्राचार्य पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एक सम्मानित पद पर हैं, लेकिन इस तरह की बयानबाजी करके वे समाज के आम लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं, जो पूरी तरह से गलत है।इसके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अपनी सुरक्षा में की गई कटौती को लेकर प्रदेश शासन और पुलिस प्रशासन पर तीखे सवाल उठाए। उन्होंने अत्यंत गंभीर लहजे में चेतावनी दी कि यदि भविष्य में उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य की जानमाल को कोई भी नुकसान पहुंचता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सुरक्षा हटाने वाले अधिकारियों की होगी।

इस विषय में उन्होंने लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट, उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और अपर मुख्य सचिव को एक आधिकारिक पत्र भेजकर अपनी कड़ी आपत्ति और चिंता दर्ज करा दी है। इससे पहले अधिवेशन के मुख्य एजेंडे पर बात करते हुए कौशल किशोर ने 'पारख' शब्द की महत्ता को समझाया।

## बिजली कर्मियों का उत्पीड़न समाप्त किया जाए: दुबे

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति सोमवार को प्रस्तावित विद्युत व्यवस्था की समीक्षा बैठक से पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की है कि भीषण गर्मी के दौरान बिजली व्यवस्था को सुचारू एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए बड़े पैमाने पर हटाए गए अनुभवी संविदा कर्मियों को पुनः कार्य पर लिया जाए तथा बिजली कर्मियों एवं अभियंताओं पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्यवाहियों को तत्काल समाप्त किया जाए। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल



विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया के नाम पर विगत डेढ़ वर्ष में 25,000 से अधिक अनुभवी संविदा कर्मियों को सेवा से हटा दिया गया है। इन कर्मियों के पास विद्युत वितरण प्रणाली के संचालन एवं रखरखाव का वर्षों का अनुभव था। इतनी बड़ी संख्या में अनुभवी कर्मियों के हटने से प्रदेश की विद्युत व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

उन्होंने बताया कि गर्मियों के दौरान बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच जाती है, जिसके कारण सब-स्टेशनों, ट्रांसफार्मरों एवं विद्युत लाइनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। परिणामस्वरूप फॉल्ट की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिन्हें समयबद्ध ढंग से दूर करने के लिए पर्याप्त संख्या में प्रशिक्षित एवं अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता होती है।

## युवक का शव रेलवे पटरी पर मिला

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। गोमती नगर थानाक्षेत्र में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शनिवार रात घर से काम की बात कह कर निकाला था। इसके बाद हादसे का शिकार हो गया। युवक की मां ने हत्या की आशंका जताते हुए गोमती नगर थाने में तहरीर दी है। बड़ी जुगौली गोमती नगर निवासी बनसल बाबू पुत्र रमेश कुमार लकड़ी पॉलिश का काम करता था। मां मुन्नी देवी ने बताया शनिवार रात करीब 10 घर से निकला था।

इसके बाद कुछ अज्ञात लोगों ने उसकी हत्या कर ट्रैक पर फेंक दिया। मां ने वीरेंद्र यादव, गोपी यादव और विनय यादव पर हत्या करने की आशंका जताई है। उनका कहना है यह तीनों बेटे को लगातार धमकी दे रहे थे। कई बार घर आते समय रास्ते में रोककर जान से मारने की बात कही थी।

हत्या की आशंका जताते हुए गोमतीनगर थाने में तीनों युवकों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। मामले में इंस्पेक्टर गोमती नगर बृजेश चंद्र तिवारी का कहना है मृतक की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच में चेक किए गए सीसीटीवी में युवक अकेले जाते हुए दिखाई दे रहा है। रेलवे प्रशासन से पूछताछ में भी ट्रेन के आगे कूदने की बात सामने आई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

गोसाईगंज, लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर छत्तीसगढ़ भगाने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 2दिसम्बर2025 को वादी ने थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में तहरीर दी थी कि उनकी नाबालिग पुत्री को धनुष नाम का युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने धनुष निवासी छत्तीसगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज आरोपी की तलाश कर रही थी। जिसे तकनीकी सर्विलांस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ग्राम मस्तेमऊ के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गए आरोपी धनुष साहू पुत्र रामअवतार साहू, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी वार्ड नं0 13 तिलईभांठ, थाना कुंडा, जनपद कवर्धा महली, छत्तीसगढ़ ने पूछताछ में बताया कि वह पहले लखनऊ के पिन्टल पार्क में काम करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंसर संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य



पर कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर रक्तदान करने वाले संस्थान कर्मियों और अन्य रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ अंजू दुबे ने बताया कि इस वर्ष वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने इस दिवस की थीम मानवता की एक बूंद। खून दो जीवन दो। निर्धारित की है और इस थीम के अनुरूप ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग आमजन से संपर्क करते हुए सुरक्षित रक्त की आवश्यकता के बारे में एक जागरूकता अभियान चला रहा है। इस रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### उधार के 1.50 लाख न लौटाने पर युवक का अपहरण

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। उधार के रुपए न लौटाने पर युवक का अपहरण कर लिया गया। आरोप है कि कर्ज देने वाले दबंग ने अपने 8 से 10 साथियों के साथ चाकू की नोक पर जबरन बाइक पर बैठाकर उठा ले गए। एक निमार्णाधीन बिल्डिंग में उसकी बेरहमी से पिटाई की गई। आरोपियों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। सआदतगंज करीमगंज अंबरगंज निवासी मोहम्मद सदफ सिद्दीकी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने कुछ समय पहले शमी अहमद से कारोबार में लगाने के लिए 1.50 लाख रुपए उधार लिए थे। कारोबार में नुकसान होने के कारण वह समय पर रकम वापस नहीं कर सके थे। उन्होंने शमी से कुछ समय की मोहलत मांगी थी। पीड़ित का कहना है 6 जून की शाम करीब 6:15 बजे वह टहलने निकले थे। इस दौरान हशियामऊ मोड़ स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास कैम्पवेल रोड पर शमी अहमद अपने 8 से 10 अज्ञात साथियों के साथ मिला। आरोपी ने तत्काल रुपए लौटाने का दबाव बनाया। जब पीड़ित ने कुछ दिन का समय मांगा तो आरोपियों ने चाकू दिखाकर उसे धमकाया और जबरन बाइक पर बैठाकर राजाजीपुरम सेक्टर-ई स्थित एक बिल्डिंग में ले गए। वहां आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से उसकी पिटाई की। इस दौरान उसका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया।

### तीन एसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में रविवार को तीन राजपत्रित पुलिस अधिकारियों की नई तैनाती के आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के तहत एसीपी रजनीश वर्मा, अभिषेक कुमार पांडेय और उदय प्रताप सिंह के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। अब तक कृष्णानगर के सहायक पुलिस आयुक्त के रूप में तैनात रजनीश वर्मा को नई जिम्मेदारी देते हुए एसीपी हजरतगंज बनाया गया है। राजधानी के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल हजरतगंज जोन की कमान अब उनके हाथों में होगी। कानपुर नगर से लखनऊ आए सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात अभिषेक कुमार पांडेय को कृष्णानगर का एसीपी नियुक्त किया गया है। वे रजनीश वर्मा का स्थान लेंगे। सहायक पुलिस आयुक्त के पद पर तैनात उदय प्रताप सिंह को यातायात विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## नियम विरुद्ध छटनी करने के कारण कर्मचारियों की भारी कमी

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में पावर कारपोरेशन प्रबंधन अब पूरी तरह विफल हो चुका है। ये बातें देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,प्रदेश महामंत्री ने कही। रविवार को उन्होंने पत्र के माध्यम से बताया संगठन द्वारा अपने पत्र 29 मई के माध्यम से प्रबन्ध निदेशक पावर कारपोरेशन लिमिटेड शक्ति भवन को अवगत कराया गया था, कि पावर कारपोरेशन प्रबन्धन द्वारा अनुभव आउटसोर्स कर्मचारियों की नियम विरुद्ध छटनी करने के कारण कर्मचारियों के भारी कमी है।

जिसके कारण आउटसोर्स कर्मचारियों पर कार्य का अधिक भार पड़ने, अकुशल कर्मचारियों से लाइन का कार्य कराने तथा एक गैंग ( 01 लाइनमैन + 01 पेट्रोल मैन / कुशल श्रमिक+2 अकुशल श्रमिक) के स्थान पर एक कर्मचारी को तैनात करने के कारण पिछले जहां उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं पिछले 37 दिनों में 36 आउटसोर्स कर्मचारियों की दुर्घटनाएं हुई जिसमें 22 की मृत्यु हो गई तथा 14 गंभीर रूप से घायल हो गए। संगठन द्वारा निवेदन किया गया था कि उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने एवं दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए हटाए गए अनुभव आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य पर वापस लिया जाए। संगठन द्वारा मांग की गई थी,पावर कारपोरेशन के आदेश 15 मई 2017 एवं उपभोक्ताओं के दिन प्रतिदिन बढ़ती संख्या को ध्यान में रखकर कर्मचारियों की तैनाती किया जाए।

## मोबाइल छीना, खाते से 2.11 लाख उड़ाए

गोसाईगंज, लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में साइबर ठगों ने काम का झांसा देकर एक युवक का मोबाइल छीना और उसके जरिए बैंक खाते से 22 बार में 2 लाख 11 हजार रुपये पार कर दिए। अर्जुनगंज साई दाता रोड निवासी उमेश कुमार के अनुसार 6 जून 2026 की रात करीब 9 बजे कुछ अज्ञात लोगों ने फोन कर टाइल्स लगाने का काम दिलाने का झांसा दिया। बातचीत के दौरान एक युवक ने मोबाइल नंबर सेव करने के बहाने उमेश का फोन ले लिया और मौके से फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी आरोपी पकड़ में नहीं आए। उमेश ने अपना एयरटेल नंबर बंद कराकर नया सिम निकलवाया।

## लविवि के योग विभाग में ध्यान पर कार्यशाला आयोजित



लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। लविवि के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एवं ऑल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वाधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत, ध्यान पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में योग विभाग के कॉर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, चिंता, अवसाद एवं जीवनशैली संबंधी विकारों की बढ़ती चुनौतियों के बीच ध्यान व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मन, बुद्धि और चेतना के संतुलन का विज्ञान है। ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति की एकाग्रता, निर्णय क्षमता तथा मानसिक स्थिरता में वृद्धि होती है और वह अपने जीवन को अधिक सकारात्मक एवं उद्देश्यपूर्ण बना सकता है।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता योगाचार्य किशोर कुमार शुक्ला ने ध्यान की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि ध्यान मन को बाह्य विषयों से हटाकर आंतरिक चेतना की ओर ले जाने की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग में ध्यान को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है तथा यह धारणा और समाधि के मध्य की अवस्था है। ध्यान के माध्यम से व्यक्ति आत्म-जागरूकता, मानसिक शांति एवं आंतरिक संतुलन प्राप्त कर सकता है। उन्होंने ध्यान के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख करते हुए श्वास आधारित ध्यान, मंत्र ध्यान, त्राटक ध्यान, साक्षी भाव ध्यान, विपश्यना ध्यान तथा ओंकार ध्यान की विशेषताओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक प्रकार का ध्यान मन और मस्तिष्क पर अलग-अलग सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है तथा नियमित अभ्यास से तनाव में कमी, भावनात्मक संतुलन, स्मरण शक्ति एवं एकाग्रता में वृद्धि देखने को मिलती है। योगाचार्य शुक्ला ने अपने व्याख्यान में योग चतुष्टय की अवधारणा को भी स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि भारतीय योग परंपरा में ज्ञानयोग, भक्तियोग, कर्मयोग और राजयोग को योग चतुष्टय के रूप में जाना जाता है।

## जन चौपाल में पीने के साफ पानी की शिकायतें अधिक रहीं

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। शनिवार जोन-6 के मा० कल्याण सिंह वार्ड एवं मा० लालजी टंडन वार्ड में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जनता की समस्याएं सुनी। इस भीषण गर्मी और उमस में पीने के साफ पानी की शिकायतें अधिक रही।




जन चौपाल में स्थानीय नागरिकों ने सीवर व्यवस्था, खाली प्लॉटों में कूड़ा डाले जाने, पेयजल आपूर्ति तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। नागरिकों ने क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जल निकासी संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग की।

जन चौपाल में प्राप्त शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देते हुए त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

लालजी टंडन वार्ड स्थित बरावन खुर्द पार्क में आयोजित जन चौपाल में नागरिकों ने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, साफ-सफाई व्यवस्था, सीवर ओवरफ्लो, पेयजल आपूर्ति तथा सड़क निर्माण से संबंधित समस्याएं रखीं। क्षेत्रीय नागरिकों ने जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

## ट्रेन की पटरी पर रखा मिला 50 किलो वजनी एंगल

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। कैंट क्षेत्र के दिलकुशा ब्लॉक हट के पास रेलवे ट्रैक पर 50 किलो वजनी लोहे का एंगल रख दिया गया। अमृतसर से हावड़ा जा रही पंजाब मेल जब लखनऊ से गुजरी तो दिलकुशा के पास उसके इंजन के नीचे लोहा फंस गया। लोको पायलट ने समय रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

घटना शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे की है। वरिष्ठ खंड अभियंता (रेलपथ) राजकिशोर मिश्र के मुताबिक, ट्रेन संख्या 13006 पंजाब मेल दिलकुशा ब्लॉक हट के पास पहुंची थी, तभी लोको पायलट की नजर ट्रैक पर रखे भारी लोहे के एंगल पर पड़ी। ट्रेन की रफ्तार कम होने के बावजूद इंजन एंगल से टकरा गया और वह इंजन में फंस गया। सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारी और आरपीएफ मौके पर पहुंचे तथा एंगल को हटाकर कब्जे में लिया। राजकिशोर मिश्र की लिखित शिकायत पर कैंट थाने में रेलवे अधिनियम की धारा 151 और 153 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस और सर्विलांस टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। कैंट थाना प्रभारी गुरप्रीत कौर ने बताया कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे शरारती तत्वों या नशेड़ियों की हरकत मान रही है, लेकिन किसी बड़ी साजिश की आशंका को देखते हुए खुफिया एजेंसियों को भी अलर्ट कर दिया गया।

## 2029 में चौथी बार पीएम बनेंगे मोदी: अठावले

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले ने रविवार को यहां उत्तर प्रदेश इकाई की समीक्षा बैठक में कहा कि पार्टी का यूपी में जनाधार तेजी से बढ़ रहा है। एनडीए गठबंधन के तहत इस बार पार्टी 2027 का चुनाव भी लड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि 2029 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चौथी बार पीएम बनेंगे। बैठक में डॉ. रामदास आठवले ने पार्टी को 'एक परिवार' बताते हुए कहा कि यदि हम जिला, तहसील, ब्लॉक और गांव स्तर पर मेहनत और लगन से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से परिणाम सकारात्मक मिलेंगे।

जनहित के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएं और लगातार जनसभाएं आयोजित करें। संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने विश्वास दिलाया कि पार्टी के विजन को धरातल पर उतारने और उत्तर प्रदेश में शोषित समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी।

इस अवसर पर मौजूद पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने के लिए अपने अपने सुझाव दिये और चुनौतियों का सामना एकजुट होकर करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने राज्य से 'गुंडाराज' को पूरी तरह से खत्म करने का काम किया है। आज प्रदेश में हर वर्ग, चाहे वह दलित हो, आदिवासी हो, महिला हो या युवा, सभी को न्याय मिल रहा है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
लखनऊ खण्ड शारदा नहर
लखनऊ।

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या:–04 / अ0अ0 / 2026–27

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन https://etender.up.nic.in के माध्यम से टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 27.05.2026 के अपराह्न 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी Technical Bid दिनांक: 27.05.2026 को अपराह्न 02:30 बजे मुख्य अभियन्ता (शा0सहा0), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा गठित समिति के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में ऑन लाइन खोली जायेगी। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 17.06.2026 को अपराह्न 02:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing and Maintenance works in PA Block No. 21 in Canal Colony Cantt Road, Lucknow. (Lot-01) | Bill of Qty. के अनुसार | 32.48 | @2% Paid Online | 120 Days | 300.00 +54.00 +2000.00 | B एवं उच्च |
| 2 | Repairing and Maintenance works in PA Block No. 18 in Canal Colony Cantt Road, Lucknow. (Lot-02) | Bill of Qty. के अनुसार | 32.34 | @2% Paid Online | 120 Days | 300.00 +54.00 +2000.00 | B एवं उच्च |
| 3 | Wooden work and Tiles works at 5th floor of Sardar Vallabhbhai Patel Sinchai Bhawan Canal Colony, Lucknow. (Lot-03) | Bill of Qty. के अनुसार | 26.76 | @2% Paid Online | 45 Days | 300.00 +54.00 +2000.00 | B एवं उच्च |
| 4 | Concertina coil fencing of LDA side & Canal side boundary Wall at New Parikalp Vihar Colony, Telibagh, Lucknow. (Lot-04) | Bill of Qty. के अनुसार | 05.93 | @2% Paid Online | 90 Days | 225.00 +41.00 +500.00 | C एवं उच्च |
| 5 | Construction of Foot Over Bridge for Connecting of E-in-C Office to Sardar Vallabhbhai Patel Sinchai Bhawan at Canal Colony, Cantt Road, Lucknow. (Lot-05) | Bill of Qty. के अनुसार | 32.44 | @2% Paid Online | 90 Days | 300.00 +54.00 +2000.00 | B एवं उच्च |

U.P. 252541 dt. 12/06/2026 विज्ञापन वेबसाइट www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
लखनऊ खण्ड शारदा नहर
लखनऊ


## योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उप्र ने नव-निर्वाचित संरक्षक का किया सम्मान

लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)। योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा आज संस्था के नव-निर्वाचित संरक्षक अभिषेक तिवारी (अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, लखनऊ) का सम्मान समारोह संस्था के मुख्य संरक्षक अजयदीप सिंह (पूर्व प्रशासनिक अधिकारी) के आवास पर आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में संस्था के सचिव डॉ. महेश लाल, कोषाध्यक्ष आचार्य सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा राजपूत, सहसचिव जितेन्द्र शर्मा सहित संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिषेक तिवारी का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान संस्था की आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आगामी जिला स्तरीय योगासन एवं भारतीय पारम्परिक खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा इनके सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्णय लिए गए। पदाधिकारियों ने प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को योग, स्वास्थ्य, अनुशासन तथा भारतीय पारम्परिक खेलों से जोड़ने पर बल दिया।

अपने संबोधन में अभिषेक तिवारी ने संस्था द्वारा प्रदान किए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए योगासन एवं भारतीय पारम्परिक खेलों के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि स्वर्गीय विंग कमांडर विवेक तिवारी की पुण्य स्मृति में शीघ्र ही एक भव्य योगासन एवं भारतीय पारम्परिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा, जिससे युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा तथा उनके आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जा सकेगा।

संस्था के सचिव डॉ. महेश लाल ने कहा कि योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश अपने ध्येय वाक्य योगेन सह पारम्परिक क्रीड़ा के अनुरूप प्रदेश में योगासन के साथ-साथ भारतीय पारम्परिक खेलों के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक एवं खेल विरासत से जोड़ते हुए उन्हें स्वस्थ, अनुशासित एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक बनाना है।

संस्था के मुख्य संरक्षक अजयदीप सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सामूहिक प्रयासों से संस्था भविष्य में योगासन तथा भारतीय पारम्परिक खेलों के क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। कार्यक्रम का समापन संस्था के उज्ज्वल भविष्य एवं खेलों के व्यापक विकास के संकल्प के साथ हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 15 जून 2026
विक्रम संवत्- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष, प्रथमा

## अपनों से दूर होते ट्रम्प

वर्तमान समय में अमेरिकी राजनीति का सबसे चर्चित विषय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का अपने समर्थकों, सहयोगियों और आंतरिक वृत्त से बढ़ता हुआ दूरी का रिश्ता है। जो नेता 2024 में 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नारे के साथ भारी जनसमर्थन के साथ वापसी कर रहे थे, आज उसी आधार को खोते नजर आ रहे हैं। ईरान युद्ध, एपस्टीन फाइल्स, 'नाटो' सहयोगियों से तनाव और घरेलू नीतियों पर उठते सवाल ट्रम्प को उनके 'अपनों' से अलग कर रहे हैं। यह न केवल व्यक्तिगत पतन की कहानी है, बल्कि लोकतंत्र में सत्ता के अहंकार की चेतावनी भी। ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल शुरू होते ही विदेश नीति में आक्रामकता दिखाई दी। ईरान के साथ संघर्ष, स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर सहयोगियों पर दबाव और बिना पर्याप्त परामर्श के सैन्य कार्रवाई ने 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' आधार को बांट दिया। जो समर्थक 'अमेरिका फर्स्ट' और 'कोई विदेशी युद्ध नहीं' के वादे पर वोट दिए थे, वे अब ट्रम्प को नेपोलियन की तरह महसूस कर रहे हैं। टकर कार्लसन, मेगन केली और माजोरीं टेलर ग्रीन जैसी हस्तियां, जो कभी ट्रम्प की सबसे मजबूत आवाज थीं, अब खुलकर आलोचना कर रही हैं। 'किसी को विदेशी देश के लिए नहीं मरना चाहिए' जैसी बातें 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' शिविर में गूंज रही हैं। घरेलू मोर्चे पर स्थिति और खराब है। एपस्टीन फाइल्स को लेकर वादा पूरा न करने से 'अमेरिकी कॉन्स्पिरेसी थ्योरी' और हार्डकोर समर्थकों में गुस्सा है। कई रिपब्लिकन सांसद और पूर्व सहयोगी अब ट्रम्प की 'लोकलुभावन नीतियों' से दूरी बना रहे हैं। अप्रूवल रेटिंग में गिरावट स्पष्ट संकेत है कि आधार टूट रहा है। ट्रम्प जो कभी 'जनता का आदमी' कहलाते थे, आज अपने फैसलों से उसी जनता से अलगाव महसूस कर रहे हैं। यह अलगाव अकेला नहीं है। 'नाटो' सहयोगी, यूरोपीय दक्षिणपंथी नेता और यहां तक कि कुछ गल्फ देश भी ट्रम्प की 'बेपरवाह' वाली सोच से नाराज हैं। ट्रम्प का मानना है कि सहयोगी 'भुगतान' करें, लेकिन अंतरराष्ट्रीय संबंध केवल लेन-देन नहीं होते। परिणामस्वरूप अमेरिका अपनी सॉफ्ट पावर खो रहा है और ट्रम्प अपने 'अपनों' से दूर होते जा रहे हैं। पूरी दुनिया दृष्टि से यह चिंताजनक है। लोकतंत्र में नेता को सत्ता की बजाय जनता की सेवा करनी चाहिए। ट्रम्प का अहंकार उन्हें याद नहीं दिला रहा कि सत्ता अस्थायी है, लेकिन विश्वास स्थायी। जब नेता अपने समर्थकों की आवाज अनसुनी करने लगते हैं, तो इतिहास उन्हें अकेला छोड़ देता है। रिचर्ड निक्सन से लेकर कई उदाहरण हैं जहां सत्ता का नशा 'अपनों' को दूर कर गया। ट्रम्प को अभी भी समय है। यदि वे अपने मूल वादों-सीमा सुरक्षा, आर्थिक सुधार और अनावश्यक युद्धों से बचाव–की ओर लौटें तो आधार फिर जुड़ सकता है। लेकिन यदि 'मैं सही हूं, बाकी सब गलत' वाली मानसिकता जारी रही, तो 2026 के मिडटर्म और आगे की राह कठिन होगी। किसी भी देश में राजनीति व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक होती है। राष्ट्रपति ट्रम्प यदि अपने 'अपनों' को फिर से जोड़ना चाहते हैं तो उन्हें अहंकार त्यागना होगा। अन्यथा इतिहास उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में याद रखेगा जो सत्ता के शिखर पर पहुंचकर भी अपने लोगों से दूर हो गया। अमेरिका और विश्व दोनों के लिए यह सबक है, कि सत्ता जनता की होती है, नेता केवल उसका अस्थायी संरक्षक।

### प्रगति के लिए !



कृष्णेन्द्र राय

सुकून की जरूरत है जैसे ।
प्रगति के लिए ।।
ट्रंप से छुटकारा चाहिए ।
शांति के लिए ।।
वक्त के हाथों में ।
सबकी तकदीरें हैं ।।
बयान ना सच्चा है ।
झूठी तस्वीरें हैं ।।
जहां ट्रंप है, वहा दर्द है ।
विश्व के लिए बना ये ।
सरदर्द है ।।
कोई ना जाने मगर ।
ट्रंप की यही नीति है...
मंजिलें ना हासिल हैं ।
थोड़ी अभी दूरी है ।।
बिन मिले तेल के ।
कहानी अधूरी है ।।
मिलेगा जरूर ।
पथ पर अग्रसर ।।
तनहा कटेगा ना ।
तेल बिन सफर ।।
मेरा सपना तेल है ।
तेल पर ही नजर...

### सूडोकु नवताल- 7826

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7825 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम



तनवीर जाफरी

**तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मंत्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी।**

2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों, 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है। अब खबरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल कायम किया था, संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहाँ अनेक राजनैतिक कारण, चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीं इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ? तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था । उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि राज ठाकरे,बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे। चूंकि राज,बाल ठाकरे के सबसे





करीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुकसान पहुँचाया।

इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे,की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमजोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 - 17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे। बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान' शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमजोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का गलत सन्देश गया।

इसी तरह एनटी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल कवायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाकिफ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं। परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते। जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आखिर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं।

रहा सवाल नेहरू गाँधी परिवार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का तो यह महज एक प्रोपेगंडा मात्र है। कांग्रेस की नेहरू गाँधी परिवार को नहीं बल्कि कांग्रेस को नेहरू गाँधी परिवार की जरुरत है। देश के लोग जानते हैं कि इस परिवार ने आजादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के लिये कितनी कुर्बानियां दी हैं और देश के विकास में क्या योगदान रहा है। लोकतंत्र की वर्तमान दयनीय होती स्थिति में भी क्षेत्रीय दलों की खामोशी के बावजूद कांग्रेस पार्टी जिसतरह संघर्षरत है उसमें भी नेहरू गाँधी परिवार के सदस्यों की ही अहम भूमिका है। दूसरी ओर परिवारवाद के चलते या विरासत की जंग में अनेक क्षेत्रीय दलों का पतन होता जा रहा है। क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में अब तृणमूल कांग्रेस का नाम भी शामिल हो गया है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## इज्जत की जिंदगी से मोहताज होते बुजुर्ग



बाल मुकुन्द ओझा

देश और दुनिया में हर साल 15 जून, विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य बुजुर्ग के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करना और इसे रोकने के प्रयास करना।

बुजुर्गों के साथ होने वाले दुर्व्यव्हार और अन्याय पर रोकथाम के लिए यह दिवस मनाने का निर्णय किया गया था। हमारे देश में बुजुर्गों को अपने ही घर में प्रताड़ित होने के समाचार निश्चय ही दिल दहलाने वाले है। आश्चर्य की बात तो यह है इन्हें प्रताड़ित करने वाले कोई दूसरे नहीं अपने ही है। इनमें लाखों बुजुर्गों ने अदालतों में अपने ही लोगों के खिलाफ न्याय की गुहार की है। ये बुजुर्ग अपनी बची खुची जिंदगी बिना - विघ्न बाधा परिवारजनों के साथ काटना चाहते है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक दुनिया में हर 6 में से 1 बुजुर्ग के साथ दुर्व्यवहार होता है, जो सभ्य



समाज के लिए शर्मनाक है। समाज के दो तिहाई से अधिक बुजुर्गों का कहना है कि वे घर में बच्चों समेत परिवार के सदस्यों के हाथों उत्पीड़न, अपमान और दुर्व्यवहार का सामना करते हैं। एक गैर सरकारी संगठन ने 5 हजार बुजुर्गों पर किए गए सर्वेक्षण के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है। रिपोर्ट के अनुसार जिन बुजुर्गों से बातचीत की गयी, उनमें दो तिहाई से अधिक ने कहा कि घर में परिवार के लोग, बच्चे , रिश्तेदार या अन्य उन्हें झिड़कते हैं, उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं या उनका अपमान करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार ज्यादातर बुजुर्गों (करीब 77 प्रतिशत) का कहना है कि उन्हें अपने मानवाधिकारों की जानकारी नहीं है तथा उनसे जब बुरा बर्ताव किया जाने लगता है तो वे उसका विरोध नहीं करते हैं और ऐसे में यह एक पैटर्न (चलन) बन जाता है।

सीनियर सिटीजन एक्ट 2007 बुजुर्गों को दो विशेष अधिकार देता है। पहला-अगर संतान गुजर-बसर के लिए खर्च नहीं देते हैं तो बुजुर्ग कानूनन उनसे प्रतिमाह भत्ता लेने के लिए कोर्ट जा सकते हैं। दूसरा-बच्चे बुजुर्गों को घर से नहीं निकाल सकते हैं। जबकि बुजुर्गों को यह अधिकार है कि वे परेशान करने पर बालिग संतान को घर छोड़ने के लिए बाध्य कर सकते हैं। इसके लिए बुजुर्ग को एसडीएम से शिकायत करनी होगी या कोर्ट जाना होगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में साल 2021 में बुजुर्गों की संख्या 13.8 करोड़ पर पहुंच गयी है। इनमें 6.7 करोड़ पुरुष और 7.1 करोड़ महिलाएं शामिल हैं। बुजुर्गों की आबादी बढ़ने की वजह मृत्यु दर में कमी आना बताई गई है। इस अध्ययन में 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र वाले लोगों को बुजुर्ग माना गया है।

सांख्यिकी अध्ययन में कहा गया है कि 2011 में भारत में बुजुर्गों की आबादी 10.38 करोड़ थी, जिसमें 5.28 करोड़ पुरुष और 5.11 करोड़ महिलाएं शामिल थीं। वही साल 2031 में बुजुर्गों की संख्या 19.38 करोड़ पर पहुंचने का अनुमान है। बुजुर्गों की बढ़ती आबादी के मधे नजर यह देखना भी जरुरी है की बुजुर्ग आज किस स्थिति में अपना जीवन यापन कर रहे है। बुजुर्ग देश और समाज के लिए एक समस्या है या गौरव है। बुजुर्गों की बढ़ती संख्या देखकर खुशी होती है की व्यक्ति की औसत आयु में वृद्धि हो रही है मगर बुजुर्गों की उपेक्षा को देखकर दुःख भी होता है। हर एक को याद रखना चाहिए की बुढ़ापा एक दिन सब को आएगा। जिस दिन यह सच्चाई हम स्वीकार कर लेंगे उस दिन समाज बुजुर्गों की इज्जत और सम्मान करना सीख लेंगा।

विश्व में बुजुर्गों की संख्या लगभग 60 करोड़ है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में प्रत्येक पांच में से एक बुजुर्ग अकेले या अपनी पत्नी के साथ जीवन व्यतीत कर रहा है। यानी वह परिवार नामक संस्था से अलग रहने को विवश है। ऐसे बुजुर्गों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। अशिक्षित बुजुर्गों की हालत और भी ज्यादा दयनीय है। अधिकतर बुजुर्ग डिप्रेशन, आर्थराइटिस, डायबिटीज एवं आंख संबंधी बीमारियों से ग्रस्त हैं और महीने में औसतन 15 दिन बीमार रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन वरिष्ठ नागरिकों को होती है, जिनके पास आय का कोई स्त्रोत नहीं है। हेल्पेज इंडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट बताती है कि देश के लगभग 10 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों में से पांच करोड़ से भी ज्यादा बुजुर्ग आए दिन भूखे पेट सोते हैं। देश की कुल आबादी का आठ फीसदी हिस्सा अपने जीवन की अंतिम वेला में सिर्फ भूख नहीं, बल्कि कई तरह की समस्याओं का शिकार है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## विदेशी धरती पर भारतीयों की हत्या : सिर्फ विरोध नहीं, निर्णायक कार्रवाई की जरूरत



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ब्रिटेन के लंदन स्थित साउथॉल क्षेत्र में 26 वर्षीय भारतीय मूल के युवक गुरभेज सिंह की चाकू मारकर हत्या ने एक बार फिर विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। इस हमले के बाद ब्रिटिश पुलिस ने जांच शुरू कर दी है, कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया, लेकिन अधिकांश को बाद में छोड़ दिया गया। यह स्थिति वास्वत में उस बढ़ती चिंता का हिस्सा है जिसमें विदेशों में भारतीय मूल के लोगों पर नस्लीय, सांप्रदायिक और हिंसक हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

पिछले कुछ वर्षों में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और अन्य देशों में भारतीयों के खिलाफ हिंसा और नस्लीय हमलों के अनेक मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जिसमें पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया या फिर आरोपी आसानी से कानून के शिकंजे से बाहर निकल गए। इससे विदेशों में बसे भारतीय समुदाय के भीतर असुरक्षा की भावना और अधिक गहरी हुई है। भारतीय संसद में प्रस्तुत आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2018 से 2025 के बीच केवल कनाडा में 17 भारतीय छात्रों की हिंसक घटनाओं में मृत्यु हुई। संयुक्त राज्य अमेरिका में ऐसे नौ मामले दर्ज हुए। इसके अतिरिक्त ऑस्ट्रेलिया, किर्गिस्तान, ब्रिटेन, जर्मनी, चीन, डेनमार्क और ग्रेनाडा जैसे देशों में भी भारतीय नागरिक हिंसा का शिकार बने। वर्ष 2014 से 2025 के बीच विदेशों में भारतीयों पर नस्लीय हमलों के कुल 90 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 40 मामले कनाडा से सामने आए। अमेरिका और जर्मनी भी इस सूची में प्रमुख स्थान रखते हैं। यदि व्यापक दृष्टि से देखा जाए तो स्थिति और भी गंभीर प्रतीत होती है। वर्ष 2021 से 2023 के बीच विदेशों में 28 हजार से अधिक भारतीयों की मृत्यु हुई, जिनमें 136 मौतें सीधे हिंसक घटनाओं से जुड़ी थीं। वर्ष 2023 में भारतीयों पर 86 हमले दर्ज किए गए, जबकि 2022 में यह संख्या 57 और 2021 में 29 थी। वर्ष 2025 के मध्य तक यह आंकड़ा 100 के पार पहुंच चुका था। यह वृद्धि देखा जाए तो एक ऐसे संकट का संकेत है जो भारतीय समुदाय की वैश्विक सुरक्षा से जुड़ा हुआ है। विदेशों में भारतीयों के साथ आज सिर्फ हिंसा ही नहीं हो रही, बल्कि श्रमिक शोषण की घटनाएं भी भयावह स्तर पर पहुंच चुकी हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2021 से 2025 के बीच भारतीय दूतावासों और मिशनों को शोषण, दुर्व्यवहार और रोजगार संबंधी 80,985 शिकायतें प्राप्त हुईं। संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान और सऊदी अरब से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इन शिकायतों में वेतन न मिलना, पासपोर्ट जब्त कर लेना, अत्यधिक काम करवाना, ओवरटाइम का भुगतान न करना, छुट्टियां न देना, कंपनियों का अचानक बंद हो जाना और श्रमिकों को स्वदेश लौटने के लिए आवश्यक अनुमति तक न देना जैसी गंभीर समस्याएं शामिल हैं। ब्रिटेन में ही कुछ समय पहले दो बुजुर्ग सिख टैक्सी चालकों सतनाम सिंह और जसबीर सांघा पर नस्लीय हमला हुआ था। हमलावरों ने उन्हें गालियां दीं, जमीन पर गिराया और मारपीट की। सतनाम सिंह की पगड़ी तक उतार दी गई, जिसे उन्होंने अपनी अस्मिता पर गहरा आघात बताया। इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया के जिलॉन्ग शहर में हरमनप्रीत सिंह को नस्लीय टिप्पणी का सामना करना पड़ा और बाद में उन पर शारीरिक हमला किया गया, जिससे उनकी नाक की हड्डी टूट गई। अमेरिका में भी भारतीयों के खिलाफ हिंसा के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हैदराबाद के युवा छात्र अंशुल कुंचा की हत्या इसका एक दर्दनाक उदाहरण है। पढ़ाई का खर्च उठाने के लिए पिज्जा डिलीवरी का कार्य कर रहे अंशुल को कथित रूप से एक सुनियोजित साजिश के तहत सुनसान स्थान पर बुलाया गया और सिर में गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। उनके परिवार का आरोप है कि यह सामान्य अपराध नहीं, बल्कि पूर्व नियोजित हमला था। इन घटनाओं के बीच ओमान तट और होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में हुए सैन्य तनाव में तीन भारतीय नाविकों की मृत्यु ने भी भारत की चिंता बढ़ा दी है। चाहे कारण अलग-अलग हों, लेकिन हर घटना में जान गंवाने वाला भारतीय नागरिक ही है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि विश्व के विभिन्न देशों में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर भारत की कूटनीतिक रणनीति कितनी प्रभावी है और उसे और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

भारत आज विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। उसके नागरिक शिक्षा, व्यापार, तकनीक, चिकित्सा और श्रम के क्षेत्र में दुनिया के लगभग हर हिस्से में अपनी प्रतिभा का योगदान दे रहे हैं। विदेशों में रहने वाले करोड़ों भारतीय भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक और वैश्विक शक्ति के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा राष्ट्रीय सम्मान और प्रतिष्ठा का भी प्रश्न है। हालांकि यह सच है कि भारत सरकार और विदेश मंत्रालय समय-समय पर इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हैं, संबंधित देशों से संवाद करते हैं और पीड़ित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराते हैं, किंतु अब परिस्थितियां औपचारिक विरोध या संवेदना प्रकट करने से आगे बढ़ चुकी हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भारत उन देशों के साथ उच्चस्तरीय और परिणामोन्मुख वार्ता करे, जहां भारतीयों पर हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे मामलों की त्वरित जांच, दोषियों को कठोर दंड और पीड़ित परिवारों को न्याय सुनिश्चित करने के लिए ठोस तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। भारत को अपने सभी प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण एजेंडा बनाना होगा। भारतीय दूतावासों को और अधिक सक्रिय, सशक्त तथा जवाबदेह बनाया जाना चाहिए ताकि संकट की स्थिति में भारतीय नागरिकों को तुरंत सहायता मिल सके। साथ ही, नस्लीय घृणा और भारतीयों के विरुद्ध हिंसा के मामलों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता है।

आज करोड़ों भारतीयों की अपेक्षा केंद्र की मोदी सरकार से यही है कि वह विदेशों में रह रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। जिन देशों में भारतीय लगातार हमलों का शिकार हो रहे हैं, वहां चिंता व्यक्त करने के बजाय ठोस कूटनीतिक दबाव बनाया जाए। दोषियों को दंडित कराने, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाया जाए, क्योंकि किसी भी राष्ट्र की शक्ति दुनिया के किसी भी कोने में रह रहे उसके नागरिकों की सुरक्षा और सम्मान से भी मापी जाती है।

जैसा कि सभी के सामने है-ओमान के तट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव के बीच हुए मिसाइल हमलों में 3 भारतीय नाविकों की मौत अमेरिकी बलों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर की गई कार्रवाई के दौरान हुई।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**- कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी।

**वृष**- मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी।

**मिथुन**- स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**कर्क**- पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा।

**सिंह**- कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**कन्या**- पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला**- शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**- जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु**- मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर**- समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुम्भ**- हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन**- व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# जनता दर्शनः सीएम ने फरियादियों से की मुलाकात,न्याय का दिया भरोसा

**मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ पूजा के साथ दिन की शुरुआत की पूजा अर्चन के बाद गौशाला गए, फिर एक-एक गायों को गुड़ खिलाया**



**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दूसरे दिन गोरक्षनाथ मंदिर पहुंचे. योगी ने फरियादियों से मुलाकात की. सीएम ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, गरीब और बेसहारा लोगों को उचित न्याय मिले. मुख्यमंत्री ने हिंदू सेवा आश्रम में एक-एक फरियादियों से मुलाकात कर आवश्यक निर्देश दिए. जनता दर्शन में आए हुए लोगों ने मुख्यमंत्री से अपने मन की बात और व्यथा बताई, तो मुख्यमंत्री ने अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने गुरु गोरखनाथ पूजा के साथ दिन की शुरूआत की. पूजा अर्चन के बाद गौशाला गए फिर एक-एक गायों को गुड़ खिलाया और उन्हें दुलारा. योगी जब भी गोरखपुर आते हैं तो गौ सेवा जरूर करते हैं जिसकी झलक आज भी देखी गई.जनता दर्शन में करीब 200 फरियादी अपनी समस्या लेकर पहुंचे थे, जिसमें सबसे ज्यादा जमीन से जुड़े मामले को लेकर फरियादी पहुंचे. मुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों के समस्या के निदान का भरोसा भी दिया. मुख्यमंत्री के गोरखपुर आगमन की सूचना पाकर फरियादी रविवार दोपहर बाद ही गोरखनाथ मंदिर में जुट गए थे,

जिन्हें आज कुर्सी पर बैठकर मुख्यमंत्री ने एक-एक फरियादियों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना और आवश्यक करवाई करने का निर्देश जारी किया. गोरखपुर, संत कबीर नगर, महाराजगंज, कुशीनगर, सहित विभिन्न जिलों से फरियादी जनता दर्शन में पहुंचे थे. कई फरियादियों ने अपने परिवार में बीमारी से ग्रसित के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई, तो मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से आयुष्मान कार्ड और एस्टीमेट बनाकर शीघ्र सहायता राशि सभी को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया और कहां की इलाज में कोई कमी नहीं आनी चाहिए, ।

पैसे का इंतजाम हो जाएगा. ये सुनकर फरियादी भावुक हो गए, फरियादियों के साथ आए हुए मासूम बच्चों को मुख्यमंत्री ने चॉकलेट दिया और साथ ही उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछा.।

# इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी ने नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

- जुलूस मार्गों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की उठाई मांग
- मोहर्रम की तैयारियों को लेकर नगर निगम प्रशासन हुआ सक्रिय
- नगर आयुक्त अजय जैन ने तत्काल अधिकारियों को दिए निर्देश
- शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण मोहर्रम आयोजन पर हुई चर्चा

**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के संरक्षक खैरूल बशर के सम्प्रेषण में इमामचौक मुतवल्ली एक्शन कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कल 13 जून को नगर आयुक्त अजय जैन से मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कमेटी अध्यक्ष अब्दुल्लाह ने किया। प्रतिनिधिमंडल में कन्वीनर हाजी कलीम अहमद फरजंद, कोषाध्यक्ष शकील अहमद अंसारी, महासचिव एवं पूर्व पार्षद नबीउल्लाह अंसारी तथा शिया फेडरेशन के संरक्षक एडवोकेट एजाज रिजवी शामिल रहे। उन्होंने नगर आयुक्त का ध्यान मोहर्रम जुलूस मार्गों की बदहाल स्थिति, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, पेड़ों की बढ़ी हुई टहनियों की छंटाई, मार्गों पर लगे क्रॉस बैनरों को हटाने तथा नालियों की सफाई एवं मरम्मत जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की ओर आकर्षित कराया। नगर आयुक्त अजय जैन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को तलब किया और सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि मोहर्रम से पूर्व जुलूस मार्गों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएंगी। इस अवसर पर कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि मोहर्रम के दौरान ताजिया एवं अन्य जुलूसों का संचालन निर्धारित मार्गों पर शांतिपूर्ण ढंग से किया जाएगा।

# गोल्फ क्लब परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** पूर्वोत्तर रेलवे गोल्फ क्लब के तत्त्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के मुख्य अतिथ्य में 13 जून, 2026 को गोल्फ क्लब परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा पूर्वोत्तर रेलवे महिला संगठन (नरवो), गोरखपुर की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा बोरवणकर ने डिजनी वर्ल्ड स्कूल परिसर में ह्यएक पेड़ माँ के नाम के अन्तर्गत पौधारोपण किया। इस अवसर पर गोल्फ क्लब परिसर में कुल 100 पौधे लगाये गये, जिसमें महाप्रबन्धक श्री बोरवणकर ने 51 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस दौरान प्रमुख विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ रेल अधिकारियों ने भी पौधारोपण कर प्रकृति के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के निर्वहन का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाप्रबन्धक ने कहा कि वृक्ष न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने का माध्यम भी हैं। ह्यएक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों तथा महिला संगठन (नरवो) की सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सभी ने पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति संरक्षण में योगदान दिया। रेलवे गोल्फ क्लब में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों जैसे-मीठी नीम, अशोक, पाकड़, अमरूद, जामुन आदि के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और हरित भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।

इसके अतिरिक्त डिजनी वर्ल्ड स्कूल में पूर्वोत्तर रेलवे महिला संगठन (नरवो), गोरखपुर की अध्यक्ष श्रीमती मनीषा बोरवणकर ने ह्यएक पेड़ माँ के नामह्य के अन्तर्गत औषधीय पौधे का रोपण किया। इस अवसर महिला संगठन (नरवो) की सदस्याएं श्रीमती लीना पाण्डेय, श्रीमती पल्लवी सिंहल, श्रीमती छवि गुप्ता, श्रीमती गुड्डी जायसवाल तथा अन्य सदस्याओं ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर डिजनी वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर मनोहारी नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

# कैंसर पीड़ित पत्रकार को कल्याण कोष से सहायता की स्वीकृति



**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब की पत्रकार कल्याण कोष की संचालन समिति की बैठक, रविवार को संस्थापक अध्यक्ष एसपी त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संस्थापक सदस्य हर्षवर्धन शाही, वीरेंद्र मिश्र दीपक और श्रीकृष्ण त्रिपाठी उपस्थित रहे। बैठक में जनसंदेश के पत्रकार व गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के आजीवन सदस्य के कैंसर से पीड़ित होने का मामला रखा गया। प्रेस क्लब द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद समिति ने मानवीय आधार पर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। बैठक में संस्था के सभी सदस्यों से संस्था के बायलॉज के अनुसार जुलाई 2026 के अंततक अपना वार्षिक अंशदान ?500.00 कल्याण कोष में जमा करने की अपील की गई । कल्याण कोष की स्थिति अच्छी न होने के कारण सदस्यों से स्वेच्छा से कुछ अतिरिक्त सहयोग करने की भी अपील की गई ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी भी पीड़ित पत्रकार साथी की समय पर समुचित आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. विकेश राम त्रिपाठी व अधिवक्ता श्वेता शुक्ला को मॉरीशस में सम्मान

**पिपरौली, 14 जून (तरुणमित्र)।** ब्लॉक के नंदापार गांव के लिए गौरव का पल। गांव के मूल निवासी डॉ. विकेश राम त्रिपाठी और उनकी पत्नी अधिवक्ता श्वेता शुक्ला को 'इंडिया-मॉरीशस सनातन कल्चर काउंसिल' द्वारा मॉरीशस में आयोजित होने वाले दूसरे 'इंटरनेशनल इंडिया-मॉरीशस सनातन कल्चरल कॉन्फ्रेंस' में विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्मेलन मॉरीशस में 17 से 22 जून 2026 तक आयोजित होगा। डॉ. विकेश राम त्रिपाठी वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी पत्नी श्वेता शुक्ला इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में अधिवक्ता हैं और सनातन संस्कृति व विधि पर लेखन-व्याख्यान के लिए जानी जाती हैं।आयोजकों ने दोनों को सनातन संस्कृति, भारतीय विधि परंपरा और वैश्विक परिदृश्य में भारत-मॉरीशस सांस्कृतिक संबंधों पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया है।इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों अरुण सिंह, राजीव सिंह, बृजेश राम त्रिपाठी, झिनकान जायसवाल, ओमप्रकाश पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दंपती को बधाई दी है। ग्रामीणों ने कहा कि नंदापार गांव के बेटा-बहू का अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश और क्षेत्र का नाम रोशन करना हम सभी के लिए गर्व की बात है।

### अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी रेलवे भर्ती बोर्ड (आर.आर.बी.) एन.टी.पी.सी. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05149/05150 वाराणसी सिटी-गोरखपुर-वाराणसी सिटी अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचलन किया जायेगा। 05149 वाराणसी सिटी-गोरखपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 21 जून, 2026 तक वाराणसी सिटी से 19.30 बजे प्रस्थान कर सारनाथ से 19.43 बजे, औड़िहार से 20.10 बजे, सादात से 20.31 बजे, जखनियां से 20.45 बजे, दुल्लहपुर से 20.59 बजे, मऊ से 21.25 बजे, बेलथरा रोड से 21.58 बजे, लार रोड से 22.14 बजे, सलेमपुर से 22.49 बजे, भटनी से 23.15 बजे, देवरिया सदर से 23.55 बजे, दूसरे दिन गौरीबाजार से 00.13 बजे तथा चौरी-चौरा से 00.28 बजे छूटकर गोरखपुर 02.15 बजे पहुँचेगी। 05150 गोरखपुर-वाराणसी सिटी अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 21 जून, 2026 तक गोरखपुर से 03.15 बजे प्रस्थान कर चौरी-चौरा से 03.57 बजे, गौरीबाजार से 04.14 बजे, देवरिया सदर से 04.35 बजे, भटनी से 04.58 बजे, सलेमपुर से 05.14 बजे, लार रोड से 05.27 बजे, बेलथरा रोड से 05.43 बजे, मऊ से 06.25 बजे, दुल्लहपुर से 06.49 बजे, जखनियां से 07.02 बजे, सादात से 07.34 बजे, औड़िहार से 08.20 बजे तथा सारनाथ से 09.02 बजे छूटकर वाराणसी सिटी 09.15 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 15 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे। ये सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

### रेलवे का लाखों रुपए का चोरी का सामान पकड़ा गया

**पिपराइच , 14 जून (तरुणमित्र)।** रेल लाइन दोहरी करण में उपयोगी करीब सात लाख रुपए का लोहे का सामान को आरपीएफ जवान ने रेल फाटक संख्या 6 सी के निकट से आटो रिक्शा सहित पकड़ लिया। मुख्य आरोपी फरार हो गया। पुलिस संदेह के आधार पर एक आदमी को पकड़ कर पूछताछ कर रही है।जानकारी अनुसार आरपीएफ आरक्षी मनोज कुमार शनिवार सुबह समपार फाटक पर जाम हटवा रहा था। इसी दौरान एक एक आटो रिक्शा पर रेलवे का लोहा जाते दिखाई दिया। पुलिस ने आटो रिक्शा चालक रंजीत सहित पिपराइच रेलवे स्टेशन पर ले गया। आटो चालक पुलिस को चकमा देकर हुए एक अन्य आदमी दुर्गा प्रसाद को गवाही देने के लिए पुलिस के पास लाया। स्वयं चकमा देकर फरार हो गया।रेल पटरी निरीक्षक बायी बाबू व पुलिस के अनुसार आटो रिक्शा पर स्पेशल बैरिंग प्लेट ,जगल फिस प्लेट ,60 किलो रेल टूकडा,नट बोल्ट, 60 किलो फिस प्लेट, बरामद किया गया है। जिसकी अनुमानित लागत करीब सात लाख रुपए से अधिक है। वाहन सहित आरोपी कप्तान गंज थाने पर ले जाया गया है। पुलिस मुख्य आरोपी सहित अन्य आरोपियों के तलाश में जुटी हुई है।

# चित्रकला कार्यशाला का समापन व चित्र प्रदर्शनी का आयोजन

**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश तथा ललित कला एवं संगीत विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आज 20 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का समापन एवं चित्र प्रदर्शनी का आयोजन ललित कला एवं संगीत विभाग में किया गया । कार्यशाला दो वर्गों 10 से 17 वर्ष तथा 18 वर्ष से ऊपर के लिए आयोजित थी । कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण (ऊह) प्रोफेसर अनुभूति दुबे द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ।

कार्यक्रम के आरंभ में कार्यशाला के संयोजक डॉ प्रदीप साहनी तथा सह संयोजक डॉ गौरी शंकर चौहान द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया ।उसके पश्चात अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। जूनियर और सीनियर वर्ग के 80 प्रतिभागियों द्वारा 20 दिन में सीखे गए चित्रकला के विविध आयामों जैसे लैंडस्केप, मिनिएचर पेंटिंग, लोक कला, पोर्ट्रेट पेंटिंग और मॉडर्न आर्ट जैसी चित्रकारी को अतिथियों के साथ- साथ दर्शकों और कला प्रेमियों ने भी खूब सराहा। प्रतिभागियों की मार्मिक पेंटिंग को देख भावविभोर होते हुए मुख्य अतिथि प्रोफेसर अनुभूति दुबे ने कहा कि इस चित्रकला कार्यशाला के प्रदर्शनी में कम उम्र के कलाकारों में बड़े स्तर की प्रतिभा देखने को मिली, उनकी कृतियों में मौलिकता, भावपूर्तता तथा तथा रंगों की सुंदरता ने बेहद आकर्षित किया। इस कार्यशाला की संरक्षिका एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन तथा ललित कला एवं संगीत विभाग की अध्यक्ष एवं तरंग प्रकोष्ठ की निदेशिका प्रोफेसर उषा सिंह ने अपने शुभकामना संदेश में इस सफल कार्यशाला एवं प्रदर्शनी हेतु समस्त प्रतिभागियों तथा आयोजक मंडल को बधाई दिया ।

# युवाओं ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- अजीज अहमद के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने लगाए छायादार और फलदार पौधे

**पिपरौली,गोरखपुर , 14 जून (तरुणमित्र)।** पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ शनिवार को पिपरौली ईदगाह परिसर में दर्जनों युवाओं ने पौधरोपण किया। अभियान की अगुवाई युवा समाजसेवी अजीज अहमद ने की।युवाओं ने ईदगाह परिसर और आसपास के क्षेत्र में नीम, पीपल, बरगद, आम और अमरूद के छायादार व फलदार पौधे लगाए। पौधरोपण के बाद सभी ने इन पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर अजीज अहमद ने कहा कि बढ़ते तापमान और प्रदूषण से बचने के लिए पौधे लगाना समय की मांग है। एक-एक पेड़ लगाने से ही धरती हरी-भरी होगी और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा मिलेगी। उन्होंने अन्य युवाओं से भी अपने जन्मदिन, शादी-विवाह जैसे अवसरों पर पौधे लगाने की अपील की। पौधरोपण अभियान में शामिल युवाओं ने लोगों से प्लास्टिक का कम उपयोग करने और पानी बचाने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# बी.फार्मा में सत्र 2026-27 से लागू होगा एनईपी-2020 आधारित नया पीसीआई पाठ्यक्रम

**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय (डीडीयूजीयू) के फामेर्सी संस्थान में कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन के मार्गदर्शन में सत्र 2026,27 से बैचलर ऑफ फामेर्सी (बी.फार्मा) के विद्यार्थियों के लिए फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया (ढउक) द्वारा निर्धारित नया पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ-2020) के सिद्धांतों पर आधारित है क इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुआयामी, नवाचारोन्मुख एवं रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करना है। नया पीसीआई पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा और उन्हें स्वास्थ्य क्षेत्र में नई संभावनाओं से जोड़ने का कार्य करेगा। वहीं, फामेर्सी संस्थान के निदेशक प्रो. अमित कुमार निगम ने कहा कि यह पाठ्यक्रम पारंपरिक फामेर्सी शिक्षा और आधुनिक तकनीकी कौशल का प्रभावी समन्वय प्रस्तुत करता है। एआई, मशीन लर्निंग, डेटा विश्लेषण और डिजिटल स्वास्थ्य जैसे विषयों का समावेश विद्यार्थियों की व्यावसायिक दक्षता और रोजगार क्षमता को नई दिशा प्रदान करेगा।

# गाड़ियों के मार्ग विस्तार व ठहराव समय में संशोधन

**गोरखपुर , 14 जून (तरुणमित्र)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु 15 जून, 2026 से गाड़ियों का मार्ग विस्तार एवं ठहराव समय में संशोधन निम्नवत किया गया है। 26504/26503 गोमती नगर-सहारनपुर-गोमती नगर एक्सप्रेस का मार्ग विस्तार 15 जून, 2026 से ऐशबाग तक किया गया है। यह गाड़ी ऐशबाग से/तक संचालित होगी।

55055 छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी का मार्ग विस्तार 15 जून, 2026 से नकहा जंगल तक किया गया है। यह गाड़ी छपरा जं. से पूर्व निर्धारित समायानुसार प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों रूकते हुए गोरखपुर से 21.55 बजे छूटकर नकहा जंगल स्टेशन 22.10 बजे पहुँचेगी। 55061 नकहा जंगल-डालीगंज सवारी गाड़ी का मार्ग विस्तार 15 जून, 2026 से ऐशबाग तक किया गया है। फलस्वरूप 55061 नकहा जंगल-ऐशबाग सवारी गाड़ी नकहा जंगल से 23.20 बजे प्रस्थान कर निर्धारित स्टेशनों पर रूकते हुए डालीगंज से 09.12 बजे तथा लखनऊ सिटी से 09.20 बजे छूटकर ऐशबाग 09.55 बजे पहुँचेगी तथा 55062 डालीगंज-नकहा जंगल सवारी गाड़ी का मार्ग विस्तार ऐशबाग-गोरखपुर तक के लिए किया गया है।

यह गाड़ी ऐशबाग से 17.00 बजे प्रस्थान कर लखनऊ सिटी से 17.11 बजे, डालीगंज से 17.20 बजे छूटकर निर्धारित स्टेशनों पूर्ववत रूकते हुए नकहा जंगल से 04.27 बजे छूटकर गोरखपुर 05.15 बजे पहुँचेगी। मार्ग विस्तार के फलस्वरूप इस गाड़ी के निम्नलिखित स्टेशनों पर दिये गये ठहराव समय में निम्नवत संशोधन किया गया है। 55062 ऐशबाग-गोरखपुर सवारी गाड़ी संशोधित समायानुसार बादशाहनगर से 17.31 बजे, गोमतीनगर से 17.48 बजे, बुढ़वल से 19.10 बजे, चौका घाट से 19.19 बजे, घाघरा घाट से 19.27 बजे, जरवल रोड से 19.36 बजे, सरयू से 19.47 बजे, करनैलगंज से 19.56 बजे, कस्तुरी से 20.03 बजे, मैजापुर से 20.15 बजे, कथोला से 20.24 बजे, गोंडा कचहरी से 20.55 बजे, गोंडा से 21.55 बजे, तुलसीपुर से 23.51 बजे, दूसरे दिन गैंसड़ी से 00.09 बजे, पचपेड़वा से 00.19 बजे, त्रिलोकपुर से 00.28 बजे, बढ़नी से 00.38 बजे तथा मानीराम से 04.15 बजे छूटेगी एवं शेष स्टेशनों पर ठहराव पूर्ववत रहेगा।

# यातायात व पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

**गोरखपुर , 14 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु लखनऊ स्टेशन (उत्तर रेलवे) पर कॉनकोर्स के लॉचिंग कार्य के परिप्रेक्ष्य में यातायात एवं पावर ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। शक्तिनगर से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15075 शक्तिनगर-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। सिंगरौली से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15073 सिंगरौली-टनकपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। -टनकपुर से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15074 टनकपुर-सिंगरौली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। -टनकपुर से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15076 टनकपुर-शक्तिनगर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। -बरौनी से 15, 18 एवं 22 जून, 2026 को चलने वाली 14523 बरौनी-अम्बाला एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। -अम्बाला से 16, 20 एवं 23 जून, 2026 को चलने वाली 14524 अम्बाला-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। -बनारस से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15127 बनारस-नई दिल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी।

-नई दिल्ली से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15128 नई दिल्ली-बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी। -बनारस से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15119 बनारस-देहरादून एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग उतरेटिया-ट्रांसपोर्ट नगर-आलमनगर के रास्ते चलाई जायेगी। -
देहरादून से 14 से 23 जून, 2026 तक चलने वाली 15120 देहरादून-बनारस एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग आलमनगर-ट्रांसपोर्ट नगर-उतरेटिया के रास्ते चलाई जायेगी।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मालवीय नगर मंडल में सांसद रवि किशन ने किया जनसंपर्क

**घर-घर पहुंचकर गिनाई उपलब्धियां**



**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं जनजागरण अभियान के तहत गोरखपुर के मालवीय नगर मंडल वार्ड नंबर 4 में शनिवार को सांसद रवि किशन ने चौपाल लगाकर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर संपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई।

कार्यक्रम के दौरान सांसद ने १एक पेड़ मां के नाम१ अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। जनसंपर्क कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में राजनीति की दिशा और दशा दोनों बदली हैं तथा सरकार ने १सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास१ के मंत्र को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। सांसद ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के मकान मिले हैं, उज्ज्वला योजना ने माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाई है, आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हुई हैं ।

तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। रवि किशन ने कहा कि आज भारत दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक मंचों पर देश का सम्मान लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने युवाओं के लिए नए अवसर पैदा किए हैं। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्तर पर एक्सप्रेस-वे, रेलवे, एयरपोर्ट और अन्य विकास परियोजनाओं का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा व्यवस्था भी पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई है। देश आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहा है तथा सीमाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि आज भारत की आवाज को पूरी दुनिया गंभीरता से सुनती है। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने क्षेत्र के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल चुनाव के समय जनता के बीच नहीं जाती, बल्कि निरंतर जनसेवा और संवाद को प्राथमिकता देती है। घर-घर संपर्क अभियान के दौरान उन्होंने लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की पुस्तिकाएं वितरित कीं और सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। १एक पेड़ मां के नाम१ अभियान के तहत पौधरोपण करते हुए।

# अस्थाई रूप से प्रदान किया गया ठहराव निरस्त

**गोरखपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** रेल प्रशासन द्वारा पश्चिम रेलवे के वडोदरा स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फलस्वरूप गाड़ियों का वडोदरा स्टेशन के स्थान पर छायापुरी स्टेशन पर पूर्व से अस्थाई रूप से प्रदान किया गया ठहराव निरस्त कर दिया गया है। अब इन गाड़ियों का ठहराव वडोदरा स्टेशन पर पूर्ववत बहाल कर दिया गया है। गाड़ियों का ठहराव बहाल-मऊ से 14 जून, 2026 को चलने वाली 09196 मऊ-प्रतापनगर (वडोदरा) विशेष गाड़ी का ठहराव वडोदरा स्टेशन पर पूर्ववत बहाल कर दिया गया है। -लालकुआँ से 15 जून, 2026 को चलने वाली 09120 लालकुआँ-वडोदरा विशेष गाड़ी वडोदरा स्टेशन पर पूर्ववत पहुँचेगी। -गोमती नगर से 15 जून, 2026 को चलने वाली 05033 गोमती नगर-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी का ठहराव वडोदरा स्टेशन पर पूर्ववत बहाल कर दिया गया है। -

# रक्तदान समाज के लिए शक्ति, करुणा व मानवता के प्रति प्रतिबद्धता : प्रीति महेश



**बड़हलगंज,गोरखपुर , 14 जून (तरुणमित्र)।** सामाजिक कार्यों के जरिये अपनी पहचान बनाने वाली संस्था जनसेवा ने बड़हलगंज में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रीति उमर ने मान्या चैरिटेबल ब्लड सेंटर आयोजित इस कैंप का फीता काट कर शुभारम्भ किया।रविवार को बड़हलगंज में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ करते हुये श्रीमती उमर ने कहा कि १रक्तदान महादान१, एक ऐसा कार्य है जो जीवन बचाने और हमारे समाज में स्थायी बदलाव लाने की शक्ति रखता है। जनसेवा संस्था के अध्यक्ष महेश उमर ने कहा कि रक्तदान समाज के लिए शक्ति, करुणा और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाने का सर्वोच्च माध्यम है। कार्यक्रम की शुरूआत अपने रक्तदान से करते हुए जनसेवा के महामंत्री सन्तोष जायसवाल ने कहा कि रक्तदान समाज के प्रति जुनून और उत्साह के साथ सेवा भाव का एक माध्यम है। रक्तदान के लिए युवाओ को आगे आने की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आपका एक यूनिट रक्त, कई जरूरतमंद लोगों के लिए जीवन मंत्र बन सकता है। रक्त दान शिविर कैम्प में सभासद रामदास मद्धेशिया, दीपक शर्मा, प्रियांशु पटवा, प्रकांत उमर, राजा शर्मा आदि ने रक्त दान किया। बल्ड बैंक के संचालक मनोज मद्धेशिया ने रक्तदान शिविर के आयोजन हेतु जनसेवा संस्था का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह के शिविरों का आयोजन जरूरी है, तभी रक्त की आवश्यकता के सापेक्ष रक्त की उपब्धता और जीवन की सुरक्षा संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि रक्तदान के बाद कमजोरी एक भ्रांति है डोनेट किये हुए रक्त की आपूर्ति शरीर अपने आप 24 से 48 घंटे में कर लेता है। शिविर में रक्तदान के माध्यम से 42 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। इस अवसर पर डा रमेश चंद, शिवम सोनी, संजय पटवा, मनोज निगम, उमेश यादव, विकास गौड़, रचित उमर आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार ने देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दी : ओमप्रकाश राजभर

**अंबेडकर नगर, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के सेवा सुशासन विश्वास और जन कल्याण के 12 वर्ष पूरे होने पर जनपद प्रभारी मंत्री/कैबिनेट मंत्री पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग उत्तर प्रदेश सरकार ओमप्रकाश राजभर ने रविवार को न्यू सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता की।



उन्होंने पत्रकारों को बताया कि आज हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों की उस यात्रा की बात कर रहे हैं, जिसने देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दी है। इन 12 वर्षों की सबसे बड़ी ताकत है, जनता का अटूट विश्वास और सरकार का सेवा भाव। वर्ष 2014 में देश ने मोदी पर भरोसा किया, वर्ष 2019 में पहले से भी बड़ा बहुमत देकर उस पर मुहर लगाई, और फिर 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने उन्हें चुनकर साफ कर दिया है कि देश सिर्फ वादे नहीं, बल्कि काम देखता है। इसी जन-विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश के 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है।उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार शपथ लेने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने सबसे पहला काम पीएम किसान सम्मान निधि की फाइल पर हस्ताक्षर करके किया। यह इस बात का सीधा सबूत है कि इस सरकार के लिए गरीब, किसान, युवा और महिलाएं ही सबसे पहले आते हैं। मोदी सरकार ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक जनआंदोलन बना दिया है। सरकार का एक ही लक्ष्य रहा है कि हर योजना का 100% लाभकतार में खड़े आखिरी व्यक्ति तक पहुंचे। इसी का नतीजा है कि बीते सालों में करीब 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं।प्रभारी मंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस की मदद से सीधे बैंक खातों में पैसा भेजकर लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया। इससे न सिर्फ आम आदमी का काम आसान हुआ, बल्कि देश के ?4.31 लाख करोड़ रुपये गलत हाथों में जाने से बच गए।

आज देश की सीमाएं और आंतरिक सुरक्षा पूरी तरह मजबूत हैं। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसी कार्रवाइयों ने साफ कर दिया है कि यह नया भारत है, जो चुप नहीं बैठता बल्कि मुंहतोड़ जवाब देता है। सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति की वजह से देश आज नक्सलवाद से मुक्त हो रहा है और हमारा 'रेड कॉरिडोर' अब 'ग्रीन ग्रोथ जोन' में बदल चुका है। पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में भी अब कटमनी औरभ्रष्टाचार की राजनीति खत्म हो रही है और वहां के लोगों को उनका हक मिल रहा है। संक्षेप में कहें, तो मोदी सरकार के विगत 12 वर्ष सिर्फ आंकड़ों का खेल नहीं हैं, बल्कि एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत के सपने को सच करने का एक शानदार सफर है।प्रभारी मंत्री ने कहा कि अगर गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जनधन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाता खोले जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं ।कोरोना जैसी महामारी के मुश्किल वक्त से लेकर अब तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।इलाज के खर्चे से गरीब को बचाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। इसके अलावा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं ।उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दी गई है।गांव के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुंचाया जा चुका है ।वही स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की एक नई क्रांति लाई गई है।

# सरकार की उपलब्धियों का बखान, जमीनी हकीकत पर उठ रहे सवाल

**बांसी,सिद्धार्थनगर, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बांसी ब्लॉक परिसर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएम शिवशरणप्पा जीएन की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल और क्षेत्रीय विधायक जय प्रताप सिंह ने मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जनता के सामने रखा।



अपने संबोधन में सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास, गरीब कल्याण और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। वहीं विधायक जय प्रताप सिंह ने भी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जमकर सराहना की और क्षेत्र में हुए विकास कार्यों को गिनाया। कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए तमाम विभागों द्वारा प्रदर्शनी और स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना नीलम वर्मा,पूर्ति विभाग हरिश्चंद्र दुबे, पशुपालन विभाग अंकित मिश्र,ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाईः मंजू गुप्ता,स्वास्थ्य विभाग डॉ. राजेश,वन विभाग शिवकुमार गुप्ता,शिक्षा विभाग मुदिता सिंह पंचायती राज विभाग शक्ति सिंह इसके अलावा महिला कल्याण विभाग और कृषि विभाग ने भी स्टाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया। एक तरफ जहां मंच से सरकार के सुशासन और 12 वर्षों की उपलब्धियों का दावा किया जा रहा था, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। स्थानीय स्तर पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं कथित रूप से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती नजर आ रही हैं।बांसी ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली तमाम ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन आज भी अधूरे पड़े हैं, जिन्हें लंबे समय के बाद भी पूर्ण नहीं कराया जा सका। स्वच्छ भारत मिशन के तहत बने तमाम शौचालय या तो अधूरे हैं या फिर उन पर ताला लटका हुआ है, जिससे ग्रामीणों को उनका लाभ नहीं मिल पा रहा है।हैरानी की बात यह है कि इन गंभीर समस्याओं और अधूरे पड़े विकास कार्यों पर क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है, जिससे जनता में व्यवस्था को लेकर अंदरूनी आक्रोश है।

## संक्षिप्त समाचार

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**संत कबीर नगर, 14 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर संदीप कुमार मीना* द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह* के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्वदमन सिंह* के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बखिरा उमाशंकर त्रिपाठी* के नेतृत्व में थाना बखिरा पर वांछित अभियुक्त नाम पता कमलेश पुत्र रामानन्द निवासी शिवापार थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को आज दिनाँक 14.06.2026 को खैरवा मोड़ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया । विदित हो कि दिनाँक 09.06.2026 को वादी अखिलेश यादव पुत्र पराग यादव ग्राम पोस्ट शिवापार थाना बखिरा जनपद कबीर नगर द्वारा थाना बखिरा पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त व विपक्षीगण अपने खेत मे जानवर से सुरक्षा हेतु तार लगाकर उसमे सीधे करंट लगा दिये जिसके स्पर्श मे मेरा लड़का अमन पुत्र अखिलेश उम्र लगभग 10 वर्ष आ गया विद्युत स्पर्श मेरे लड़के की मृत्यु हो गयी है । विपक्षीगण द्वारा एक राय होकर हाथ में लाठी डंडा व ईट लेकर मेरे घर पर चढ़ आए और गाली गुप्ता देते हुए कहा कि तुम्हारा लड़का जो करंट से मरा है, उसके बारे में मेरे परिवार के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करओगे तो जान से मार देंगें । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बखिरा पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया । उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना बखिरा पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घटना में सम्मिलित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है ।

### भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियो संग की पहली बैठक

अंबेडकर नगर । भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में रविवार को नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि,जिला पदाधिकारियों, मोर्च अध्यक्ष और मण्डल प्रवासी गणों की प्रथम सांगठनिक बैठक संपन्न हुई ।नवीन पद धारण करने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने अपने कार्यकाल की प्रथम जिला बैठक को संबोधित करते हुए आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकास, विश्वास और जनकल्याण के 12 वर्ष की सफल कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मोदी जी ने अपने 12 वर्ष की कार्यकाल में देश की तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदल दिया है। 2014 में देश ने मोदी जी पर भरोसा किया, वर्ष 2019 में पहले से बड़ा बहुमत दिया। 2024 में फिर से तीसरी बार लगातार जनता ने मोदी जी को चुनकर साफ कर दिया कि देश सिर्फ वादे नहीं काम देखता है। आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि जिला, मण्डल और बूथ स्तर की बैठकें संगठन की योजनानुसार व्यवस्थित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन (प्रबुद्ध जन)सम्मेलन, प्राकृतिक खेती कार्यशाला, जिला प्रशिक्षण वर्ग, विश्व योग दिवस, जन कल्याण शिविर, मोदी सरकार एवम्‌ प्रदेश सरकार के उपलब्धियों पर प्रदर्शनी आदि कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा किया। बैठक के अंत में टिफिन कार्यक्रम हुआ। समापन पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव और संचालन जिला मंत्री पंकज वर्मा ने किया।

### डीएम ने किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण

**अंबेडकरनगर , 14 जून (तरुणमित्र)** ।जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने 14 जून, 2026 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रारम्भिक) परीक्षा-2025 के सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सघन चेकिंग व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात मजिस्ट्रेटों एवं कार्मिकों को आयोग द्वारा निर्गत दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम से परीक्षा केन्द्रों के विभिन्न कक्षों की सतत निगरानी की तथा परीक्षा कक्षों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा सभी व्यवस्थाओं को सतर्कता एवं उत्तरदायित्व के साथ संचालित किए जाने के निर्देश दिए।

# प्रवक्ता परीक्षा के दौरान डीएम-एसपी ने किया केंद्रों का निरीक्षण

**देवरिया , 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रवक्ता परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज तथा राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम और एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र



व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और अनुशासन के साथ संपन्न कराई जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परीक्षा अवधि के दौरान सतर्क निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध अथवा अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि अभ्यर्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा और व्यवस्थागत तैयारियों का भी परीक्षण किया गया, ताकि परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

## महेन्द्रनाथ मंदिर में चढ़ावे को लेकर पुजारियों में मारपीट, छह गिरफ्तार

**देवरिया, 14 जून (तरुणमित्र)।** जनपद के थाना मदनपुर क्षेत्र के महेन स्थित बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं से पूजा-पाठ कराने और मंदिर में चढ़ावे के बंटवारे को लेकर पुजारियों के दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिससे मंदिर परिसर में कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर थाना मदनपुर में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले में छह आरोपितों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है ।

# डीएम ने परीक्षा संचालन का किया निरीक्षण

**संत कबीर नगर, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट आलोक कुमार द्वारा जनपद में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 को सकुशल, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न करने के दृष्टिगत परीक्षा केंद्र मौलाना आजाद इण्टर कॉलेज खलीलाबाद सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं/सुविधाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद संतकबीरनगर के अन्तर्गत चल रहे विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सी0सी0टी0वी0 कैमरों की कार्यशीलता, बैठने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उक्त परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करानें/शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों/कर्मचारीगण को शासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया एवं परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 दिनांक 14 जून, 2026 (रविवार) को पूर्वान्ह 09:30 बजे से 11:30 बजे तक जनपद में निर्धारित 06 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल, शुचितापूर्ण सम्पन्न हुयी।

## जोगिया उदयपुर पुलिस ने लौटाई खोई खुशियां से बरामद मोबाइल आवेदक को सौंपा

**सिद्धार्थनगर , 14 जून (तरुणमित्र)।** थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने साइबर सेल व सर्विलांस सेल की मदद से गुम हुआ मोबाइल फोन बरामद कर शनिवार को आवेदक को सुपुर्द कर दिया। मोबाइल वापस पाकर आवेदक के चेहरे पर खुशी लौट आई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी बांसी शुभेन्दु सिंह एवं थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर की टीम ने तत्परता दिखाई।आज 14.06.2026 को आवेदक सभाजीत धर द्विवेदी पुत्र स्व0 रामधीरज धर द्विवेदी, निवासी बैदौली कला थाना बांसी ने थाना जोगिया उदयपुर पर मोबाइल गुम होने की सूचना दी थी। सूचना मिलते ही थाना स्थानीय के साइबर सेल व सर्विलांस सेल ने तकनीकी मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की।

पुलिस टीम ने गुम मोबाइल को बरामद कर विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के बाद आवेदक सभाजीत धर द्विवेदी को सुपुर्द कर दिया। अपना खोया मोबाइल पाकर आवेदक ने थाना जोगिया उदयपुर पुलिस एवं सिद्धार्थनगर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की और धन्यवाद दिया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सिद्धार्थनगर पुलिस की प्राथमिकता है। साइबर सेल लगातार गुम मोबाइल बरामद कर लोगों को राहत दे रही है।

# जब स्वयंभू क्षत्रपों पर जमकर बिफरीं ब्लाक प्रमुख

- हाल क्षेत्र पंचायत बिसवां की बैठक का
- कहा बिना सीधी स्वीकृति के न हों प्रमुख से सम्बन्धित कार्य
- बैठक स्थल के इर्दगिर्द बगलें झांकते नजर आये क्षत्रप, बैठक में पहुंचे विधायक ने कहा कि जब प्रमुख मौजूद फिर प्रतिनिधि की प्रासंगिकता निरर्थक
- क्षत्रपों ने क्षेत्र पंचायत के कार्यों में काटी है जम कर मलाई

**सीतापुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** बिसवां ब्लाक में गत दिवस क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ब्लाक प्रमुख शांति यादव उन इलाकाई क्षत्रपों पर जम कर बरसीं जो कि सालों साल से उनकी सीधी, सपाट व सरल कार्यशैली का अनुचित लाभ लेते हुए ब्लाक के करोड़ों रुपए के ठेकों पर कुण्डली मारे बैठे हैं और अनवरत आमजन के हितों की अनदेखी करते आ रहे हैं।

दरअसल श्रीमती यादव समूचे प्रदेश में अपने कद व रसूख के लिए जाने पहचाने जाने वाले पूर्व विधायक स्व.रामपाल यादव की पत्नी हैं। श्रीमती यादव को क्षेत्रवासी उनकी सीधी सपाट व सरल कार्यशैली के लिए पहचानते हैं। पूर्व विधायक श्री यादव के निधन के बाद श्रीमती यादव बिसवां विधानसभा इलाके में खासी सक्रिय हैं व स्वयं क्षेत्र भ्रमण कर ग्रामीण क्षेत्र में अपने तमाम शुभचिंतकों, आमजनों व समर्थकों की कुशल क्षेम ले रही हैं। भ्रमण के दौरान क्षेत्र में उन्हें जो भी समस्याएं नजर आती हैं, वह उनके समाधान को ब्लाक स्तर पर दिशा निर्देश देती हैं।

हैरत की बात है कि उनके इन दिशा निदेर्शों के बाद भी उक्त समस्याओं का निदान नहीं हो पा रहा है जबकि उनके नाम, पद व कद की आंड़ में ब्लाक पर एक्टिव स्वयंभू क्षत्रप लगातार दोनों हाथों से अपनी जेबें भर रहे हैं। ब्लाक पर आयोजित बैठक में प्रमुख श्रीमती यादव इस बात पर जम कर बिफरीं। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मुद्दे व आमजन से सम्बद्ध समस्याएं उनके लिए सर्वोपरि हैं। श्रीमती यादव ने कहा कि उनके पद से सम्बद्ध कार्यों में बिना उनकी सीधी स्वीकृति व सहमति के आगे कुछ हुआ तो इसके लिए ब्लाक स्तरीय अधिकारी जिम्मेदार, जवाबदेह होंगे। बैठक में उन्होंने अत्यन्त रोषपूर्ण शब्दों में कुछ स्वयंभू क्षत्रपों का नाम भी लिया जो कि ब्लाक में ठेके परमिट के कार्यों की खातिर विख्यात हैं। इस दौरान सकपकाये स्वयंभू क्षत्रप बैठक के बाहर ब्लाक प्रमुख श्रीमती यादव के तल्ख तेवरों का ताप सूंघते नजर आये। ब्लाक प्रमुख शांति यादव ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मिलने वाले मानदेय की भी जानकारी ली। इसके बाद वह बैठक से प्रस्थान कर गईं। बैठक में आये क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा ने भी कहा कि जब ब्लाक प्रमुख स्वयं मौजूद हैं।

# रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन पुलिसकर्मियों ने किया उत्साहपूर्वक रक्तदान

**देवरिया , 14 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस लाइन में रविवार को रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में आयोजित इस शिविर का संचालन सावित्री हॉस्पिटल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने रक्तदान को महादान बताते हुए पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वेच्छा से रक्तदान करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सकती है और यह एक



सामाजिक जिम्मेदारी भी है। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श और जानकारी प्रदान की। बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श प्राप्त किया। आयोजन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनंद पाण्डेय सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारी, कर्मचारी तथा सावित्री हॉस्पिटल के चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहे।उधर, जनपदीय पुलिस ने रविवार को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यालयों, थानों, चौकियों और पुलिस लाइन परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया।

पुलिसकर्मियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई की, पेड़-पौधों की देखभाल की तथा अभिलेखों और संसाधनों को व्यवस्थित किया। इस दौरान सभी ने स्वच्छ और सुंदर वातावरण बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

## भव्य सम्मान व दायित्व ग्रहण समारोह का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी,14 जून(तरूणमित्र)।** रविवार को गोला के लक्ष्मी मैरिज लॉन में भारत विकास परिषद,नैमिष प्रान्त की 'छोटी काशी' शाखा द्वारा एक गरिमामय 'सम्मान एवं दायित्व ग्रहण समारोह' आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परिषद के सदस्यों का सम्मान करना और नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्वों से औपचारिक रूप से परिचित कराना था। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्तीय अध्यक्ष (भा.वि.प., नैमिष प्रान्त) रमेश कुमार वर्मा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में रमेश वर्मा ने कहा कि ₹भारत विकास परिषद सेवा और समर्पण का एक ऐसा मंच है।

# मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

**देवरिया, 14 जून (तरुणमित्र)।** महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में रविवार सुबह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एच.के. मिश्र ने स्वास्थ्य सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, विभिन्न वार्डों, एमसीएच विंग, दवा वितरण काउंटर और मरीज पंजीकरण काउंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।डॉ. मिश्र ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर दवा, उपचार और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को रोस्टर के अनुसार समय से ड्यूटी पर उपस्थित रहने तथा पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सभी डॉक्टरों और कर्मचारियों को ड्रेस कोड का अनिवार्य रूप से पालन करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों को समयबद्ध उपचार और सभी अनुमन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों और तीमारदारों के साथ शालीन एवं संवेदनशील व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि किसी भी मरीज को उपचार संबंधी असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

# मोदी ने देश को समृद्ध व सशक्त बनाया : डॉ. रमापति राम

**देवरिया, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष संपर्क अभियान के तहत पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रमापति राम त्रिपाठी ने उमानगर स्थित प्रधानाचार्य मिथिलेश सिंह के आवास पर प्रबुद्धजनों के साथ संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए बिना किसी भेदभाव के कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन योजना तथा आयुष्मान भारत



जैसी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा दोनों मजबूत हुई हैं। सेना द्वारा किए गए अभियानों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का परिचय दुनिया को कराया है। पूर्व सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उनके अनुसार, बीते 12 वर्षों में देश विकास, विश्वास और जनकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ा है तथा भारत पहले की तुलना में अधिक सशक्त और समृद्ध बना है। इस अवसर पर मिथिलेश सिंह, माधव सिंह, दुर्गा कौशिक, गिरिजेश सिंह, अजय कुमार दूबे, अजय शाही, गंगा कुशवाहा, अम्बिकेश पाण्डेय, रामानंद सिंह, गंगा पाण्डेय, सीपी सिंह और दीपक श्रीवास्तव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन

**बाराबंकी, 14 जून (तरुणमित्र)।** शासन की मंशा के अनुरूप सीएचसी सिरौलीगौसपुर के तीनों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जहां पर मरीजों की जांचें करके उनमें दवाओं का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में कस्बा बदोसराय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉक्टर सन्तोष कुमार शुक्ला फार्मासिस्ट राम प्रताप मिश्र वार्ड ब्वाय त्रिभुवन सिंह एल टी शुभम अवस्थी एस एम धीरेन्द्र वर्मा एनएम ज्योति यादव की मौजूदगी में 25 मरीजों की जांच कर के उनमें सर्दी जुकाम बुखार से संबंधित दवाओं का वितरण किया गया। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में डॉ अन्विता पांडे फार्मासिस्ट उमेश कुमार मिश्रा एस एल ए रामतीरथ गौतम वार्ड बॉय राजबहादुर की मौजूदगी में 31 मरीज देख कर के उनमें दवाओं का वितरण हुआ।

# सीमा पर खाद माफिया का नेटवर्क बेनकाब, पकड़े गये सात तस्कर

**कुशीनगर, 14 जून (तरुणमित्र)।** किसानों के लिए सरकार द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराए जाने वाले यूरिया उर्वरक की तस्करी का बड़ा खेल एक बार फिर सीमा पर पकड़ उजागर हुआ है। जिले के तमकुहीराज तहसील प्रशासन की कार्रवाई में बिहार ले जाए जा रहे 14 बोरी यूरिया के साथ सात तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर दो-दो बोरी यूरिया लादकर बिहार की ओर बढ़ रहे थे। मामला उस समय उजागर हुआ जब मुखबिर की सूचना पर उपजिलाधिकारी तमकुहीराज के निर्देश पर कृषि विभाग और प्रशासन की टीम ने सीमा क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान सात लोगों को पकड़ा गया, जिनके पास यारा फर्टिलाइजर्स कंपनी निर्मित कुल 14 बोरी यूरिया बरामद हुई। प्रत्येक बोरी में 45 किलोग्राम उर्वरक था। पूछताछ के दौरान आरोपित यूरिया की खरीद से संबंधित कोई भी बिल, रसीद अथवा वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। सभी आरोपी बिहार के पश्चिमी चंपारण जनपद के निवासी बताए जा रहे हैं ।

और मोटरसाइकिलों के जरिए उर्वरक को सीमा पार ले जाने का प्रयास कर रहे थे।कृषि विभाग की जांच में प्रथम दृष्टया यह मामला अनुदानित यूरिया की अवैध तस्करी का पाया गया। अधिकारियों का कहना है कि सरकार किसानों को रियायती दर पर जो यूरिया उपलब्ध कराती है, उसे सीमा पार कर दूसरे प्रदेशों में अधिक कीमत पर बेचने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं।जिला कृषि अधिकारी कार्यालय की ओर से थानाध्यक्ष विशुनपुरा-दुदही को भेजे गए पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि आरोपितों के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया जाए। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद एफआईआर दर्ज कराने की संस्तुति भी कर दी गई है।

बरामद यूरिया को जब्त कर आईएफएफडीसी, पडरौना-मडुरही के प्रोपराइटर सचिदानंद कुशवाहा की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। धरे गये अभियुक्त जांच के दौरान पकडे अभियुक्तों में भोला पुत्र स्व. शिवनाथ, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां,सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार, रोहित उरांव पुत्र रामनाथ उरांव, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां,सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार, सिकंदर उरांव पुत्र रामनाथ उरांव, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां,सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार, कुलदीप उरांव पुत्र तूफानी उरांव, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां,सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार, सूर्या उरांव पुत्र हरिशरण उरांव, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां,सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार, कुंदन उरांव पुत्र मुखलाल उरांव, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां, सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार, नरेश उरांव पुत्र विंदलाल उरांव, ग्राम बड़हरा, थाना चिउटहां,सखुआनी, पश्चिमी चंपारण बिहार शामिल है।

# डीएम व एसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में प्रवक्ता भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न

उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। राजकीय प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा जनपद के 06 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।



बता दें कि परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर सतर्क निगरानी बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक-चौबंद रखा गया है। जनपद के 06 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2332 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनके सापेक्ष 870 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा पूरे जनपद में शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

# डंपर की टक्कर से ट्रक क्लीनर की मौत

जालौन/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आगे खड़े डंपर में पीछे से आ रहा डंपर टकरा गया। हादसे में ट्रक खलासी की मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग गया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर गिट्टी लादकर एक डंपर औरैया की ओर जा रहा था। रास्ते में किमी संख्या 205 के पास डंपर खराब होने की वजह से चालक ने डंपर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। वहीं, सुबह लगभग पांच बजे एक दूसरा डंपर बालू लादकर औरैया की ओर जा रहा था। जैसे ही डंपर किमी संख्या 205 पर पहुंचा तो वह आगे खड़े ट्रक को नहीं देख सका और तेज रफ्तार ट्रक उसमें पीछे से टकरा गया। हादसे में डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार डंपर को जिला झांसी के ग्राम भोजना निवासी खलासी अरूण कुमार चला रहा था जबकि चालक चंचल बगल में बैठा था। हादसे में खलासी की मौत हो गई। जबकि चालक चंचल मौके से भाग गया। हादसे की सूचना यूपी 112 को दी गई। बुंदेखंड एक्सप्रेस वे की एंबुलेंस सेवा और कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक में फंसे खलासी को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# जय किशन जैकी बने अपना दल एस के जोन अध्यक्ष

कोंच/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद में अपना दल (एस) ने संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। जय किशन जैकी को 221 उरई विधानसभा क्षेत्र का जोन अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति न्याय पंचायत पिंडारी के अंतर्गत नगर एट व कस्बा एट, जालौन में की गई।

बता दें कि पार्टी के जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी द्वारा जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, जैकी की नियुक्ति उनकी पार्टी की नीतियों और विचारधारा के प्रति निष्ठा, सक्रियता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए की गई है। प्रदेश नेतृत्व के सहमति से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि जय किशन जैकी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में योगदान देंगे। इस अवसर पर अपना दल (एस) के



● जनपद में संगठन विस्तार को मिलेगी मजबूती

कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जोन अध्यक्ष को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय कार्यकर्ताओं की आवश्यकता है। उन्होंने जैकी को एक निष्ठावान और सक्रिय कार्यकर्ता बताया। यह कार्यक्रम अपना दल (एस) द्वारा एसएमआई पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया था। रविवार सुबह 9:00 बजे शुरू हुआ यह कार्यक्रम लगभग एक घंटे तक चला और 10:00 बजे समाप्त हुआ। इस मौके पर आशीष साई ने भी पार्टी की नीतियों पर बात की और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर हादसा, 12 से अधिक मजदूर घायल

उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार को मजदूरों और उनके परिवारों से भरी एक डीसीएम बालू से लदे ट्रक से टकरा गई थी, इस हादसे में 12 से अधिक मजदूर घायल हो गए थे, जिनमें से 10 को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया है, एक की हालत गंभीर होने पर उसे बेहतर उपचार के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।



बता दें कि हादसे के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह राजकीय मेडिकल कॉलेज घायलों की स्थिति जानने पहुंचे जहां उन्होंने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को निर्देश दिए कि किसी भी घायल के इलाज में लापरवाही न बरती जाए। जानकारी के अनुसार सभी मजदूर राजाराम (50 वर्ष) पुत्र चत्ती, ज्ञानवती (45 वर्ष) पत्नी राजाराम, मायारानी (40 वर्ष) पत्नी रामगोपाल, देवेन्द्र (15 वर्ष) पुत्र रामगोपाल, परदेशी (6 वर्ष) पुत्र मलखान निवासीगण बसुरा पहाड़ी, राठ जनपद हमीरपुर शामिल हैं। इसके अलावा प्रेमशंकर पुत्र तुर्रम सिंह (चालक), पप्पू (50 वर्ष) पुत्र मुकुन्दी, मलखान (45 वर्ष) पुत्र प्रतीप निवासीगण पनैहरा, अतरौली जनपद अलीगढ़ तथा धर्मवीर (30 वर्ष) पुत्र बीरपाल निवासी बल्देव दाऊजी, जनपद मथुरा (हेल्पर) भी घायल हुए हैं। वहीं अमर सिंह (30 वर्ष) पुत्र रामबिहारी,

● डीएम-एसपी ने दिए बेहतर इलाज के निर्देश

रामगोपाल (50 वर्ष) पुत्र दशरथ, किरन (30 वर्ष) पत्नी मलखान तथा सुरेश (7 वर्ष) पुत्र मलखान निवासी दादरी, पनवाड़ी के आगे जनपद महोबा अलीगढ़ से अपने गृह जनपद महोबा और हमीरपुर जा रहे थे।

इसी दौरान बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर उनकी डीसीएम सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि वाहन में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचे और भर्ती घायलों का हालचाल जाना। जिलाधिकारी ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन को निर्देश दिए कि किसी भी घायल के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए अधिकांश लोगों की स्थिति खतरे से बाहर है। एक घायल की हालत गंभीर होने के कारण उसे झांसी हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं 10 घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज उरई में चल रहा है। दो अन्य घायलों की हालत सामान्य होने पर परिजन उन्हें अपने साथ महोबा ले गए। मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा घायलों के उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। चिकित्सकों की टीम लगातार सभी मरीजों की निगरानी कर रही है। पुलिस भी हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

# नवजात शिशु देखभाल जागरूकता कार्यक्रम के तहत विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

कोंच/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। उरई रोड स्थित आशीर्वाद भवन में दिन शनिवार की देर रात्रि शिशु आरोग्यम के तत्वाधान में नवजात शिशु की देखभाल एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वाल रोग विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारियां दी गयीं।

आयोजित कार्यक्रम में झांसी स्थित शिशु आरोग्य निर्मल हॉस्पिटल से आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलदीप सिंह ने नवजात शिशुओं में बुखार अत्यधिक कमजोरी उल्टी दस्त सांस लेने में परेशानी एवं अन्य गंभीर लक्षण पर तत्काल चिकित्सीय सलाह लेने की बात कही उन्होंने बताया की शिशुओं के उपचार के लिए एन आईसीयू जैसी आधुनिक सुविधाएं हमारे यहां उपलब्ध है जहां विशेषज्ञों की देखरेख में बच्चों का उपचार किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चे के जन्म के तुरंत बाद माँ का दूध पिलाने के साथ-साथ टीकाकरण एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए वहीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरप्रीत कौर ने बताया कि महिलाओं में प्रसव के बाद कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं आती हैं ऐसे में उन्हें नियमित जांच कराना चाहिए और गर्भावस्था से लेकर सामान्य एवं सिजेरियन प्रसव तक बिशेष चिकित्सीय देखभाल आवश्यक होती है।

# अधिवक्ताओं ने मुंसिफी बार में विधायक मूलचन्द्र निरंजन का किया स्वागत

अधिवक्ताओं ने विकास कार्यों के लिए सौंपे मांग पत्र, सीओ अयोध्या भी सम्मानित

कोंच/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद के कोंच स्थित मुंसिफी बार भवन में रविवार सुबह बार संघ के अधिवक्ताओं ने माधौगढ़ विधायक मूलचन्द्र निरंजन का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर अयोध्या के सीओ अनिरुद्ध सिंह और कोंच नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को भी पगड़ी पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

बता दें कि स्वागत समारोह के दौरान बार संघ के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने विधायक मूलचन्द्र



निरंजन को हाल ही में संपन्न हुए विधायक खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। यह महोत्सव 20 मई से 7 जून तक तीतरा खलीलपुर में आयोजित किया गया था, जिसकी क्षेत्र में काफी सराहना हुई है। बार संघ कोंच के अध्यक्ष जितेंद्र गुर्जर, कोषाध्यक्ष सुधीर दुबे, मंत्री अवनीत, और संयुक्त सचिव राघवेंद्र निरंजन सहित अन्य अधिवक्ताओं ने विधायक को सम्मानित किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बार भवन से संबंधित समस्याओं को विधायक के सामने रखा। उन्होंने बताया कि बार भवन का फर्श खराब स्थिति में है, जिससे अधिवक्ताओं और वादकारियों को असुविधा होती है। अधिवक्ताओं ने फर्श के निर्माण के लिए एक मांगपत्र विधायक को सौंपा। इसके अतिरिक्त, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को बार परिसर में पेयजल सुविधा के लिए वाटर कूलर लगवाने हेतु एक मांगपत्र दिया गया। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि दोनों जनप्रतिनिधि उनकी मांगों पर जल्द ही सकारात्मक कार्रवाई करेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता के.के. श्रीवास्तव, ओ.पी. अग्रवाल, सत्येंद्र श्रीवास्तव, संजीव तिवारी, मोहन दद्दा, अरुण मिश्रा, हरि प्रकाश, अवधेश द्विवेदी, अवनीश बुटोलिया, विश्वेश शर्मा, कनिष्ठ सदस्य उमेश व्यास, रामकुमार खरे समेत कई अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता नरसिंह बुंदेला ने किया।

# लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मोहल्ले में पोल लगवाने की उठाई मांग

जालौन/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। मोहल्ले में बांस बल्लियों के सहारे तार लटक रहे हैं। जिससे खतरा बना रहता है। मोहल्ले में दो पोल की आवश्यकता है। मोहल्ले के लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों से मोहल्ले में दो पोल लगवाने की मांग की है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी क्रांति देवी, कैलाश नारायण, रेखा देवी, बदरूद्दीन, रजा, विनीता, रामप्रकाश, मनोज, भागीरथ, बलवान आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में बिजली के दो खंभों की आवश्यकता है। खंभे न होने की वजह से काफी दूर से बिजली की केबिल को लाना पड़ रहा है। जिसमें केबिलों को बांस बल्लियों पर लटकाया गया है। दूरी अधिक होने की वजह से इन केबिल अक्सर फाल्ट होते रहते हैं और चिंगारी निकलती है। राजू राठौर के घर के पास लगभग एक दर्जन केबिल निकली हैं। केबिलों के जाल और बांस बल्लियों पर लटके होने की वजह से लगातार खतरा बना रहता है। अब बारिश का मौसम आने वाला है ऐसे में करंट का भी डर बना रहता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि मोहल्ले में दो खंभों को लगवाया जाए ताकि केबिलों का जाल हट सके और बांस बल्लियों में करंट आने का डर भी खत्म हो सके।

# स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से करना चाहिए स्वैच्छिक रक्तदान: डीएम

उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल उरई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

बता दें कि इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा समाज के अन्य लोगों से भी रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है, बल्कि यह मानव जीवन की रक्षा का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान अभियान से जुड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुल 09 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र




प्रदान कर उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जेजे राम, चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

कदौरा/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद के कदौरा थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त रक्तरंजित ईंट भी बरामद की है।

बता दें कि पुलिस के अनुसार ग्राम मज्वार निवासी लालाराम ने कदौरा थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने उनकी पत्नी कमला, पुत्र वीरेंद्र व रोहित, बहू शशिप्रभा और नाती अंकित के साथ गाली-गलौज और मारपीट की थी। मारपीट के दौरान शशिप्रभा के सिर पर ईंट से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज झांसी ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। इस घटना के संबंध में कदौरा थाने में मुकदमा संख्या 76/26 धारा 352, 105, 115(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कदौरा पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रामपाल (57 वर्ष), दयाराम (55 वर्ष), हल्कू उर्फ विजय (38 वर्ष) और बब्बूल (45 वर्ष) के रूप में हुई है। ये सभी ग्राम मदुवार, थाना कदौरा के निवासी हैं।

# मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

कदौरा/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद के कदौरा में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी अवधेश सिंह चैहान ने की, जिसमें तहसीलदार अभिनय तिवारी और थाना प्रभारी परवेन्दर सिंह भी उपस्थित रहे।



बता दें कि क्षेत्राधिकारी अवधेश सिंह चैहान ने बैठक में स्पष्ट किया कि मोहर्रम पर्व पर कोई भी नई परंपरा शुरू नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित परंपराओं और प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के अनुसार ही आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने ताजिया जुलूसों को निर्धारित मार्गों से निकालने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों से सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट या भ्रामक सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए। अधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी कि शांति और सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार अभिनय तिवारी ने मोहर्रम को आपसी भाईचारे और अनुशासन का पर्व बताया। उन्होंने सभी से प्रशासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने का आग्रह किया ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। थाना प्रभारी परवेन्दर सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था और जुलूस मार्गों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बबीना विद्युत विभाग के जेई मिठाईलाल, मुस्तकीम खान, शेरू, रानू मंसूरी, विजय राज शर्मा, रमजान अली, रजा बट्टन खान, मुबीन खान, जामा मस्जिद के इमाम रहीस खान, साकिर अली, फजल खान, इशहाक अहमद, आफताब अहमद, आवेश खान प्रधान, मुन्ना बाबा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुशासन के 12 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय जन कल्याण मेले का हुआ शुभारम्भ

कोंच/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। कोंच में तीन दिवसीय जनकल्याण मेले का शुभारंभ रविवार को किया गया। कोंच विकासखंड परिसर में आयोजित इस मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने दोपहर 1 बजे किया। यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है।



बता दें कि मेले का मुख्य उद्देश्य केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना और पात्र लाभार्थियों को उनसे जोड़ना है। इसके लिए विकासखंड परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा आकर्षक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां योजनाओं की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया समझाई जा रही है। मेले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पशुपालन विभाग, होम्योपैथी विभाग और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग जैसे कई महत्वपूर्ण विभागों के स्टॉल शामिल हैं। यहां विभागीय अधिकारी नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, लाभ और पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में बता रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। उन्होंने जोर दिया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लोगों को योजनाओं की सही जानकारी देते हैं, जिससे वे सीधे लाभ उठा सकते हैं। विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर इन योजनाओं का लाभ उठाएं। मेले में एक स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया है, जहां लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा रही है और आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, लाभार्थी पंजीकरण और जनजागरूकता से संबंधित अन्य गतिविधियां भी चल रही हैं। इस अवसर पर विकासखंड अधिकारी प्रशांत कुमार, ब्लॉक प्रमुख रानी देवी, सुनील शर्मा, अवर अभियंता हरिश्चंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), आंगनबाड़ी विभाग और पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

# अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने में कोई कमी न छोड़ें: राकेश राठौर

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित

जालौन/उरई, 14 जून (तरुणमित्र)। तैलिक समाज के लोग एकजुट, बच्चों को अच्छी शिक्षा दें यही देश का भविष्य है, राजनीति में भी समाज के लोग भागीदारी बढ़ाएं तभी आपको पहचाना जाएगा। जाति में अलग-अलग उपनाम छोड़कर एक ही जाति तैलिक लिखें। यह बात तैलित समाज सेवा फाउंडेशन की ओर से आयोजित मेधावियों के सम्मान समारोह में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू और छिदबाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू ने मेधावियों के सम्मान समरोह में कही।



तैलिक समाज सेवा फाउंडेशन और राठौर समाज सेवा मंडल की ओर से नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में डॉक्टर कमलेश राठौर की अध्यक्षता में मेधावियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरू ने कहा कि शिक्षा, संगठन और सामाजिक सहभागिता ही किसी भी समाज की वास्तविक ताकत होती है। तैलिक समाज को अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के साथ-साथ राजनीति और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी बढ़ानी चाहिए। जब समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे तभी उनकी अलग पहचान बनेगी। क्योंकि किसी भी समाज की प्रगति का आधार शिक्षा होती है। आज के बच्चे ही देश का भविष्य हैं, इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने में कोई कमी न छोड़ें। तैलिक समाज मेहनती और प्रतिभाशाली लोगों का समाज है। आवश्यकता केवल संगठित होकर आगे बढ़ने की है। उन्होंने युवाओं से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि छिंदवाड़ा सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। यदि समाज के लोग नेतृत्व की भूमिका में आगे आएंगे तो उनकी समस्याओं का समाधान भी प्रभावी ढंग से होगा। उन्होंने मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सम्मान केवल उपलब्धियों का नहीं, बल्कि आगे और बेहतर करने की प्रेरणा भी होता है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री व सांसद ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रोहित राठौर और लक्ष्मीनारायण ने संयुक्त रूप से किया। अंत में आयोजक योगेंद्र राठौर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, सतेंद्र खत्री, योगेंद्र राठौर, जयनारायण राठौर, अशोक राठौर, राठौर समाज के जिलाध्यक्ष अरविंद सिंह, संस्था प्रबंधक संजीव राठौर, अध्यक्ष उमाशंकर, भूरे मामा, गौरव राठौर, मूलनारायण, कुलदीप, गिरजाशंकर, संजय, आकाश, शलेंद्र, शिवकुमार, पवन, नंदकिशोर आदि रहे।

# जनकल्याण शिविर में गूंजी विकास की आवाज, प्रभारी मंत्री ने बांटे प्रमाण पत्र

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** विकास खंड तेलियानी परिसर में रविवार को आयोजित जन कल्याण शिविर, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं गोष्ठी का शुभारंभ प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद के प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के साथ अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता, जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक भी मौजूद रहे। अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी ली।



शिविर में कृषि, शिक्षा, उद्योग, उद्यान, पूर्ति, स्वास्थ्य, बाल विकास, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, रेशम, बैंक एवं समाज कल्याण विभाग सहित कई विभागों ने अपने स्टॉल लगाए। प्रभारी मंत्री ने बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार कराया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर उन्हें पोषाहार की पोटली भी वितरित की। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत अतिथियों ने ब्लॉक परिसर में पौधरोपण भी किया। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की पहल एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, खंड विकास अधिकारी, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बहुआ ब्लाक में भाकियू अराजनैतिक की पंचायत 19 को

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की बहुआ इकाई की एक आवश्यक बैठक रविवार को आयोजित हुई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि आगामी 19 जून को बहुआ ब्लाक परिसर में समस्याओं को लेकर पंचायत की जाएगी। बैठक का आयोजन जिला महासचिव प्रीतम सिंह चंदेल के आवास मोहनपुर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं व किसानों ने हिस्सा लिया। बैठक में यूरिया खाद, बिजली, नहर आदि की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इन समस्याओं से क्षेत्र का किसान जूझ रहा है, लेकिन उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। निर्णय लिया गया कि आगामी उन्नीस जून को बहुआ ब्लाक परिसर में पंचायत आयोजित करके समस्याओं के निस्तारण की आवाज बुलंद की जाएगी।

## यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उपजा की मासिक बैठक संपन्न

**मड़ावरा ललितपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** यूपी जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन उपजा तहसील ईकाई मड़ावरा की मासिक बैठक कस्बे के श्री शाला जी मंदिर परिसर में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा के मुख्य आतिथ्य में और अतिथि जितेंद्र यादव व मंडावरा तहसील अध्यक्ष रामजी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को परिवार की तरह मिलकर एक दूसरे का साथ देना चाहिए एवं खबरों को प्रकाशित करने से पहले खबर का सत्यापन करके ही खबर को प्रकाशित कराना चाहिए जिससे की आपकी छवि धूमिल ना हो। तहसील अध्यक्ष रामजी तिवारी ने कहा कि संगठन भी एक परिवार होता है जहां सभी मिलजुल कर संगठन को आगे ले जाने का कार्य करते हैं। तहसील संरक्षक प्रकाश सिंह ने कहा कि संगठन सदैव सदस्यों के लिए हर समय साथ खड़ा है । बैठक उपरांत जिलाध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों को संगठन के नवीन कार्ड वितरण किए गए हैं।

बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने संगठन के वरिष्ठ सदस्य सतीश नायक की पूज्य दादी के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। बैठक में जिलाध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, जितेंद्र यादव, रामजी तिवारी, प्रकाश सिंह, रामगोपाल दुबे, कृष्णकांत तिवारी, विक्रम सिंह सेंगर, नवल कुशवाहा, विनोद जैन, नीलेश कुशवाहा, प्रवीन जैन, प्रतिपाल सेन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार के संरक्षण में बांदा जिले का प्राकृतिक उत्पीड़न चरम पर : विधायक

**बांदा, 14 जून (तरुणमित्र)।** रविवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय बिजली खेड़ा बांदा में अति संवेदनशील मुद्दा अवैध खनन, ओवर लोड,जल जंगल जमीन, के विषय में एक प्रेस वार्ता संपन्न हुई, बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने पत्रकारों से कहा,बीते मई में देश दुनिया के पैमाने पर बांदा जिला सबसे गर्म इलाका बना है। जिले का लगातार तीन दिन सबसे गर्म बने रहना चिंतित करता है,लोगों को असहनीय गर्मी से मुकाबिल होना पड़ा है। दरअसल, बेलगाम अवैध खनन ने हालात बदतर बना दिए हैं। नदियां मारी जा रही हैं। पहाड़ उड़ाए जा रहे हैं। सारा महापाप सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। आरोप लगाया, धनलोलुप भाजपा सरकार के पालित पोषित ठेकेदार नियमों को ताक में रखकर निर्ममता से नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं तो दूसरी ओर डायनामाइट से पहाड़ों के परखच्चे उड़ा रहे हैं। अवैध खनन ने भयंकर रूप ले लिया है। लेकिन, भाजपा सरकार बेफिक्र बनी हुई है।

सपा विधायक यादव ने पत्रकार वार्ता में कहा, भाजपा सरकार के संरक्षण में बांदा जिले का प्राकृतिक उत्पीड़न चरम पर है। पहले केन, बागेन, रंज, चंद्रावल आदि नदियों की लहराती जलराशि गर्म हवाओं से टकराकर लोगों की राहत का सबब बनती थी, अब नदियों से जल गायब है। कहीं सूखा तो कहीं नाला है। खननपापियों ने नदियों को कुरूप बना दिया है। कहने को, जिले की नदियों में तकरीबन 26 बालू खदानें संचालित हैं। लेकिन सौ के करीब अवैध खदानें भी गुलजार हैं। वैध खदानों में भी नियमों की धज्जियां उड़ती हैं। बेधड़क गरजती मशीनें दिन रात नदियों को मारने में आमादा हैं। उन्होंने कहा, यही स्थिति गिरवा और नरैनी इलाकों में पहाड़ों की है। डायनामाइट से पहाड़ उड़ाए जाते हैं। नदियों को मारने और पहाड़ों को उड़ाने के कुकृत्यों में शामिल चेहरों के पीछे छिपे असल चेहरों को चुल्लू भर पानी में डूब मरना चाहिए। इनके मनमाने खनन से बने गड्?ढों में बच्चों के डूब मरने के दुखद मामले अक्सर सामने आते हैं। यह मामले सरकार को लानत भेजते हैं।

## पुश्तैनी भूमि पर कब्जे का आरोप पीड़ित ने सीएम से लगाई गुहार

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** खागा तहसील के अंतर्गत हथगाम थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव निवासी एक किसान ने अपनी पुश्तैनी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन और राजस्व अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।ग्राम खलिसपुर, पोस्ट अकबरपुर चौराई निवासी अजय कुमार पुत्र रामशरण विकल ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के ही मोहन पुत्र पिततु उनकी पुश्तैनी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं।

# पीजीटी परीक्षा केंद्रों का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**फतेहपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (पीजीटी) प्रारंभिक परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुस्लिम इंटर कॉलेज एवं राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परीक्षा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रक्रिया,



सघन चेकिंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली तथा परीक्षा कक्षों की निगरानी व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है तथा संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा केंद्रों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। साथ ही निर्देश दिए गए कि परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता और विश्वसनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जनपद प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने एक बार फिर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पीजीटी प्रारंभिक परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभाग पूरी तत्परता और समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

# श्रम राज्यमंत्री मन्नू कोरी साइबर ठगी का शिकार मोबाइल व व्हाट्सएप हैक कर मांगे गए रुपये

**महोबा, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी साइबर ठगी का शिकार हो गए। शुक्रवार शाम अज्ञात साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल फोन और व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर लिया। इसके बाद ठगों ने मंत्री के नाम और नंबर का दुरुपयोग करते हुए उनके परिचितों, समर्थकों और अन्य लोगों को संदेश भेजकर रुपये मांगने शुरू कर दिए।

हैक किए गए व्हाट्सएप नंबर से भेजे गए संदेश में लिखा गया था कि ह्व35 हजार ऑनलाइन पेमेंट हो जाएगा, अभी नेटवर्क इश्यू है, एक घंटे में वापस कर दूंगा ह्व इस प्रकार ठगों ने लोगों का विश्वास जीतकर उनसे धनराशि ऐंठने का



प्रयास किया। कई लोगों को ऐसे संदेश प्राप्त होने के बाद मामले की जानकारी मंत्री तक पहुंची। घटना की सूचना मिलते ही राज्यमंत्री मन्नू कोरी ने तत्काल पुलिस और साइबर सेल को अवगत कराया। वहीं उनके पुत्र चंद्रशेखर पंथ ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को सतर्क करते हुए अपील की कि मंत्री के नाम से यदि किसी प्रकार का पैसा मांगने वाला संदेश या कॉल प्राप्त हो तो उस पर विश्वास न करें और न ही किसी खाते में धनराशि भेजें।

मंत्री ने स्वयं भी सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी कर कहा कि उनका मोबाइल और व्हाट्सएप हैक कर लिया गया है तथा उनके नाम से भेजे जा रहे संदेश पूरी तरह फर्जी हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी प्रकार के आर्थिक लेनदेन से बचने की अपील की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साइबर टीम को सक्रिय कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार साइबर अपराधियों की पहचान और लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। तकनीकी जांच जारी है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान समय में व्हाट्सएप हैकिंग और फर्जी मैसेज के माध्यम से ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी व्यक्ति द्वारा अचानक रुपये मांगने पर सत्यापन किए बिना भुगतान नहीं करना चाहिए।

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## अवैध शस्त्र सहित आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज , 14 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली तिर्वा पुलिस द्वारा ईशन नदी पुल, थाना तिर्वा, के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त राहुल पुत्र महेन्द्र सिंह लोधी, उम्र करीब 26 वर्ष, निवासी ग्राम रतापुर्वा, थाना तिर्वा, जनपद कन्नौज को गिरफ्तार किया जिसके पास तलाशी के दौरान 01 अदद तमंचा .315 बोर नाजायज, 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर नाजायज तथा एक अदद हीरो मोटरसाइकिल संख्या वढ 74 अफ 1454 बरामद हुई । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना तिर्वा पर मु0अ0सं0 0200/2026, पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी राहुल के पास से एक तमंचा .315 बोर नाजायज एक जिंदा कारतूस .315 बोर एक हीरो मोटरसाइकिल संख्या UP 74 AR 1454 बरामद हुई ।

# जनशिकायतों के निस्तारण एवं पेयजल-विद्युत व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने अपनाया सख्त रुख

**चित्रकूट, 14 जून (तरुणमित्र)।** आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल, अजीत कुमार द्वारा जनसुनवाई एवं शिकायत निवारण प्रणाली को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), बाँदा एवं अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण), चित्रकूट द्वारा प्रस्तुत निस्तारण आख्या का गहन परीक्षण किया गया। परीक्षण के उपरान्त निस्तारण आख्या संतोषजनक न पाए जाने पर आयुक्त द्वारा दोनों अधिशासी अभियन्ताओं के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिये हैं कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक जनशिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं



तथ्यपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता के रूप में न किया जाए।

आयुक्तने निर्देशित किया कि जनपद के किसी भी ग्राम में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक ग्राम में नियमित, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाए तथा जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत कार्यों के दौरान खोदी गयी सड़कों एवं मार्गों को तत्काल मानक के अनुरूप पुनर्स्थापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों का निस्तारण केवल अभिलेखों में नहीं बल्कि स्थलीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए किया जाए। भविष्य में शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही अथवा भ्रामक आख्या प्रस्तुत किये जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इसी क्रम में दैनिक समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रकाशित विद्युत आपूर्ति संबंधी समाचारों का भी आयुक्त द्वारा गंभीर संज्ञान लिया गया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध एवं नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# विवाद के बाद युवक की हत्या, 6 घंटे में तीन आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** कोतवाली पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का मात्र छह घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद में युवक की बेल्ट और लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी।

घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए आरोपियों ने शव को सड़क किनारे फेंक दिया था। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में गठित तीन पुलिस टीमों ने कार्रवाई करते हुए सम्यक राजनायक उर्फ राही जैन, गजेन्द्र नरवरिया उर्फ गजेन्द्र सिंह राजपूत तथा गौरव रैकवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मृतक राजकुमार उर्फ छन्नू को आरोपियों ने अपने साथ शराब पार्टी में शामिल होने के लिए बुलाया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पार्टी के दौरान उन्होंने मृतक से पैरों की मालिश करने को कहा, जिस पर वह नाराज हो गया और विवाद शुरू हो गया।

इसी दौरान शराब के नशे में आरोपियों ने बेल्ट और लोहे की रॉड से उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपियों ने अपना अपराध छिपाने के लिए शव को गुरुनानक धर्मशाला के पास नई बस्ती क्षेत्र में सड़क किनारे रख दिया, ताकि मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत हो। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच शुरू की।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन विशेष टीमों का गठन किया गया। वैज्ञानिक एवं फॉरेंसिक साक्ष्यों तथा तकनीकी सर्विलांस की मदद से पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से सम्यक राजनायक और गजेन्द्र नरवरिया के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# समाधान दिवस महज एक दिखावा, समस्याओं का समाधान न होने से फरियादियों का हो रहा मोहभंग

**हमीरपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** महीने के दूसरे शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में फरियादियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। थाना समाधान दिवस में कुल नौ शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें अधिकांश मामले राजस्व विभाग से संबंधित रहे।

थाना समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं जिंसमे अरतरा से चकरोड माप, तो लेवा से मरघट की माप, कस्बे के फत्तेपुर में होलिका दहन व कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा सहित नौ मामले आये संबंधित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम करनवीर सिंह ने कहा कि भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा और सीमांकन से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

थाना समाधान दिवस में कुल नौ शिकायतों का दर्ज होना भी चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन व व्यापारियों के बीच हुई अहम बैठक

**हमीरपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिले के मौदहा कस्बे में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के बीच प्रशासन और व्यापारियों के बीच संवाद को लेकर उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में आगामी बुधवार तक का व्यापारियों ने लिया समय ' राजस्व, पुलिस और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 4 एवं 5 जून को कस्बे के प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण संबंधी सीमांकन एवं चिन्हांकन की कार्रवाई की गई थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मौदहा के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले में पुनः बैठक आयोजित किए जाने का अनुरोध किया था।

व्यापारियों की मांग पर उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह ने तहसील सभागार में बैठक आयोजित कर यातायात व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने की प्रस्तावित कार्यवाही तथा व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उपजिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन व्यापारियों का हित चाहते हैं ' नक्से में जिस तरह से मैप है उसी प्रकार से अतिक्रमण हटाया जायेगा ' इससे अच्छा है कि व्यापारी नाला के पार अपनी दुकानें न सजाए और नाले के ऊपर व बाहर स्थाई अतिक्रमण स्वयं हटाले ' इस पर व्यापारियो ने अपनी अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया । एसडीएम ने व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि दिन में भारी वाहनों से अपना सामान न मंगाए ' उसके लिए या तो सुबह सुबह या रात को यह काम करे ' व्यापारी नेता जे के गुप्ता ने कहा कि हम व्यापारियों को बुधवार तक का समय दे।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलब्ध में प्रभारी मंत्री ने बतायीं उपलब्धियां

## विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे स्वीकृति पत्र, डेमो चाभी व चेक

**ललितपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के तहत जिले के प्रभारी मंत्री व राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0 दानिश आजाद अंसारी ने रविवार को जहां एक ओर जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को जनकल्याण की योजनओं और विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये, तो वहीं विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र, कृषि यंत्र, स्मार्ट फोन, चैक, आयुष्मान कार्ड एवं आवासों की डेमो चाभी लाभार्थियों को सौंपकर प्रधानमंत्री के कार्यकाल की उपलब्धियां बतायीं।




बैठक में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक सहित अन्य अधिकारीगणों ने जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर बताया कि इस माह सीएम डैशबोर्ड पर जिले को ऑवरऑल रैंकिंग में 13वां स्थान प्राप्त हुआ है और निर्धारित इंडीकेटर्स पर 53 योजनाओं को ए तथा 8 योजनाओं को बी एवं सी ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस पर प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिये कि निर्माण सहित सभी योजनाओं में किसी भी दशा में रैंकिंग नीचे नहीं आनी चाहिए अन्यथा की स्थिति में सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार शहर में 24 तथा ग्रामीण इलाकों में 48 घण्टे में खराब ट्रांसफामर बदले जायें या उनकी मरम्मत की जाए। इसके अलावा जनपद में कहीं भी अनावश्यक विजिलेंस के नाम पर आमजनता को परेशान न किया जाए, यदि ऐसी शिकायतें मिलीं तो सम्बंधित के विरुद्ध सख्त कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने विकास कार्यक्रमों से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनकल्याणकारी योजनाएं व विकास कार्य जल्द से जल्द धरातल पर दिखने चाहिए, शासन स्तर से बजट में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इसके अलावा उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था एकदम चुस्तदुरुस्त रखी जाए, पीढ़ित को त्वरित न्याय मिलना चाहिए ।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों व अधिकारियों ने विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं में 10 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन, 16 लाभार्थियों को 1 करोड़ 22 लाख 56 हजार का ऋण व ट्रेक्टर ट्राली, 04 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की डेमो चाभी, 05 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, 06 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रशस्ति पत्र, 01 महिला लाभार्थी को रिवॉल्विंग फण्ड का डेमो चेक, 01 बीसी सखी को थर्मल प्रिंटर तथा 05 बीसी सखियों को साड़ी का वितरण किया, साथ ही किसान लाभार्थियों को ट्रेक्टर की चाभी देकर हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# राजस्थान-हरियाणा से 18 बाल-बंधुआ मजदूर मुक्त

**बांदा, 14 जून (तरुणमित्र)।** असंगठित मजदूर मोर्चा और लेबर डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रयासों से बांदा जनपद के 18 बाल एवं बंधुआ मजदूरों को राजस्थान और हरियाणा के ईंट भट्ठों से मुक्त कराया गया है। सभी मजदूर अनुसूचित जाति समुदाय से हैं और महीनों से बंधक बनाकर रखे गए थे। मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दल सिंगार के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने कार्रवाई कर इन्हें छुड़ाया।

मुक्त कराए गए मजदूरों में 6 मजदूर राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की रावला मंडी स्थित गणेश ब्रिक्स कंपनी से और 12 मजदूर हरियाणा के रेवाड़ी जिले के जाडरा गांव स्थित भगत जी ईंट भट्ठा से आजाद हुए। दोनों जगह मजदूरों से जबरन काम कराया जा रहा था। राजस्थान में फंसे मजदूर नीरज ने बताया कि नवंबर 2025 में ठेकेदार



पहलवान उर्फ प्रदीप कर्ज/एडवांस का लालच देकर ट्रक से श्रीगंगानगर ले गया था। वहां बुनियादी सुविधाएं नहीं थीं। विरोध पर मालिक सुखबीर और ठेकेदार ने लाखों का कर्ज बताकर धमकाया। घर जाने पर मारपीट, गाली-गलौज और बच्चों समेत भट्ठे में झोंककर जलाने की धमकी दी जाती थी। हरियाणा में फंसे रमेश व अन्य 3 परिवारों के 12 लोगों को भी जमादार दिलीप नवंबर 2025 में एडवांस देकर ले गया था। कर्ज चुकाने के बाद भी मजदूरी नहीं दी गई और बिना पैसे के काम कराया जा रहा था। 4-5 जून 2026 को मामले की जानकारी मिलने पर मोर्चा ने परिवारों से संपर्क किया। 8 जून को दल सिंगार ने राजस्थान, हरियाणा और यूपी के मुख्य सचिव, श्रम आयुक्त, तीनों जिलों के डीएम-एसपी और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को बंधुआ मजदूरी उन्मूलन अधिनियम 1976, इंटरस्टेट माइग्रेंट वर्कमैन एक्ट 1979, एससी-एसटी एक्ट और न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए पत्र भेजा।

# प्रभारी मंत्री ने ओमरौड़ा की रात्रि चौपाल में सुनीं जनसमस्याएं

## गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन व स्कूली बैग का किया वितरण



**प्रतापगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने विकासखंड लक्ष्मणपुर की ग्राम पंचायत ओमरौड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं शिकायतों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

रात्रि चौपाल में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं पशुपालन विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, पात्रता, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। वहीं शिक्षा विभाग की ओर से छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग वितरित कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया गया। अधिकारियों ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे। प्रभारी मंत्री ने जिला पूर्ति अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को नियमित रूप से राशन प्राप्त हो तथा विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

इस अवसर पर उपस्थित जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी राम मोहन मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव व संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया।

# प्रवक्ता भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न एसपी ने केंद्रों का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा-2025 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। परीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्कता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं निकास की प्रक्रिया तथा आसपास की कानून-व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।

एसपी ने परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित कराई। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए भी आवश्यक प्रबंध किए गए, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। पुलिस कर्मियों ने परीक्षा अवधि के दौरान लगातार निगरानी रखी तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अफवाह पर तत्काल कार्रवाई के लिए सतर्कता बनाए रखी।

# नाली बनी पटिया भूले: पुरानी पट्टी में खुले नाले से बढ़ा हादसे का खतरा, लोगों में आक्रोश



**पट्टी, प्रतापगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** पुरानी पट्टी वार्ड नंबर-2 में करीब डेढ़ से दो वर्ष पहले बनी नाली पर अब तक पटिया नहीं रखी गई है। नतीजन नाला पूरी तरह खुला पड़ा है, जिससे हादसे का खतरा लगातार बना हुआ है। खुले नाले से उठने वाली दुर्गंध और मच्छरों के कारण मोहल्ले के लोग परेशान हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि समस्या को लेकर नगर पंचायत और जनप्रतिनिधियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्कूल जाने वाले बच्चे और बुजुर्ग इस रास्ते से गुजरने में डरते हैं।

रात के समय तो हादसा होना तय है। वार्ड के सभासद राजेश कुमार सरोज ने बताया कि उन्होंने नगर पंचायत की बैठकों में कई बार पटिया लगवाने का मुद्दा उठाया, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। वार्ड-2 के लोगों ने ईओ नगर पंचायत अध्यक्ष से मांग की है कि जनहित में जल्द से जल्द नाली पर पटिया रखवाकर समस्या का समाधान किया जाए।

# विकसित कृषि संकल्प व खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक



**प्रतापगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** कृषि विभाग द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 के अंतर्गत जनपद में 10 जून से 24 जून 2026 तक विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

अभियान के तहत रविवार को विभिन्न विकास खंडों में कृषि संगोष्ठियों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी खेती के प्रति जागरूक किया गया। आज विकास खंड पट्टी की ग्राम सभाओं ठनेपुर गोपापुर एवं परसद, विकास खंड मंगरौरा की ग्राम सभाओं भैदपुर एवं भदौना तथा विकास खंड सदर की ग्राम सभाओं जहनाईपुर एवं रंजीतपुर चिलबिला में विशेष कृषि संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ए.के. सिंह, डॉ. प्रसेनजीत देबनाथ, एमपी सिंह, वतेन्द्र कुमार, डॉ. एन.के. सिंह एवं पी.के. सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित किसान हितैषी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि किसान विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं तथा कृषि को अधिक लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित कर सकते हैं।

विशेषज्ञों ने किसानों को बीज शोधन, भूमि परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, संतुलित उर्वरक प्रयोग, हरी खाद के उपयोग तथा जैव उर्वरकों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसानों को मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं फसलों को रोगों एवं कीटों से बचाने के उपायों के प्रति भी जागरूक किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री भी कराई गई तथा उन्हें कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

उप कृषि निदेशक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि अभियान के अगले चरण में 15 जून 2026 को विकास खंड बाबागंज की ग्राम सभाओं पुरे किशुनी एवं रायगढ़, विकास खंड रामपुर संग्रामगढ़ की ग्राम सभाओं जसमेढ़ा एवं जूड़ापुर तथा विकास खंड कालाकांकर की ग्राम सभाओं अब्दुल वाहिदगंज एवं अस्थान में विकसित कृषि संकल्प अभियान एवं खेत बचाओ अभियान-2026 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने के अभियोग में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी लालगंज आलोक कुमार के नेतृत्व मे देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त व संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना अन्तर्गत 64 (1) ट 352/351 (3) बीएनएस थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ से संबंधित 1 अभियुक्त सौरभ वर्मा पुत्र हरीलाल वर्मा निवासी ग्राम गोसाई का पुरवा अमावा थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष को थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत गोसाई का पुरवा अमावा घुइसरनाथ रोड तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

### प्रवक्ता भर्ती परीक्षा में मात्र चालीस प्रतिशत उपस्थित हुए अभ्यर्थी

**प्रयागराज, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा रविवार को प्रवक्ता, राजकीय इण्टर कॉलेज (प्रा) परीक्षा 2025 के 13 विषयों की परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा में कुल 40 प्रतिशत अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि आज एक सत्र में 09:30 से 11:30 बजे तक प्रदेश के 67 जनपदों के कुल 891 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाएं आयोजित करायी गई। उक्त परीक्षा में 3,81,605 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें से कुल 40 प्रतिशत ने परीक्षा दी। परीक्षाएं सकुशल, निर्विघ्न एवं शुचितापूर्वक सम्पन्न हुई।

### टोंस नदी में स्नान करने गए दो छात्रों की डूबने से गई जान

**प्रयागराज, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के देवरा गांव स्थित टोंस नदी में रविवार को स्नान करने गए दो छात्रों की डूबने से जान चली गई। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने गोताखोर एवं नाविकों के सहयोग से दोनों के शव को खोजकर बाहर निकाला और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के भारत नगर निवासी कुणाल मिश्रा (18) पुत्र प्रशांत मिश्रा और उसका चचेरा भाई विशेष मिश्रा (17) पुत्र विवेक की मौत हुई है। हादसे के संबंध में पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के मुताबिक कुणाल रविवार को घर से कार में सवार होकर दोस्तों के साथ घर से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित टोंस नदी के कोकहा घाट पर स्नान करने गया। जहां स्नान करते समय अचानक कुणाल और विशेष मिश्रा गहरे पानी में चले गए। जब तक आस पास के लोग बचाने के लिए कुछ कर पाते,इस दौरान दोनों गहरे पानी में समा गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नाविकों के सहयोग से दोनों को खोज निकाला। पुलिस टीम ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### जिलास्तरीय बैठक में कार्यकर्ताओं से सक्रिय रहने का आग्रह, जनसंपर्क अभियान पर जोर

**प्रतापगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में रविवार को जिला बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य और निवर्तमान विधायक रानीगंज धीरज ओझा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री राजेश मिश्रा (राजन) ने किया। बैठक की औपचारिक शुरूआत दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वन्दे मातरम से हुई। मयंकेश्वर शरण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ता, जिला एवं मंडल पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष अपने दायित्वों का ईमानदारी से पालन करें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही शिक्षक एमएलसी तथा स्नातक एमएलसी के चुनाव होने हैं, इसलिए जनसंपर्क अभियान अभी से मजबूत तरीके से चलाया जाए ताकि पार्टी जिले में विजय सुनिश्चित कर सके। काशी क्षेत्र प्रभारी व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संपर्क अभियान की बारीकियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि जनपद प्रतापगढ़ प्रति व्यक्ति आय के मामले में उत्तर प्रदेश में पिछड़ा हुआ है और उस स्थिति को सुधारने की जिम्मेदारी उन्होंने उठाई है। मौर्य ने स्पष्ट किया कि प्रतापगढ़ जब तक अग्रणी पंक्ति में नहीं आ जाता, वे अपने संकल्प से पीछे नहीं हटेंगे। जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल ने निर्देश दिए कि आगामी सभी शक्ति केंद्रों पर निश्चित तिथि पर बैठकों का आयोजन किया जाए और प्रत्येक मंडल प्रभारी अपने-अपने मंडलों में बैठक कर मजबूती से कार्ययोजना बनवाएं। जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने चेतावनी दी कि बिना खुद बैठकों में शामिल हुए गलत रिपोर्टिंग करने से संगठन कमजोर होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रभारी स्वयं बैठकों में उपस्थित होकर सटीक विवरण भेजें। बैठक में प्रमुख रूप से अजय वर्मा (जिला महामंत्री), विशाल विक्रम सिंह (नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि), रुचि केसरवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष के.के. सिंह, बृजेश पांडे, अशोक मिश्रा, अशोक सिंह, अशोक सरोज, राघवेन्द्र शुक्ल, देवेश त्रिपाठी, आशीष तिवारी सहित सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं जिला कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर शिविर का शुभारंभ

## एसपी ने कहा-रक्तदान से बचाई जा सकती है अनमोल जिंदगी



**कौशाम्बी, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिले में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने फीता काटकर किया।

इस दौरान उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से स्वेच्छा से रक्तदान करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों और आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ती है, ऐसे में स्वस्थ लोगों को नियमित रूप से रक्तदान कर मानवता की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को बताया कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और इससे किसी प्रकार की शारीरिक कमजोरी नहीं आती। रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता को भी सामाजिक संतुष्टि और मानव सेवा का अवसर प्राप्त होता है। शिविर में रक्तदान करने वाले व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने सभी रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह योगदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर नियमित रक्तदान करने तथा अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान चिकित्साधिकारीगण सहित चिकित्सा महाविद्यालय के कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में रक्तदान के प्रति लोगों में उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

# विश्व पटल पर बढ़ी भारत की आर्थिक और कूटनीतिक ताकत : सिंह

**प्रयागराज, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रयागराज के शहीद चन्द्रशेखर आजाद सर्किट हाउस में रविवार को मीडिया से वार्ता करते जिले के प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार से निकलकर देश का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश की आर्थिक और कूटनीतिक शक्ति को जिस ऊंचाई तक पहुंचाया है, वह आजादी के बाद दशकों तक शासन करने वाली कांग्रेस सरकारें भी नहीं कर सकीं।

# अंतर्जनपदीय चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार, लाखों के जेवरात बरामद

**सुलतानपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निर्देशन में पुलिस ने अंतरजनपदीय शातिर चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी बरामद की है। गिरोह के सदस्य लंबे समय से जिले व पड़ोसी जनपदों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत कुड़वार थाना पुलिस एवं एसओजी टीम ने मुखबिर की सूचना पर किरतूपुर कला तिराहा क्षेत्र से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जावेद अहमद, अजीम कुरैशी, मो. आदिल तथा अजय कुमार कोरी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि चोरी करने से पहले वे कई दिनों तक संभावित मकानों और आसपास के क्षेत्रों की रेकी करते थे।

वारदात के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करते थे ताकि उनकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। चोरी के बाद माल को ठिकाने लगाने के लिए सुनारों की मदद ली जाती थी। पुलिस ने मामले में एक सरार्फा कारोबारी की भूमिका की भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गिरोह ने हाल ही में कोतवाली नगर क्षेत्र में डॉक्टर संजय मिश्रा के आवास पर हुई बड़ी चोरी सहित जयसिंहपुर, कुड़वार तथा प्रतापगढ़ जनपद के कई क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। कई घटनाओं का खुलासा सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर किया गया।

# आगामी सात दिनों में आंधी-बारिश की संभावना, सावधान रहें किसान

**प्रयागराज, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश के पूर्वी एवं पश्चिमी क्षेत्र में आने वाले सात दिनों में गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना है। यह पूवार्नुमान रविवार को भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ ने जताया है।

उप्र प्रभागीय दैनिक मौसम पूवार्नुमान बुलेटिन के अनुसार पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 14 से 20 जून तक कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश तथा तेज हवाएं चलने की संभावना व्यक्त की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 14 एवं 15 जून को 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने तथा कुछ स्थानों पर 70 किमी प्रति घंटे तक की गति पहुंचने की चेतावनी भी जारी की गई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. सुनील पांडेय ने किसानों को सलाह दी है कि मौसम को देखते हुए खेतों में चल रहे कृषि कार्यों की उचित योजना बनाएं।

उन्होंने कहा कि जिन किसानों ने धान की नर्सरी तैयार कर रखी है, वे जल निकासी की समुचित व्यवस्था रखें तथा तेज हवा और वर्षा के दौरान खेतों में अनावश्यक कार्य करने से बचें। डॉ. पांडेय ने बताया कि गरज-चमक एवं आकाशीय बिजली की संभावना को देखते हुए किसान खुले खेतों, पेड़ों के नीचे तथा विद्युत पोलों के समीप खड़े न हों।

# गौ संरक्षण, किसान कल्याण व सुशासन भाजपा सरकार की उपलब्धि : कुलजीत

**प्रयागराज, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश शासन के कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह ठाकुर ने रविवार को प्रयागराज सर्किट हाउस में पत्रकारों से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने गौ संरक्षण, किसान कल्याण और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। पत्रकारों के एक प्रश्न के उत्तर में कुलजीत सिंह ने कहा कि आजादी के बाद जितना प्रभावी गौ संरक्षण वर्तमान केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यकाल में हुआ है, उतना किसी अन्य सरकार के समय नहीं हुआ।

# एमएलसी ने सीएचसी को दी 10 लाख की सौगात

**सुलतानपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड बल्दीराय सभागार में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं से जोड़ने का प्रयास किया। स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि, आंगनबाड़ी, शिक्षा, पशुपालन, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इससे पूर्व एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से उपलब्ध कराए गए 25 केबी क्षमता के जनरेटर का उद्घाटन किया।

जनरेटर की स्थापना से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में बिजली आपूर्ति बाधित होने पर भी स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध रूप से संचालित हो सकेंगी। इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों का उल्लेख किया। साथ ही यह संकल्प दोहराया गया कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा अमेठी जिला महामंत्री कृष्ण कुमार यादव, खंड विकास अधिकारी बल्दीराय, चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश कुमार, मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल, हलियापुर मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य बद्रीनाथ यादव,भाजपा मण्डल अध्यक्ष जग प्रसाद वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश अग्रहरी, नरेंद्र अग्रहरी, एडीओ आईएसबी शिवकुमार, श्याम प्रीत, राजधर शुक्ला, दिलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण पखवाड़ा : संरक्षण, शपथ व जागरूकता रैली आयोजित




**प्रतापगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** विश्व पर्यावरण पखवाड़े के अवसर पर विश्व युवक केंद्र दिल्ली एवं संभव फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में पर्यावरण संरक्षण शपथ एवं जनजागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में उपस्थित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, खेल प्रेमियों एवं सामाजिक कार्यकताओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाकर किया गया। प्रतिभागियों ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने, अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, जल एवं ऊर्जा की बचत करने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का संकल्प लिया। इसके उपरांत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम से प्रारंभ होकर मीराभवन मार्ग से होते हुए पुनः स्टेडियम परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेशों और नारों के माध्यम से आमजन को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध कराया। रैली में शामिल युवाओं और खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संदेश दिया।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी, क्रिकेट कोच आदित्य शुक्ला सहित विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

वक्ताओं ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाए। कार्यक्रम में संभव फाउंडेशन के पदाधिकारी प्रभात पाण्डेय, युगेश तिवारी एडवोकेट, विशेष पाण्डेय सहित अन्य गणमान्य नागरिक, खेल प्रेमी एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन या पखवाड़े का विषय नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली सामाजिक जिम्मेदारी है। यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति प्रकृति के प्रति संवेदनशील बने और छोटे-छोटे प्रयास करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

# प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में मन का स्वस्थ होना ज्यादा जरूरी : सतीश

**प्रयागराज, 14 जून (तरुणमित्र)।** अगर मन बीमार है तो सबसे फिट शरीर भी बोझ लगने लगता है। यह कहना है रेकी ग्रैण्ड मास्टर एवं स्पर्श चिकित्सक सतीश राय का। विश्व योग दिवस से एक सप्ताह पूर्व आयोजित मन, शरीर और ऊर्जा विषयक संगोष्ठी में उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य से ऊपर बताया। रविवार को एसकेआर योग एवं रेकी शोध प्रशिक्षण और प्राकृतिक संस्थान में हुई संगोष्ठी में दूर-दूर से आए लोगों ने हिस्सा लिया। जाने-माने स्पर्श चिकित्सक सतीश राय ने संगोष्ठी में कहा कि आज 80 प्रतिशत लोग बीपी, शुगर, अनिद्रा के मरीज हैं। पर असली बीमारी शरीर में नहीं, मन में है। उमस, तनाव, नौकरी का प्रेशर ये सब पहले मन को बीमार करते हैं, फिर शरीर टूटता है।

# किसान से अभद्रता और रिश्वत मांगने के आरोप में दो लेखपाल निलंबित

**कौशाम्बी, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिले के सिराथू तहसील में तैनात दो लेखपालों को किसान के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया और जांच के उपरांत दोनों लेखपालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार भदवा गांव निवासी राम भवन नौ जून को अपनी घरौनी से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए सिराथू तहसील पहुंचे थे। आरोप है कि संबंधित हल्का लेखपाल कमल सिंह ने जानकारी देने के एवज में पांच हजार रुपये की मांग की। इस बात को लेकर किसान और लेखपाल के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर लेखपाल कमल सिंह ने किसान का मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। घटना के दौरान तहसील परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

इसी बीच वहां पहुंचे दूसरे लेखपाल सुनील द्विवेदी ने भी किसान के साथ अभद्रता की और कथित रूप से अपशब्द कहते हुए उसे धमकी दी। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने कहा कि तहसील न्याय दिलाने का केंद्र होती है, न कि किसानों के अपमान का स्थान। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। मामले की जानकारी मिलने पर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री कृष्णा पासवान ने भी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# प्रभारी मंत्री ने 'मीडिया संवाद कार्यक्रम' में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर गिनाई उपलब्धियां

**श्रावस्ती, 14 जून, (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के क्रम में जनपद के प्रभारी मंत्री/मंत्री, कारागार विभाग, उ0प्र0 दारा सिंह चौहान की अध्यक्षता में विकास भवन के निकट जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में 'मीडिया संवाद कार्यक्रम' आयोजित किया गया।



इस दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद के पत्रकार बन्धुओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश की प्रगति तथा विकास के हर क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक एवं सराहनीय कार्यों सहित आम जनमानस का जीवन स्तर ऊंचा उठाने हेतु सरकारी नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विधायक श्रावस्ती रामफेरन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष भाजपा डा0 मिश्री लाल वर्मा, जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग, पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी व मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद उपस्थित रहे।

मंत्री ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार का विगत 12 वर्षों का कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा है। इस अवधि में देश ने हर क्षेत्र में उन्नत विकास किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रधानमंत्री जी द्वारा कोई कमी नहीं छोड़ी गई है। विगत 12 वर्षों में देश को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक है तथा हम वैश्विक मंच पर मजबूत नेतृत्व के रूप में उभरे हैं।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमेशा गरीबों, किसानों तथा उन सभी वर्गों के लिए कार्य किया है, जिनके बारे में आजादी के बाद से अब तक सोचा भी नहीं गया था। आज हम खाद्यान्न, रक्षा, चिकित्सा, आयुध उपकरणों के निर्माण में पहले से अधिक आत्मनिर्भर हैं, आज देश में शांति एवं कानून व्यवस्था का राज स्थापित है, हमारे नागरिक निडर होकर पहले से अधिक सम्मान से जीवन जी रहे हैं। मंत्री ने सरकार द्वारा चलाई गई महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया कार्यक्रम, स्किल इंडिया कार्यक्रम, सांसद आदर्श ग्राम योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम, स्मार्ट सिटी मिशन, अमृत योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, स्टार्टअप इंडिया योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, उजाला योजना, नमामि गंगे कार्यक्रम, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री वंदन योजना, आयुष्मान भारत योजना, खेलो इंडिया कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना व मुद्रा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लाभार्थीपरक योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्ग दर्शन में देश के चहुंमुखी विकास पर उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है।

इस दौरान प्रभारी मंत्री ने केन्द्र सरकार के विगत 12 वर्षों के कार्यकाल में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा प्रदर्शनी का भ्रमण कर अवलोकन भी किया। इस दौरान मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने केन्द्र सरकार के 12 वर्षों पर आधारित सेल्फी स्टैण्ड पर फोटो सेशन भी कराया।

# 69 गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा, 14 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में वांछित व गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लंबित गैर-जमानती वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

उक्त अभियान के क्रम में थाना स्तर पर टीमों का गठन कर कार्यवाही की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत जनपद के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा कुल 69 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। थाना-वार गिरफ्तारी का विवरण निम्नानुसार है- थाना कोतवाली नगर पुलिस ने 13, थाना कोतवाली देहात पुलिस ने 5, थाना इटियाथोक पुलिस ने 9, थाना खरगूपुर पुलिस ने 4, थाना मोतीगंज पुलिस ने 2, थाना धानेपुर पुलिस ने 2, थाना छपिया पुलिस ने 2, थाना खोड़ारे पुलिस ने 2, थाना तरबगंज पुलिस ने 7 वारण्टी को गिरफ्तार किया।

# तीन दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का भव्य शुभारंभ

**जन-जन तक पहुंच रहीं सरकार की योजनाएं**

**(कैसरगंज) बहराइच, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र एवं प्रदेश सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकास खंड कैसरगंज के ब्लॉक सभागार में तीन दिवसीय जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी सुरेश प्रसाद गौतम की विशेष उपस्थिति रही।



कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। स्वास्थ्य मेले में लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया।

मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के अधीक्षक डॉ. बी.डी. वर्मा ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित जांच कराने एवं स्वच्छता अपनाने की सलाह दी।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र चौधरी, एडीओ (आईएसबी) अजय त्रिपाठी, भाजपा कटका मंडल अध्यक्ष रामनिवास निषाद सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय इस जनकल्याणकारी शिविर एवं स्वास्थ्य मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर विभिन्न योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

# एसएसबी भिनगा में रक्तदान शिविर व शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**भिनगा/श्रावस्ती, दिनांक 14 जून (तरुणमित्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 14.06.2026 को 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा में रक्तदान शिविर एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अमरेन्द्र कुमार वरुण, कमांडेंट, 62वीं वाहिनी के दिशा-निर्देशन तथा कार्यवाहक कमांडेंट ललेंद्र रत्नाकर, द्वितीय कमान अधिकारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



रक्तदान शिविर का संचालन जिला चिकित्सालय, भिनगा से आए डॉ0 अभिनव पांडेय एवं उनकी चिकित्सा टीम तथा वाहिनी चिकित्सालय की डॉ0 कल्पना महादेव पाटील एवं उनकी टीम की निगरानी में किया गया। शिविर के दौरान वाहिनी के कार्मिकों एवं संदीक्षा सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 11 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने रक्तदान को मानवता की सेवा का सर्वोत्तम माध्यम बताते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी कार्मिकों एवं संदीक्षा सदस्यों को नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान के लिए शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में अपना योगदान देना था। रक्तदाताओं के उत्साह एवं सेवा भावना ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर वाहिनी के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान एवं संदीक्षा सदस्य उपस्थित रहे।

# नियमित योग करने से हमारा शरीर संतुलित व स्वस्थ रहता है: योगाचार्य सुधांशु

**गोंडा, 14 जून (तरुणमित्र)।** आवास विकास स्थित प्रेरणा पार्क में आम जनमानस के उत्तम स्वास्थ हेतु नियमित रूप से संचालित योग शिविर में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने उपस्थित समस्त योग साधकों को योगाभ्यास करवाया और उससे होने वाले लाभ पर भी प्रकाश डाला। शिविर में उपस्थित योग साधकों ने पूर्ण उत्साह के साथ योगाभ्यास किया।

योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने योग साधकों को गर्मियों में बढ़ते तापमान और लू से बचने के लिए शीतली प्राणायाम और शीतकारी प्राणायाम सबसे अधिक लाभदायक है। ये प्राणायाम प्राकृतिक रूप से शरीर के तापमान को कम करते हैं, मन को शांत करते हैं, और तनाव या एसिडिटी से राहत दिलाते हैं। इसी क्रम में योगाचार्य ने योग साधकों के लिए विशेष लाभकारी आसनों का अभ्यास करवाया। ताड़ासन, भुजंगासन, पूर्णतितली-आसान, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, सिंहासन के साथ-साथ कपालभाति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया गया।



शिविर के अंत में योगाचार्य सुधांशु द्विवेदी ने कहा यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों से बच जाते हैं। नियमित योग करने से शरीर संतुलित व सुडौल के साथ ही स्वस्थ रहता है। सभी लोगों को योग अपने दिनचर्या में अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए।

शिविर में शिव पूजन, अश्विनी, मनीष दुबे, मनोज शुक्ला, विजय, प्रदीप, डॉ एसपी वर्मा, शमीम खान, हेमू, महेश, संतोष गुप्ता, प्रमिला, रश्मि, गरिमा, पूनम, सुधा, जया, अंश, लक्ष्मी आदि अन्य जन मौजूद रहे।

## वारंटी अभियुक्त पुलिस की गिरफ्त में

**(फखरपुर) बहराइच, 14 जून (तरुणमित्र)।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत फखरपुर पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अजीत पुत्र काशीराम निवासी बहेलिया दा. बलचन्दपुर को उसके गांव से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध धारा 323, 325, 504 एवं 506 भा.दं.वि. के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक ओम प्रकाश गौड़, हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव एवं आरक्षी विक्रम सिंह शामिल रहे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को जनपद में चलेगा विशेष अभियान

**बहराइच, 14 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण का कवरेज अपेक्षा से कम रहने पर स्वास्थ्य विभाग ने विशेष रणनीति लागू की है। महिलाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सभी सीएचसी अधीक्षकों को पात्र बालिकाओं की पहचान, परिवारों से संवाद, सामुदायिक सहभागिता और नियमित विशेष सत्रों के माध्यम से टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने जनपद में 14 वर्ष की पात्र बालिकाओं की लाइन लिस्ट तैयार कर ली है। इसमें उन बालिकाओं को शामिल किया गया है जिन्होंने अपना 14वां जन्मदिन पूरा कर लिया है लेकिन अभी 15 वर्ष की नहीं हुई हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार इन बालिकाओं की संख्या जनपद की कुल आबादी का लगभग एक प्रतिशत है। इस सर्वे कार्य में आशा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को भी इस मुहिम से सक्रिय रूप से जोड़ा गया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण एचपीवी संक्रमण है। समय पर लगाया गया एचपीवी टीका इस गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले की कोई भी पात्र बालिका इस सुरक्षा कवच से वंचित न रहे और सभी को समय पर टीकाकरण का लाभ मिले।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह के तृतीय शुक्रवार को जिले के सभी उपकेंद्रों पर विशेष एचपीवी टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। सत्रों से पहले परिवारों को जागरूक किया जाएगा तथा प्रत्येक आशा कार्यकर्ता को कम से कम पांच पात्र बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी दी गई है।

अभियान को व्यापक बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और समाज के प्रभावशाली लोगों को भी जोड़ रहा है। उपकेंद्रों पर आयोजित सत्रों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में भी प्राथमिकता के आधार पर एचपीवी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई

# 3 करोड़ 60 लाख रुपए के गबन में 69 अधिकारी व कर्मचारी नामजद

**गोंडा, 14 जून (तरुणमित्र)।** इंडियन बैंक की मुख्य शाखा में वर्ष 1997 में 2020 के बीच हुए करीब 3,60,16,000 रुपये के बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। इस संबध में इंडियन बैंक के सचिव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव इंडियन बैंक इम्पलाइज क्रेडिट कापोर्रेटिव सोसाइटी ने बैंक के 69 अधिकारियों और कर्मचारियों ग्राहकों के खिलाफ गोंडा के नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

इन 69 आरोपियों ने 23 वर्षों की इस अवधि के दौरान गोंडा इंडियन बैंक की मुख्य शाखा में तैनात रहे बैंक मैनेजर कैशियर सहित विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी शामिल हैं। सचिव ने आरोप लगाया है कि इन लोगों ने अपने पद और कर्तव्यों का दुरुपयोग करते हुए मनमाने ढंग से तीन करोड़ 60 लाख 16 हजार रुपये का गबन किया था। इससे पहले, विभागीय कार्रवाई के दौरान इन सभी आरोपियों ने गबन की गई राशि को ब्याज सहित वापस जमा करने का लिखित अनुबंध दिया था। हालांकि उन्होंने इस अनुबंध का उल्लंघन करते हुए टालमटोल की और घोटाले की रकम जमा नहीं की। सचिव ने बताया कि घोटाले की यह रकम अब बढ़कर चार करोड़ 90 लाख 8373 रुपये हो गई है। यह गंभीर वित्तीय अनियमितता और अपराध से संबंधित मामला है। नगर कोतवाली पुलिस ने सचिव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर सभी 69 नामजद इंडियन बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सोनू कुमार को सौंपी गई है। गोंडा नगर कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने जानकारी दी कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।साक्ष्य संकलन की कार्रवाई पूरी होने के बाद इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ गोंडा नगर कोतवाली पुलिस और विवेचक सोनू कुमार द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।यह धनराशि पहले तीन करोड़ 60 लाख रुपए थी लेकिन अभी चार करोड़ 90 लाख रुपए हो गई है।सचिव रविंद्र कुमार श्रीवास्तव से इस पूरे घोटाले को लेकर के साक्ष्य मांगा गया है।

# 50 गुमशुदा मोबाइल बरामद स्वामियों को किए गए सुपुर्द

**श्रावस्ती, 14 जून, (तरुणमित्र)।** पुलिस पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु लगातार तकनीकी संसाधनों का प्रयोग किया जा रहा है। इसी क्रम में गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी एवं आम जनता को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के द्वारा सर्विलांस सेल को विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी क्राइम भरत पासवान के कुशल पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल को बरामद करके उसके स्वामियों को प्रदान किए जाने हेतु अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी संसाधनों, मोबाइल IME कट्रैकिंग, लोकेशन एवं नेटवर्क डेटा का विश्लेषण करते हुए विभिन्न थानों से प्राप्त मोबाइल गुमशुदगी के प्रकरणों पर कार्य किया गया।

सर्विलांस टीम के अथक एवं सराहनीय प्रयासों के फलस्वरूप कुल 50 गुमशुदा मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख 20 हजार रुपये है, सफलतापूर्वक बरामद किए गए। इन मोबाइल फोन को पुलिस कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान 50 मोबाइल फोन संबंधित को विधिवत सुपुर्द किया गया।

# बंटवारे को लेकर विवाहिता ने फांसी लगाकर दी जान, पति पर मारपीट का आरोप

- दो मासूम बेटियों के सिर से उठा मां का साया
- मायके वालों के हंगामे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गोण्डा, 14 जून (तरुणमित्र)।** देहात कोतवाली क्षेत्र के बेसिया चैन ग्राम पंचायत में शनिवार देर शाम बंटवारे को लेकर हुए विवाद के बाद 24 वर्षीय विवाहिता राधा देवी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका अपने पति पर परिवार से अलग रहने का दबाव बना रही थी। पति के इनकार और मारपीट से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। घटना के बाद दो मासूम बेटियों के सिर से मां का साया उठ गया।

**ससुर की मौत के बाद बढ़ा विवाद**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राधा देवी पत्नी त्रिवेणी कश्यप निवासी बेसिया चैन की शादी 6 साल पहले बहराइच जिले के विशेश्वरगंज से हुई थी। राधा की दो बेटियां हैं, एक दो साल की और दूसरी महज दो महीने की। बीते 13 मई को त्रिवेणी के पिता मेवालाल का निधन हो गया था। इसके बाद से राधा पति पर दबाव बना रही थी कि वह अपनी मां, 14 वर्षीय भाई और 12 वर्षीय बहन से अलग होकर बंटवारा कर ले। लेकिन त्रिवेणी संयुक्त परिवार के साथ ही रहना चाहता था।

**सुबह हुई मारपीट, शाम को लगाई फांसी**

बताया जा रहा है कि शनिवार सुबह इसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर त्रिवेणी ने राधा की पिटाई कर दी। इससे नाराज राधा ने शाम करीब 7 बजे घर के अंदर कमरे में फंदे से लटककर जान दे दी।

**मायके वालों ने रोका शव, सीओ ने समझाया**

घटना की सूचना पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। उधर सूचना पाकर बहराइच से मृतका के मायके वाले भी आ गए। उन्होंने पति पर कार्रवाई की मांग को लेकर शव उठाने से रोक दिया। मौके पर पहुंचे सीओ नगर आनंद राय ने मायके वालों को समझा-बुझाकर शांत कराया। काफी मशक्कत के बाद परिजन माने।

**पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव**

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय गोण्डा भेज दिया है। देहात कोतवाली पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असल वजह स्पष्ट होगी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। दो महीने की दुधमुंही बच्ची और दो साल की बेटी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**मेहनवन (गोंडा), 14 जून (तरुणमित्र)।** धानेपुर थाना क्षेत्र के मुजेहना तिराहे पर शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में घायल पूरन पांडे (35 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्घटना में घायल दूसरे व्यक्ति उमेश्वर प्रसाद (60 वर्ष) की हालत गंभीर बनी हुई है।

शनिवार को देर रात ब्लाक तिराहे धानेपुर से मोटर साइकिल नम्बर पीबी 10 डीके 5724 से पूरन पाण्डेय पुत्र अयोध्या प्रसाद उम्र 35 वर्ष व उमेश्वर प्रसाद पुत्र हरिशंकर उम्र करीब 60 वर्ष निवासीगण बल्दूपुरवा मौजा बनगाई थाना धानेपुर गोण्डा की आनन्द नगर की तरफ जाते समय मुजहेना तिराहे पर आनन्द नगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा वाहन संख्या-यूपी 32 क्यू सी 5159 से उपरोक्त मोटर साइकिल को ठोकर लगने के कारण मोटर साईकिल पर सवार उपरोक्त दोनो व्यक्ति गंभीर घायल हो गये। सूचना पाकर पुलिस ने एम्बुलेंस से सीएचसी मुजेहना भेजा।

डाक्टरों द्वारा इलाज के बाद जिला अस्पताल गोण्डा भेज दिया गया। इलाज के दौरान पूरन पांडे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। धानेपुर इंस्पेक्टर अरविंद यादव ने बताया आर्टिगा वाहन को कब्जे में ले लिया गया है अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।


**ब्रह्म विद्या मन्दिर संस्कृत महाविद्यालय**

**ब्रह्म निवास आश्रम, वृन्दावन (मथुरा)**

पत्रांक- संस्कृत/26/2026

**नियुक्ति विज्ञापन**

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कार्यालय आदेश सं.-जी.735/2025 दिनांक-28.07.2025 के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बन्ध एवं मान्यता प्राप्त बृहम विद्या मन्दिर संस्कृत महाविद्यालय ब्रह्म निवास आश्रम वृन्दावन मथुरा में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत राज्यानुदानित उ.प्र. शासन द्वारा निर्गत उ.प्र. आरक्षण नियमावली के अन्तर्गत एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत आर्हता अध्यादेश के अनुसार निम्नलिखित रिक्त पदों पर नियुक्त हेतु आवेदन पत्र प्रकाशित होने के 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर पंजीकृत डाक द्वारा रूपये 1000/एक हजार के आवेदन शुल्क/बैंक ड्राफ्ट जो प्रबन्धक बृहम विद्या मन्दिर संस्कृत महाविद्यालय वृन्दावन मथुरा के नाम देय होगा के साथ में शैक्षिक प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर आमंत्रित किये जाते हैं।

1. सहा. विभागाध्यक्ष व्याकरण-01-पद हेतु अनारक्षित सम्बन्ध विषय में द्वितीय श्रेणी में आचार्य/स्नातकोत्तर उपाधि, परम्प0 उपाधि को वरीयता।
2. सहा. विभागाध्यक्ष साहित्य-01-पद हेतु अनारक्षित सम्बन्ध विषय में द्वितीय श्रेणी में आचार्य/संस्कृत एम.ए. उपाधि, परम्प0 उपाधि को वरीयता।
3. सहायक विभागाध्यक्ष आधुनिक विषय (हिन्दी)-01-पद हेतु अनारक्षित सम्बन्ध विषय हिन्दी में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर/समकक्ष उपाधि, परम्प0 उपाधि को वरीयता।
4. सहायक विभागाध्यक्ष आधुनिक विषय (समाजशास्त्र)-01-पद हेतु अनारक्षित सम्बन्ध विषय समाज शास्त्र में द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर/समकक्ष उपाधि, परम्प0 उपाधि को वरीयता।

**नोटः-** 1. वेतनमान उ.प्र. शासन के नियमानुसार देय होगा।
2. त्रुटिपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
3. निर्धारित समयाविधि के अन्तर्गत आवेदन पत्र प्राप्त न होने की दशा में बाद में स्वीकार नहीं होंगे।

**प्रबन्धक**
**ब्रह्म विद्या मंदिर संस्कृत महाविद्यालय**
**वृंदावन (मथुरा)**


# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर स्वास्थ्य मेले व खरीफ गोष्ठी का शुभारंभ

**गोंडा, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेडिकल कॉलेज गोंडा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वृहद स्वास्थ्य शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन किया तथा पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरित कर योजना के लाभों से अवगत कराया।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लाखों लोगों को आर्थिक संबल मिला है।

शुभारंभ के उपरांत प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य मेले में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, जांच सुविधाओं एवं जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह, विधायक मेहनौन विनय कुमार द्विवेदी, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सांसद गोंडा एवं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री के प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष, अपना दल जिलाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय इस वृहद स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, विभिन्न रोगों की जांच, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे जिले के हजारों नागरिक लाभान्वित होंगे।

वेंकटाचार्य क्लब में कृषि विभाग द्वारा आयोजित खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का प्रभारी मंत्री ने शुभारंभ किया एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। प्रभारी मंत्री ने विधायकगण के साथ गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की एवं बच्चों का अन्नप्रासन कराया।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियां को गिनाया। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जनपद के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनका व्यापक लाभ जनपद गोंडा को भी प्राप्त हुआ है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 14.22 लाख से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं।

# सपा संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर दिया जोर




**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर रविवार को समाजवादी पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने की। बैठक में विधानसभा अध्यक्षों एवं जोन प्रभारियों को संगठनात्मक मजबूती तथा चुनावी रणनीति के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान जनपद प्रभारी एवं पूर्व एमएलसी शशांक यादव, जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव तथा महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने पर जोर दिया। बैठक को संबोधित करते हुए जनपद प्रभारी एवं पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं को अभी से चुनावी तैयारियों में पूरी सक्रियता के साथ जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जोन प्रभारी अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत रखते हुए जनता के बीच पार्टी की नीतियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विचारों को पहुंचाने का कार्य करें।

जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सफलता का आधार मजबूत बूथ संगठन होता है। उन्होंने सभी जोन प्रभारियों को बूथ समितियों के गठन, मतदाता सूची के परीक्षण तथा नियमित जनसंपर्क अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाएं और समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें। महानगर अध्यक्ष शमीम खाँ सुल्तानी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। बैठक में सभी जोन प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। संचालन महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा ने किया। बहेड़ी विधानसभा अध्यक्ष नासिर खान एवं जोन प्रभारी वफाउर रहमान तथा 126 विधानसभा अध्यक्ष डॉ. इंद्रपाल यादव एवं जोन प्रभारी अरविंद यादव द्वारा आयोजित जोन बैठकों में 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज होने पर जनपद प्रभारी शशांक यादव ने सभी को माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकुमार पाल, रविंद्र सिंह यादव, सुरेंद्र सोनकर, नि.जिला कोषाध्यक्ष अशोक यादव, शेर सिंह गंगवार, भद्रासेन गंगवार, सिंपल कन्नौजिया, सुधीर यादव, नासिर रजा, सुरेश गंगवार, शकील सैफी आदि उपस्थित रहे।

# दानवीर भामाशाह की जयंती पर गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र के दिव्य कृपाल सत्संग भवन सभागार में रविवार को दानवीर शिरोमणि भामाशाह की जयंती अत्यंत भव्यता और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के शोध प्रमुख और कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शिवमंगल सिंह राठौर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भोजीपुरा और आसपास के क्षेत्रों से दस हजार से अधिक लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा सभागार और प्रांगण राष्ट्रभक्ति और जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम के बाद सभी आगंतुकों के लिए भोज महाप्रसाद का आयोजन किया गया, जहां हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। नीतियों और राष्ट्र निर्माण को भामाशाह के त्याग से जोड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद छत्रपाल गंगवार और भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, प्रशांत पटेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने कहा कि दानवीर भामाशाह का त्याग और राष्ट्रभक्ति इतिहास में अमर है।

उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपना सब कुछ दान कर दिया था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार भी भामाशाह के आदर्शों पर चलते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए काम कर रही है। मुख्य आयोजक शिवमंगल सिंह राठौर ने अपने संबोधन में पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंत्योदय और सेवा ही संगठन का मूल मंत्र है। उन्होंने युवाओं से कहा सनातन के रक्षक त्याग और बलिदान की प्रतिमूर्ति दानवीर भामाशाह के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, अभय चौहान, राहुल साहू, पूरनलाल लोधी, आरएस पाल, प्रशांत पटेल, ममता गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता और मंडल अध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल का आयोजक मंडल द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सभी अतिथियों को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस भव्य कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वेदप्रकाश पटेल ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव उर्फ लवकुश साहू, रमेश वर्मा ब्रजेश कुमार मौर्य, राहुल साहू,सहित दर्जनों कार्यकताओं ने दिन-रात एक कर दिया।

# सरकारी ट्रॉमा सेंटर पर रखी पानी की टंकी का ढक्कन गायब,संक्रमण फैलने का खतरा

**फिरोजाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पर रोगियों की प्यास बुझाने के लिये रखवाई गयी दो टँकीयो से ढक्कन गायब होने के कारण रोगियों व उनके साथ आये तीमारदारों में संक्रमण का खतरा बना हुआ है जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर की छत पर पेयजल आपूर्ति के लिये प्लास्टिक की टँकीयो को लगवाया गया है। जिनके द्वारा पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान रोगियों व उनके साथ आने वाले तीमारदारों को प्यास बुझाने के लिये वाटर कूलरों को भी परिसर में लगवाया गया है। लेकिन इन वाटर कूलरों में आने वाले पानी की करीब दो टँकीयो से ढक्कन ही गायब हो चुके है। एक मरीज के साथ आये उसके तीमारदार द्वारा बंदरो को भी नहाते हुए देखा गया है। वही आजकल आँधी चलने के कारण उसमे धूल व गन्दगी जाने का खतरा भी बना रहता है।

लेकिन कोई देखने वाला नही है। जब कि इस ट्रॉमा सेंटर पर रोगी अपने उपचार के लिए आता है, वही इन बिना ढक्कन लगी टँकीयो के पानी पीकर संक्रमित हो जाये तो यह स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही नही होगी।चिकित्सक के अनुसार खुली टँकी का पानी पीने से डायरिया जैसे संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। और उसमे यदि बन्दर अथवा कोई अन्य जानवर नहाता हो तो रेबीज का भी खतरा हो सकता है।जब कि ट्रॉमा सेंटर परिसर में अन्य निर्माण कार्यो को कराया जा रहा है। लेकिन रोगियों व अन्य की प्यास बुझाने के लिये रखवाई गयी पानी की टँकीयो के ढक्कन की तरफ किसी का भी ध्यान नही गया। जो एक लापरवाही का साक्षात उदहारण है। आखिर कैसे मिल सकेगा, स्वच्छ व जल व स्वास्थ्य लाभ।जब इसके बारे में जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ नवीन जैन से जानकारी की गयी तो उन्होंने कहा कि टूटे ढक्कनों को सही करवाने के लिए कह दिया गया है। लेकिन अभी तक क्यो नही लग सके। इसके बारे में पता करूँगा।

# यूपीएचसी सीबीगंज में जन कल्याण शिविर का किया आयोजन

**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** भारत सरकार के '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत यूपीएचसी सीबीगंज में जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री के प्रतिनिधि अनिल कुमार एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। साथ ही पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड वितरित किए गए। बच्चों को विटामिन-ए की खुराक अनिल कुमार एडवोकेट के द्वारा पिलाई गई। परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत नवविवाहित दंपतियों को शगुन किट प्रदान कर स्वस्थ परिवार एवं जिम्मेदार अभिभावकत्व का संदेश दिया गया। लाभार्थियों ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की। पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिल कुमार एडवोकेट द्वारा वृक्षारोपण किया गया तथा उपस्थित जनसमुदाय को अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर '2014 से 2026 : स्वस्थ भारत की यात्रा' विषयक आकर्षक रोड मैप तथा '12 वर्षों की स्वास्थ्य प्रगति' विषयक चार्ट प्रदर्शित किए गए। इन प्रदर्शनों में आयुष्मान भारत, मिशन इंद्रधनुष, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, टीबी मुक्त भारत अभियान, एनसीडी स्क्रीनिंग, डिजिटल हेल्थ मिशन, टेलीमेडिसिन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को दर्शाया गया।

प्रदर्शनी ने उपस्थित जनसमुदाय का विशेष ध्यान आकर्षित किया। अपने संबोधन में अनिल कुमार एडवोकेट ने यूपीएचसी सीबीगंज द्वारा किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. मधु गुप्ता के नेतृत्व में यूपीएचसी सीबीगंज ने स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने विशेष रूप से आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण, जनजागरूकता गतिविधियों तथा एचपीवी टीकाकरण अभियान के सफल संचालन की प्रशंसा करते हुए इसे बरेली जनपद के लिए प्रेरणादायक मॉडल बताया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गंगासरन डिवीजनल कंसल्टेंट, डॉ. अमित कुमार एसीएमओ तथा डॉ. मधु गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, यूपीएचसी सीबीगंज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। कर्मचारियों में फार्मासिस्ट हृदेश, स्टाफ नर्स मनमोहन, स्टाफ नर्स सरिता, आशा कार्यकर्ता सुबीता, मीता, छाया एवं नीरज शामिल रहे।

# फरीदपुर में लगा 'जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला'

## 'एक पेड़ माँ के नाम' से हुआ पौधारोपण



**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** सुशासन को समर्पित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 140 करोड़ भारतीयों की निरंतर सेवा के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को विकास खण्ड फरीदपुर में 'जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेला' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकास खण्ड परिसर स्थित पार्क में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण से हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष आंवला आदेश प्रताप सिंह एवं विधान परिषद सदस्य कुँवर महाराज सिंह ने आम के पौधों का रोपण किया।

इसके पश्चात समस्त जनप्रतिनिधियों ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले में बेसिक शिक्षा, कृषि, उद्यान, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। नागरिकों को केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जांच व दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सोनम ग्वाल, उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह, मंडलाध्यक्ष धर्मेंद्र तोमर, सोमदत्त पाल एवं प्रतुल अग्रवाल, उपजिलाधिकारी फरीदपुर राम जनम यादव, खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार, सहायक विकास अधिकारी ख्वाजा अहमद सहित विकास खण्ड फरीदपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मेले में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता ने पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर निस्तारण के निर्देश दिए।

# पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध लाभ पहुंचाएं : मंत्री

**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार पिछडा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में बरेली मण्डल के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्ष बैठक सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री द्वारा बरेली मण्डल के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। उन्होंने दिव्यांगजन एवं पिछड़े वर्ग के हितों से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि जल्द ही दिव्यांग बेटियों के लिए ई. ट्राई साईकिल वितरण कि भी योजना लागू होगी जिससे स्कूल जाने वाली दिव्यांग बेटियों को बहुत लाभ होगा। इस अवसर पर उप निदेशक समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सर्प दंश से किसान की मौत

**फिरोजाबाद , 14 जून (तरुणमित्र)।** थाना फरिहा क्षेत्र के गांव नगला भादो में रविवार की प्रातः खेत पर काम करते समय किसान को सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर ?आई है नगला भादो निवासी 55 वर्षीय अवधेश कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल रविवार की प्रातः अपने खेत पर धान की पौध लगा रहा था , तभी किसी सांप ने काट लिया जिससे वह जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। पड़ोस में काम कर रहे किसानों ने उसे गिरता हुआ देखा तो वह घटनास्थल की और दौड़ लिए उन्होंने देखा कि अवधेश के मुंह से झाग निकल रहा था , उन्होंने इसकी सूचना परिजनों को दी परिजन आये तब तक अवधेश ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है। मृतक ने अपने पीछे पत्नी एक पुत्र और एक पुत्री को रोते बिलखते छोड़ा है।

### आज से 21 जून तक मनाया जायेगा योग सप्ताह

**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरेली में 15 जून से 21 जून तक ३योग सप्ताह३ मनाया जाएगा। इसका शुभारंभ 15 जून को प्रातः 6:00 बजे स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अजय पाल सिंह ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार योग सप्ताह का उद्घाटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), जिला पंचायत अध्यक्ष, सांसद बरेली और विधायकगण की उपस्थिति में किया जाएगा। उद्घाटन के बाद योग के प्रचार-प्रसार के लिए एक पद यात्रा भी निकाली जाएगी। यह यात्रा स्पोर्ट्स स्टेडियम से शुरू होकर एजेंसी गार्डन तक जाएगी और वापस स्पोर्ट्स स्टेडियम पर समाप्त होगी। पद यात्रा को अतिथिगण हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। योग सप्ताह के तहत 15 जून से 21 जून तक जिले भर में विभिन्न योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# स्वास्थ्य समस्याएं मानवाधिकार सुरक्षा संगठन ने की सीबीसी जांच व अन्य सुविधाओं की मांग

## मुख्य चिकित्साधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**हमीरपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिले के मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त जांच ,सी.बी.सी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर समाजसेवी संगठन मानवाधिकार सुरक्षा एवं अपराध निरोधक संगठन की हमीरपुर जिला इकाई ने मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्साधिकारी रजत रंजन तिवारी के माध्यम से जिला मुख्य चिकित्साधिकारी हमीरपुर को ज्ञापन सौंपा। इसमें संगठन ने चार सूत्रीय मांग रखी जिसमें संगठन के जिलाध्यक्ष सैय्यद शहबाज अली ने बताया कि मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रक्त जांच हेतु मशीनें तकरीबन दो वर्ष से चिकित्सालय में उपलब्ध है । परंतु विभागीय निष्क्रियता के चलते इसको अभी तक संचालित नहीं किया गया है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि प्रयोगशाला में तैनात सरकारी कर्मचारी यह मशीनें जानबूझकर बंद लिए हैं ,ताकि मजबूरन मरीज इन सरकारी कर्मचारी की निजी पैथोलॉजी में जाने को विवश हों ।क्योंकि अस्पताल परिसर के बाहर खुली अधिकतर पैथोलॉजी इन कर्मचारियों के सगे संबंधियों की ही हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि चिकित्सकों द्वारा लिखी जाने वाली बाहर की दवाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। क्योंकि यह बाहरी दवाएं अधिकतर कमीशनखोरी के कारण लिखी जाती हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का अटल पार्क में शुभारम्भ



**फिरोजाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां जोरों से शुरू हो गई है 15 जून को (आज) अटल पार्क फिरोजाबाद में सुबह 5:30 बजे से उद्घाटन समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसके मुख्य अतिथि विधायक मनीष असीजा होंगे विशिष्ट अतिथि महापौर श्रीमती कामिनी राठौर, जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा,मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य होंगेपंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय फाउंडेशन के महासचिव एवं प्रधानाचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि करो योग रहो निरोग को आधार मानकर अटल पार्क में उनके द्वारा लंबे समय से योग शिविर आयोजित किया जा रहा है।

जिसमें अनेकों योग साधक एवं साधिकाएं नित्य प्रति योगासन और प्राणायाम कर अपने शरीर,मन,बुद्धि और आत्मा को शुद्ध और उन्नत बना रहे है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को दृष्टिगत रखते हुए15 जून से 21 जून तक अटल पार्क में विशेष योग शिविर आयोजित किया जा रहा है।आज सोमवार से योग सप्ताह की शुरूआत हो रही है।

इसलिए आज पूर्वाभ्यास के दौरान अनेकों योग साधक साधिकाओं ने जमकर पसीना बहाया। इस मौके पर प्रमुख रूप से मानिकचंद यादव, डॉ रामप्रताप सिंह, धनीराम गौतम दरोगा , ओमप्रकाश सविता,राजेश यादव, अवधेश राठौर,नीतू प्रजापति, हेमलता कुशवाह,शशि यादव, शालिनी वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. हिमांशु किये गये सम्मानित




**फिरोजाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)।** शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं अनुकरणीय योगदान के लिए फिरोजाबाद (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. हिमांशु शर्मा को 'भारत रत्न काशी महामना पुरस्कार' से वाराणसी में सम्मानित किया गया यह सम्मान वाराणसी स्थित बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के प्रांगण में आयोजित एक गरिमामय समारोह में प्रदान किया गया यह सम्मान राष्ट्र, संस्कृति एवं समाज हित में किये जा रहे विशिष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। बीएचयू संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि डॉ. हिमांशु शर्मा लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण योगदान देने के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, जिसे भारत की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक माना जाता है, उसी ऐतिहासिक परिसर में यह सम्मान प्राप्त करना डॉ. हिमांशु शर्मा के लिए गौरव का विषय रहा। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आये शिक्षाविदों, समाजसेवियों, साहित्यकारों एवं सांस्कृतिक क्षेत्र की विशिष्ट हस्तियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में शिक्षा और समाज सेवा को एक साथ लेकर चलने वाले व्यक्तित्व बहुत कम देखने को मिलते हैं। डॉ. हिमांशु शर्मा ने अपने कार्यों से यह सिद्ध किया है , कि समर्पण, परिश्रम और सेवा भावना के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। समारोह में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने डॉ. हिमांशु शर्मा की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने सहयोगियों, विद्यार्थियों एवं शुभचिंतकों को देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज और शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े अनेक विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति रही। उपस्थित जनों ने डॉ. हिमांशु शर्मा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# 30 जून तक तैयार होगी पीएम आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची

## सीडीओ ने कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के दिए निर्देश

**बरेली, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की स्थायी पात्रता सूची आगामी 30 जून तक हर हाल में तैयार की जाएगी।

विकास भवन सभागार में सीडीओ देवयानी ने इस संबंध में बैठक कर कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। बता दें कि आयुक्त ग्राम्य विकास, लखनऊ के कार्यालय पत्र संख्या 640/सम्प्रेक्षा/ प्र0मं0आ0यो0-ग्रा0/2026-27 दिनांक 02 जून, 2026 एवं पत्र सख्ंया 625/सम्प्रेक्षा/ प्र0मं0आ0यो0-ग्रा0/2026-27 दिनांक 06 जून, 2026 के क्रम में जिलाधिकारी, बरेली के अनुमोदन दिनांक 08 जून, 2026 के द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में स्थायी पात्रता सूची बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत जनपद में नियुक्त सर्वेयर्स एवं सेल्फ सर्वे के माध्यम से सर्वे कार्य कराया गया तथा चेकर्स की नियुक्ति करते हुए भारत सरकार द्वारा चिन्हित परिवारों का स्थलीय सत्यापन भी कराया गया। इसके उपरान्त भारत सरकार द्वारा सर्वेक्षित परिवारों में से चिन्हित सन्देहास्पद परिवारों का पुनर्सत्यापन कार्य डिलीशन मॉड्यूल के माध्यम से विकास खण्ड स्तर पर नियुक्त वेरीफायर के माध्यम से कराया गया एवं अपात्र परिवारों का नाम डिलीशन मॉड्यूल के माध्यम से सर्वे सूची से हटाया गया। सीडीओ ने कहा कि 30 जून, 2026 तक स्थायी पात्रता सूची की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये। तथा ग्राम सभा के बैठक से पूर्व समस्त ग्राम पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। रोस्टर के अनुसार ही ग्राम सभा की बैठकों का आयोजन किया जाये और आवास प्लस के माध्यम से ग्राम सभा की बैठकों के फोटोग्राफ अपलोड किये जायें।



मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का कार्य सुचारू रूप से किया जाये, इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित्ता उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखा जायें। इस दौरान परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, लेखाकार, आवास पटल सहायक एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहें।

# आधा सैकड़ा युवाओं ने बीजेपी व लोकदल छोड़कर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक का दामन थामा

फरुर्खाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला कार्यालय बरौन (कायमगंज रोड, फरुर्खाबाद) में आज एक भव्य स?वरूप का समवेश कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के फरुर्खाबाद युवा नगर अध्यक्ष सिद्धांत सिंह, राष्ट्रीय लोक दल के जिला संयोजक अवनीश तोमर के साथ-साथ योगेंद्र सिंह राठौर, हसन सिद्दीकी, सुमित बाल्मीकि, सिद्धार्थ वर्मा, शिवम मिश्रा, हरीश कश्यप, सौरभ राजपूत, अरविंद चौहान, संजीव सिंह राठौर, मुकेश चौहान सहित भारी संख्या में समर्थक शामिल हुए। उपस्थित जनसमूह ने एकजुटता और बदलाव की स्पष्ट




संदेश दिया। जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चौहान ने कहा, हमारे समाज की वास्तविक जरूरतें विकास, सुरक्षा और न्याय हैं। आज का समावेश इस बात का प्रतीक है कि जब नेक इरादे और जनता का विश्वास मिलते हैं तो सीमाएँ टूट जाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक हर वर्ग के साथ खड़ा रहेगा और स्थानीय मुद्दों के समाधान के लिये जनआंदोलन को तेज किया जाएगा।

## कार्यक्रम के प्रमुख संदेश

एकता व समरसताः विभिन्न संगठनों व नेता-वर्गों का समावेश यह प्रमाणित करता है कि स्थानीय हितों के लिये सभी मिलकर काम कर सकते हैं, विकास का एजेंडाः सड़कों, स्वच्छता, पानी एवं बिजली और रोजगार पर तात्कालिक ध्यान दिया जाएगा।
लोकहित व उत्तरदायित्वः जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जनता की आवाज बनकर उनके मुद्दों को सशक्त रूप से उठाएगा। सक्रिय जनभागीदारीः युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं को जोड़कर सतत जनसमर्थन का निर्माण किया जाएगा।
इस मौके पर उपस्थित लोगों ने मिलकर जिला स्तर पर समन्वय को मजबूत करने, आगामी जनसांख्यिक अभियान और नागरिक सुविधाओं के लिए तुलनीय रणनीतियाँ बनाने पर सहमति व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि वे पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित की नीति के साथ स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से समन्वय बढ़ाएंगे ताकि विकास योजनाएँ शीघ्रता से जमीन पर उतरें। कार्यक्रम का समापन एक संकल्प-वक्ता के साथ हुआ जिसमें सभी नेताओं ने मिलकर कहाः जनहित सर्वोपरि – विकास, अर्ध-न्याय और सामाजिक समता के लिए हम एकजुट हैं।

# मामा के घर आधी रात का 'सीक्रेट एंट्री' कांड! प्रेम प्रसंग के शक में भांजे पर फूटा गुस्सा, फिर चली चाकू की धार, दोनों अस्पताल में भर्ती

हरदोई, 14 जून (तरुणमित्र)। जिले के हरियावा थाना क्षेत्र के विन्नहा गांव में रिश्तों के उलझे ताने-बाने ने रविवार रात खूनी मोड़ ले लिया। राजकीय बालिका छात्रावास संडीला में चौकीदार के पद पर तैनात मिश्रू और उनके भांजे सूर्य प्रताप के बीच ऐसा विवाद हुआ कि देखते ही देखते दोनों लहूलुहान हो गए। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई।

मिश्रू के मुताबिक वह किसी निजी कार्य से बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के खिरिया गांव गए थे। घरवालों को उन्होंने बताया था कि वह अगले दिन सुबह लौटेंगे, लेकिन किसी कारणवश देर रात ही वापस घर पहुंच गए। घर के बाहर बाइक खड़ी करने के बाद वह नल पर पानी पीने लगे। इसी दौरान उन्हें घर के अंदर कुछ आहट महसूस हुई। आरोप है कि तभी उन्होंने देखा



कि उनका भांजा सूर्य प्रताप दीवार फांदकर भागने की कोशिश कर रहा है। मिश्रू का दावा है कि करीब चार महीने पहले उन्हें अपनी पत्नी और भांजे के बीच प्रेम प्रसंग की जानकारी मिली थी, जिसके बाद उन्होंने सूर्य प्रताप को घर से निकाल दिया था। मिश्रू का आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी की जानकारी मिलने पर पत्नी ने ही सूर्य प्रताप को घर बुलाया था। जब उन्होंने उसे मौके पर देखा और विरोध किया तो कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सूर्य प्रताप ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे मिश्रू गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना दी गई।वहीं दूसरी ओर सूर्य प्रताप ने मामा के आरोपों को गलत बताया है। उसका कहना है कि उसे खुद मामा ने फोन कर बुलाया था। घर पहुंचने पर मामा उसकी और मामी के बारे मे आपत्तिजनक बातें करने लगे। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और मारपीट हो गई। घटना में सूर्य प्रताप भी घायल हुआ है।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि मिश्रू की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर पूरे मामले की जांच में जुटी है। शुरूआती जांच में मामला पारिवारिक विवाद और कथित प्रेम प्रसंग से जुड़ा सामने आ रहा है। अब पुलिस मेडिकल रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

# अध्यक्ष नन्हे पंडित ने कार्यकारिणी की घोषित

फरुर्खाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)। नगरपालिका परिषद फरुर्खाबाद के सभासदों की बैठक महावीरगंज स्थित रस्तोगी धर्मशाला में वरिष्ठ सभासद संतकुमार बाथम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सभासदों ने अपनी नई कार्यकारिणी बनाने हेतु विचार विमर्श किया। काफी मंथन के बाद अध्यक्ष कृष्णकुमार शर्मा उर्फ नन्हे पंडित ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की। अध्यक्ष नन्हे पंडित ने बताया कि मनोज अग्रवाल पूर्व एम एल सी को मार्गदर्शक बनाया गया। जबकि संरक्षक में संतकुमार बाथम, अशोक मिश्रा, ब्रजेश शुक्ला, रफी अंसारी, असलम अंसारी, विश्वनाथ




कसेरे, संगठन मंत्री नरेंद्र यादव, श्याम राजपूत, दीक्षा, नेहा यादव, अंजलि दिवाकर, विधिक सलाहकार स्नेहलता त्रिपाठी, शशांक शेखर राजपूत, नीलम अग्निहोत्री, अनिल यादव, धर्मेंद्र कनौजिया के अलावा अध्यक्ष कृष्णमोहन शर्मा उर्फ नन्हे पंडित, महामंत्री शक्ति सिंह कुशवाहा, कोषाध्यक्ष विजय अनुरागी, उपाध्यक्ष लइक राइन, सचिन सुमन, अनीता कनौजिया, मृदुल कटियार, मंत्री संजीव बाजपेई, गुलाम रसूल, निर्मला शाक्य, पूनम देवी गौतम, जूली मिश्रा, अमीरुद्दीन छोटे, मीडिया प्रभारी मुदस्सिर खान को बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्यों में मुनिशुद्दीन, नितिन सिंह, ज्ञान सिंह, अनवर खा, बबली देवी, कश्मीर सिंह, आमोद, रजनीश कुमार आदि प्रमुख सदस्य हैं। बैठक का संचालन सभासद रफी अंसारी ने किया। बैठक में सभी सभासद एवं कुछ महिला सभासदों के पति मौजूद रहे।

## नवनिर्मित पैथोलॉजी लैब का हुआ उद्घाटन

अहिरोरी, हरदोई, 14 जून (तरुणमित्र)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहिरोरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशाल 'वृहद स्वास्थ्य मेले' का भव्य आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अहिरोरी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि व उनके सुपुत्र अनुभव सिंह, और मंडल अध्यक्ष शालिग्राम सहित क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।स्वास्थ्य मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं और परामर्श उपलब्ध कराया गया।

# प्रभारी मंत्री ने सरीन आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की

फरुर्खाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने अपने एक दिवसीय जनपद दौरे के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए एवं उन्होंने भाजपा की वरिष्ठ नेत्री स्वर्गीय डॉ. रजनी सरीन के लोहाई रोड स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। पूर्व ब्लाक प्रमुख भास्कर दत्त द्विवेदी के सेनापति स्थित आवास पर पहुंचकर मुलाकात की इसके उपरांत पूर्व विधायक स्वर्गीय महराम सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके पुत्र एवं परिवार जनों से मुलाकात की। प्रभारी मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह



का काफिला पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचा जहां उन्होंने भाजपा के जिला पदाधिकारीयों की बैठक में आगामी चुनावी रणनीति पर चर्चा की। जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जिला कमेटी की बैठक में उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कहा कि विधानसभा चुनाव में 6 महीने का वक्त रह गया है पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां की जानकारी जनता तक पहुंचाएं योगी सरकार की विभिन्न योजनाएं जिनका लाभ पात्र लोगों को मिलने से वंचित रह गया है उनको लाभान्वित कराने का कार्य करें तीसरी बार सरकार बनाने के लिए अथक मेहनत और प्रयास करने पड़ेंगे सरकार द्वारा प्रदेश में दिया गया सुरक्षित माहौल जनता के बीच अति लोकप्रिय है इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को जनता के बीच ले जाएं। इस दौरान जिला महामंत्री अमरदीप दीक्षित हिमांशु गुप्ता गोपाल राठौर जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कठेरिया जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक वीरेंद्र सिंह राठौड़ आदि लोग मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने जिला कोर ग्रुप की बैठक की जिसमें उन्होंने भाजपा जिला अध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी कायमगंज विधायक डॉक्टर सुरभि अपना दल एस जिला अध्यक्ष रिंकू कटियार निषाद पार्टी जिला अध्यक्ष अनिल बाथम सुहेलदेव पार्टी जिला अध्यक्ष अतुल बाथम पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता जिलाधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# वाह रे बिलग्राम तहसील! पहले खुद नापा, मेड़ बनाई, कब्जा दिलाया... फिर 'गिरगिट' की तरह बदल दी रिपोर्ट

बिलग्राम, हरदोई, 14 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार सूबे में ₹जीरो टॉलरेंस₹ और पारदर्शी सुशासन का ढिंढोरा पीटते नहीं थकती, लेकिन हरदोई जिले की बिलग्राम तहसील के 'अद्भुत' राजस्व कारनामों को देखकर तो साक्षात विधाता भी अपना सिर पकड़ लें! यहाँ कानून की किताबें और अधिकारियों की कलम किसी 'जादूई छड़ी' से कम नहीं हैं, जो पल में धूप को छांव और सच को झूठ साबित कर देती हैं। ग्राम श्यामपुर के गाटा संख्या 75 का ताजा मामला इसका जीवंत और शर्मनाक उदाहरण है, जहाँ प्रशासन ने पहले खुद मेड़बंदी कराई, कब्जा दिलाया और फिर अचानक नींद से जागकर अपनी ही रिपोर्ट पर 'थूककर चाटने' का काम

**● गाटा संख्या 75 का 'भूमि खेल': एक ही जमीन, एक ही अफसर, लेकिन दो रिपोर्टों में 'आसमान-जमीन' का अंतर, जीरो टॉलरेंस की उड़ी धज्जियां**

कर दिया। कहानी शुरू होती है श्यामपुर निवासी दिवाकर मिश्रा से, जिन्होंने गाटा संख्या 75 जो कागजों में 0.2710 हेक्टेयर थी की पैमाइश के लिए एसडीएम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। जब तहसील के 'महारथियों' ने फीता डाला, तो पता चला कि जमीन मौके पर सिर्फ 0.1792 हेक्टेयर ही बची है, यानी पूरे 0.0918 हेक्टेयर का 'महा-घाटा' हुआ था। मजेदार बात यह रही कि इस घाटे की भरपाई पड़ोसी गाटा संख्या 55, 74, 76 और 77 में हुई 'बढ़त' अवैध कब्जे के रूप में साफ दिखाई दे रही थी। प्रभावित पक्षों को बकायदा समन और अखबार के जरिए नोटिस दिया गया, लेकिन किसी की चूं तक नहीं निकली। आखिरकार, 28 मई 2025 को एसडीएम साहब ने इस पैमाइश को परम सत्य मानते हुए थाकबंदी का आदेश पारित कर दिया।

न्यायालय का आदेश तो आ गया, लेकिन बिलग्राम तहसील के सुस्त कछुओं को रेंगने में महीनों लग गए। जब थक-हारकर पीड़ित ने 11 मार्च 2026 को जिला कलेक्टर की चौखट पर गुहार लगाई, तब जाकर तहसील प्रशासन की तंद्रा टूटी। साहबान दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, गाजे-बाजे के साथ मेड़बंदी कराई और दिवाकर मिश्रा को उनकी जमीन पर कब्जा सौंप दिया। पीड़ित ने राहत की सांस ले ही थी कि असली 'तहसीली खेल' शुरू हो गया। आरोप है कि कब्जा मिलने के कुछ ही दिनों बाद बाहुबलियों ने सरकारी मेड़ को ताश के पत्तों की तरह ढहा दिया, गाली-गलौज की और जमीन वापस अपने खेत में मिला ली। पीड़ित जब आईजीआरएस की शिकायत लेकर पहुंचा, तो 19 मई 2026 को इसी तहसील के राजस्व निरीक्षक ने पहली रिपोर्ट में बड़े गर्व से तस्दीक की कि 'हाँ हुजूर, मेड़ तोड़ी गई है और मौके की स्थिति बदली गई है।'लेकिन तमाशा देखिए! जब कार्रवाई करने की बारी आई, तो न जाने कौन सा 'अदृश्य प्रसाद' बंटा कि प्रशासन की पूरी थ्योरी ही पलट गई। जब पीड़ित ने दोबारा शिकायत की, तो उसी राजस्व निरीक्षक और एसडीएम बिलग्राम ने एक नया 'ब्रह्म-ास्त्र' छोड़ दिया। नई रिपोर्ट में फरमाया गया कि आवेदक का तो नक्शा ही छोटा है, इसलिए उसे पूरी भूमि नहीं दी जा सकती। अब जनता पूछ रही है कि हुजूर, अगर भू-चित्र छोटा था, तो आपकी दिव्य आंखों ने उसी नक्शे के आधार पर थाकबंदी का आदेश कैसे पारित कर दिया? क्या तब साहबान भांग खाकर सो रहे थे? और अगर आदेश गलत था, तो पूरी सरकारी मशीनरी लाव-लश्कर के साथ मौके पर मेड़ गाड़ने और कब्जा दिलाने क्यों गई थी? क्या वह कोई सरकारी पिकनिक थी? सबसे बड़ा सवाल यह कि जब पहली रिपोर्ट में साफ हो गया कि दबंगों ने सरकारी आदेश की धज्जियां उड़ाते हुए मेड़ तोड़ी, तो उन पर एफआईआर क्यों नहीं हुई?एक ही जमीन, एक ही अधिकारी, लेकिन दो अलग-अलग तारीखों में दो विपरीत रिपोर्ट! बिलग्राम तहसील का यह विरोधाभास चीख-चीखकर कह रहा है कि यहाँ न्याय अंधा नहीं, बल्कि 'सुविधाशुल्क' या 'दबाव' के आगे नतमस्तक है। पीड़ित दिवाकर मिश्रा ने अब इस पूरे 'कागजी खेल' की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। देखना यह है कि जिला प्रशासन इस 'गिरगिट छाप' कार्यप्रणाली पर कोई हंटर चलाता है, या फिर बिलग्राम तहसील में न्याय इसी तरह अपनी मेड़ बदलता रहेगा।

# डॉ. ऋषि नाथ गुप्ता के नेतृत्व में 20 लोगों ने किया रक्तदान

फरुर्खाबाद, 14 जून (तरुणमित्र)। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर फरुर्खाबाद चैरिटेबल ब्लड बैंक में डॉ. आर.पी. मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में डॉ. आर.पी. मेमोरियल चैरिटेबल सोसायटी समिति के अध्यक्ष डॉ. ऋषि नाथ गुप्ता के साथ अमरनाथ गुप्ता, लखन दीक्षित, रितेश दीक्षित, नितिन शुक्ला, कौशलेंद्र सिंह, दिवाकर गुप्ता, कृष्णवीर सिंह, दिव्यांश सक्सेना, जया पुरवार, शशांक पाठक, अभिषेक राय, रोमित अवस्थी सहित कई लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। भारत विकास परिषद से राजीव पुरवार, राजेंद्र सक्सेना, नरेश चंद्र गुप्ता, अभिलाष वर्मा, अंजना सक्सेना, सार्थक गुप्ता सहित सम्मानित सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

आयोजकों की ओर से रक्तदाताओं को प्रोत्साहन स्वरूप घड़ी उपहार में भेंट की गई। आयोजकों ने कहा कि रक्तदान महादान है और समाज के हर वर्ग को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# इंस्टाग्राम विज्ञापन पर एक 'क्लिक' और 1.91 लाख साफ: हरदोई में साइबर डकैती से हड़कंप

हरदोई, 14 जून (तरुणमित्र)। सोशल मीडिया का चस्का और जरा सी असावधानी किस कदर किसी की जिंदगी भर की जमा-पूंजी को पल भर में लील सकती है, इसका एक खौफनाक और आंखें खोल देने वाला मामला हरदोई के कोतवाली देहात क्षेत्र से सामने आया है। यहाँ इंस्टाग्राम पर दिखे एक संदिग्ध विज्ञापन पर गलती से हुआ एक क्लिक एक युवक को इतना भारी पड़ा कि शातिर साइबर डकैतों ने मात्र 3 मिनट के भीतर उसके दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 1,91,000 रुपये उड़ाकर उसे सड़क पर ला खड़ा किया।

प्राप्त विवरण के अनुसार, ग्राम महोलिया शिवपार निवासी विकास गुप्ता 10 जून को दोपहर के समय अपने मोबाइल पर इंस्टाग्राम चला रहे थे। इसी दौरान उनकी स्क्रीन पर एक लुभावना विज्ञापन आया और धोखे से उनका हाथ उस विज्ञापन के लिंक पर क्लिक हो गया। क्लिक होते ही बैंक के सुरक्षा तंत्र की धज्जियां उड़ाते हुए डिजिटल ठगों ने लूट का वो नंगा नाच शुरू किया कि पीड़ित को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

ठगों ने दोपहर करीब 2:23 बजे विकास के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के खाते से झटका मारकर 63,000 रुपये पार कर दिए। ठगों की भूख यहीं शांत नहीं हुई; ठीक दो मिनट बाद यानी 2:25 बजे दोबारा उसी खाते से 30,000 रुपये और निकाल लिए गए। क्रूरता की हद तो तब हो गई जब इसके ठीक एक मिनट बाद यानी 2:26 बजे ठगों ने विकास के केनरा बैंक शाखा हरदोई के दूसरे खाते में सेंध लगाकर 98,000 रुपये और साफ कर दिए।

मात्र 180 सेकंड 3 मिनट के भीतर 1,91,000 की इस डिजिटल डकैती से पीड़ित बदहवास हो गया। पीड़ित विकास गुप्ता ने तत्काल कोतवाली देहात थाने में प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

देहात कोतवाल हरिनाथ यादव ने बताया कि पुलिस ने शनिवार देर रात रिपोर्ट दर्ज कर मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है। साइबर विशेषज्ञों ने कड़क चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया पर आने वाले किसी भी अज्ञात लिंक या संदिग्ध विज्ञापन पर क्लिक न करें, अन्यथा आपका एक गलत 'क्लिक' पूरे बैंक खाते को पल भर में शून्य कर सकता है।

## स्वास्थ्य शिविर में उमड़ी भीड़, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने किया शुभारंभ

हरदोई, 14 जून (तरुणमित्र)। बावन।सीएचसी बावन में मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया। स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया और मुफ्त चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में आए मरीजों की मुफ्त खून जांच, बीपी और शुगर की जांच की गई। डॉक्टरों द्वारा परामर्श के बाद मरीजों को निःशुल्क दवाइयां बांटी गईं। डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की। शिविर में आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं।

# जिले में विश्व रक्तदान दिवस पर उमड़ा उत्साहः डीएम

मैनपुरी, 14 जून (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी कहा कि शिविर में जिन लोगों ने रक्तदान किया है, यह रक्त किसी को नया जीवन देने में सहायक सिद्ध होगा, ब्लड की कमी के कारण बड़ी संख्या में लोग दम तोड़ देते हैं, आप द्वारा दान किया गया ब्लड तमाम लोगों का जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होने कहा कि जनपद में रक्तदाताओं की कमी नहीं हैं, कई रक्तदाताओं ने अनेकों बार रक्तदान कर जनपद में ही नहीं बल्कि प्रदेश में नाम रोशन किया है, जो गौरव की बात है। उन्होने कहा कि चिकित्सक बेहतर उपचार देकर लोगों का जीवन बचा सकते हैं, लेकिन रक्तदान करने



वाला व्यक्ति किसी का जीवन बचाने में अपना योगदान दे सकता है। उन्होने कहा कि मानव सेवा से बड़ा संसार में कोई कर्म नहीं है, स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले व्यक्ति अपने जीवन में दान किये गये रक्त से कितने लोगों को नयी जिन्दगी देते हैं, इसकी जानकारी रक्तदाता को भी नहीं होती लेकिन वह जनसेवा में निरतंर अपना योगदान देते रहते हैं, ऐसे लोगों से हमें प्रेरणा लेकर मानवहित के लिए काम करना चाहिए। उन्होने कहा कि रक्तदान करने से मनुष्य कई बीमारियों से बच सकता है, रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती बल्कि 48 घंटे के भीतर मनुष्य के शरीर में नया खून बनकर तैयार हो जाता है, जो रक्तदान करने वाले व्यक्ति को तमाम प्रकार बीमारियों से प्रतिरक्षित करने में सहायक होता है।

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने 26 बार रक्तदान करने वाले अवर अभियंता मानवेन्द्र, कई बार ब्लड डोनेट करने वाले अजीतकांत मिश्र, शिवानी, नारायण गुप्ता, नीरज बैजल, अमर उजाला जिला प्रतिनिधि राघवेन्द्र गहलोत, माला बैजल, विनीता दुबे, शिवांग जैन, वंश बैजल, राहुल गोगिल, उत्तम गुप्ता, संचिता गुप्ता, राजेश अरोरा, मोहित, गुरूद्वारा कमेटी, देवी सम्पत मंडल, एनसीसी कैडेट्स, एकरसानन्द आश्रम कमेटी, अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से भावना बैजल, नीरज बैजल, सौर्य प्रताप, वंशिका, ललित आदि को प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस दौरान मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. राज सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. ब्लड बैंक अधिकारी विकास यादव, डॉ. आर.के. शुक्ला, डॉ. शिखा अग्रवाल, निधि, रतनेश, अनिल कुमार, अजय पाल के अलावा रक्तदाता आदि उपस्थित रहे।

# विश्वविद्यालयों में तुरंत बहाल हो छात्र राजनीतिः डॉ. रामाधार

हरदोई, 14 जून (तरुणमित्र)। 'छात्रसंघ परिवार हरदोई' और 'आप और हम चेतना मंच' के संयुक्त तत्वावधान में सीएसएन डिग्री कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह के डीएम चौराहा स्थित आवास पर एक गरिमामयी श्रद्धांजलि सभा सह परिचर्चा का आयोजन किया गया।

यह सभा सीएसएन डिग्री कॉलेज छात्रसंघ के प्रथम महामंत्री रहे चंद्रविशाल दीक्षित, राजकीय महाविद्यालय जीडीसी के पूर्व महामंत्री क्षितिज दीक्षित और पूर्व महामंत्री शरद वाजपेयी की पावन स्मृति में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित जिले से लेकर राजधानी तक के पूर्व छात्रनेताओं, समाजसेवियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने दिवंगत नेताओं के चित्रों पर



पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नम आंखों से याद किया तथा उनके छात्र जीवन के संघर्षों, सहयोगी स्वभाव और सामाजिक योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर दिवंगत छात्रनेताओं के परिजनों–दीपक दीक्षित, रघुवीर दीक्षित 'छोटू' और मनोज दीक्षित ने भी उपस्थित होकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। छात्रसंघः समस्या, संघर्ष और समाधान विषय पर केंद्रित इस सभा में मुख्य वक्ता एवं सीएसएन डिग्री कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामाधार दीक्षित ने छात्रहितों में छात्रसंघ की

**● हरदोई में तीन दिवंगत दिग्गज छात्रनेताओं को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि, उमड़ा पूर्व छात्रनेताओं का सैलाब**

उपयोगिता पर विशेष बल देते हुए विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव तुरंत बहाल करने की पुरजोर मांग उठाई. वहीं, कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व महामंत्री अनिल सिंह वीरू ने छात्रसंघ को लोकतंत्र और राजनीति की प्रथम पाठशाला बताया और छात्रहितों की रक्षा में इसकी सकारात्मक भूमिका की सराहना की। सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्राचार्य डॉ. नरेशचंद्र शुक्ल ने छात्र राजनीति से निकले देश के प्रख्यात शिक्षाविदों और जनप्रतिनिधियों को याद करते हुए इस पूरी वैचारिक पहल की सराहना की।इसके साथ ही पूर्व अध्यक्ष पारुल दीक्षित, गोविंद सिंह सोमवंशी, अंबुज शुक्ला, मिथिलेश सिंह चौहान, एडवोकेट अरविंद सिंह भालोद और कमलेश पाठक सहित अन्य वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि छात्रसंघ ही छात्रों की समस्याओं के समाधान का सबसे प्रभावी और मजबूत मंच है। कार्यक्रम का कुशल संचालन महेश मिश्र ने किया, जबकि आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस शोक व संकल्प सभा में बड़ी संख्या में पूर्व छात्रनेता, प्रबुद्ध अधिवक्ता, समाजसेवी और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा और मुस्तैदी के बीच राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता परीक्षा सम्पन्न

मैनपुरी, 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद के 04 परीक्षा केंद्रों पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता पुरुष-महिला राजकीय इंटर कॉलेज प्रारम्भिक परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, परीक्षा केदो पर मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता के साथ पीने हेतु ठंडे पानी, स्वास्थ्य सेवाओं के दृष्टिगत एंबुलेंस मय चिकित्सा दल के उपलब्ध रही। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा द्वारा जनपद के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण, निरीक्षण कर सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों एवं कक्ष निरीक्षकों को सतर्कता एवं सजगता के साथ दायित्वों का निर्वहन करने, परीक्षा केंद्रों के आसपास प्रभावी चेकिंग व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने हेतु निर्देश दिए साथ ही परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों एवं सेक्टर



मजिस्ट्रेटों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया रहा, सीसीटीवी कैमरे निरतंर क्रियाशील रहे, जिला प्रशासन, केन्द्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों, सेक्टर, स्टेटिक मजिस्ट्रेट की सजगता से परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हुयी, कुं. आर.सी. कन्या इंटर कॉलेज में 480 के सापेक्ष 134, पी.एम. राजकीय इंटर कॉलेज में 384 के सापेक्ष 96, श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 344 के सापेक्ष 92, सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 480 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 109 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, शेष परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन व जनकल्याण को समर्पित : रजनी तिवारी

## मीडिया संवाद में गिनाईं केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां, कलेक्ट्रेट परिसर में किया पौधरोपण

**उन्नाव, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने जिलाधिकारी घनश्याम मीना और सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज की उपस्थिति में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से मीडिया के समक्ष रखा। राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में सरकार ने गरीब, युवा, किसान और महिला को केंद्र में रखकर विकास कार्य किए हैं। आज भारत विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और सेनाएं पहले से अधिक मजबूत हुई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, जबकि जल जीवन मिशन के माध्यम से करोड़ों घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाओं ने समाज के विभिन्न वर्गों को सशक्त बनाया है।




मंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं से गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। किसानों को उनकी उपज के बेहतर बाजार मिले हैं, वहीं बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि सशक्त, समृद्ध और सुरक्षित भारत का संकल्प आज धरातल पर साकार होता दिखाई दे रहा है। इस अवसर पर सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने कहा कि केंद्र सरकार का 12 वर्ष का कार्यकाल देश के नवनिर्माण, आर्थिक सुधार, वैश्विक प्रतिष्ठा और अंत्योदय को समर्पित रहा है। भारत आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रेस वार्ता के समापन के बाद राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड, परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जन आरोग्य मेले के साथ शुरू हुआ खेत बचाओ अभियान, किसानों को दिया जागरूकता का संदेश



**उन्नाव, 14 जून (तरुणमित्र)।** नवाबगंज विकास खंड परिसर में सोमवार को जन कल्याण दिवस, जन आरोग्य मेला एवं खेत बचाओ अभियान का शुभारंभ सांसद डॉ. स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान एवं विधायक मोहान बृजेश रावत की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में किसानों को आधुनिक एवं संतुलित खेती के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया।सांसद साक्षी महाराज ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री और खेत बचाओ अभियान की उपयोगिता बताते हुए किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कृषि को लाभकारी बनाने के लिए जागरूकता और तकनीकी जानकारी आवश्यक है। विधायक बृजेश रावत ने किसानों को भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अंधाधुंध

### ❑ साक्षी महाराज बोले- संतुलित उर्वरक प्रयोग और फार्मर रजिस्ट्री से होगा कृषि क्षेत्र का सशक्तिकरण

रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग खेतों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और उन्हें कृषि विकास की आधारशिला बताया।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रति हेक्टेयर अधिकतम सात बैग यूरिया और पांच बैग डीएपी का ही प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने किसानों को एसएसपी, नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, हरी खाद, वर्मी कम्पोस्ट और जैविक खाद जैसे वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों ने कहा कि संतुलित उर्वरक प्रयोग से खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की गुणवत्ता सुधरेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। कार्यक्रम के अंत में किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने तथा खेत बचाओ अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की गई।

# विश्व रक्तदाता दिवस पर कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन को मिला सम्मान

**उन्नाव, 14 जून (तरुणमित्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल उन्नाव में आयोजित कार्यक्रम में कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन परिवार एवं सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान के लिए आपको सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी उन्नाव घनश्याम मीना ने रक्तदान शिविर आयोजित कराने, जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करने तथा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उत्कृष्ट कार्यों के लिए माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। इसके साथ ही जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र (सर्टिफिकेट) प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता अनुराग प्रशांत दीक्षित, विमल द्विवेदी, रक्तवीर अनुराग राठौर, निर्मेश पटेल, अमन वर्मा सहित अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# हादसा : वाटर फ्रीजर में उतरा करंट, युवक झुलसा

**बंडा/शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत क्षेत्र में रविवार को सार्वजनिक वाटर फ्रीजर में करंट उतर आया। यह घटना सुनासिर नाथ मंदिर के पास लगे वाटर फ्रीजर में हुई, जिसमें एक युवक झुलस गया। जानकारी के अनुसार, सनातन धर्म फाउंडेशन के संस्थापक एवं अध्यक्ष सौरभ कुमार वर्मा मंदिर के पास लगे वाटर फ्रीजर से पानी पीने और गोवंश के लिए पानी भरने पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने फ्रीजर को छुआ, वे उसमें प्रवाहित हो रहे विद्युत करंट की चपेट में आ गए। इससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर दी और सौरभ वर्मा को सुरक्षित बाहर निकाला। समय रहते की गई इस कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया और युवक की जान बच गई।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने गिनाई उपलब्धियां



### सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न
### लाभार्थियों को वितरित किए गए स्वीकृति पत्र एवं प्रशस्ति पत्र

**शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर ₹सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान₹ थीम के अंतर्गत सामाजिक कार्यकताओं से संवाद कार्यक्रम मुख्य अतिथि वित्त मंत्री सुरेश खन्ना एवं विशिष्ट अतिथि जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की उपस्थिति में गन्ना शोध परिषद में आयोजित किया गया। सामाजिक कार्यकताओं के साथ संवाद कार्यक्रम का मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती के समझ दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। मंत्री सुरेश खन्ना व नरेंद्र कश्यप, सांसद अरुण कुमार सागर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री उद्यमी युवा स्वरोजगार योजना के स्वीकृत पत्र, समाज कल्याण विभाग के छात्रवृत्ति के स्वीकृत पत्र, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदी को प्रशस्ति पत्र एवं स्वयं सहायता समूहों को सीसीएल स्वीकृत पत्र वितरित किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों से लोगों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीब परिवार ने बेटियों को पढ़ने लिखने, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है? । गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 11 करोड़ देश में तथा प्रदेश में एक करोड़ 86 लाख निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए हैं साथ ही तथा होली एवं दिवाली जैसे पर्वों पर निःशुल्क गैस सिलेंडर दिए जा रहे हैं। देश में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 5 करोड़ 67 लाख एवं प्रदेश में 62 लाख गरीब लोगों के सर पर पक्के छत देने का कार्य भी मोदी सरकार ने किया है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई योजनाएं धरातल पर उतारी गई है। प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में बिना ब्याज एवं बिना गारंटी के लोगों को ऋण एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए मृदा परीक्षण कार्ड उपलब्ध कराया जिससे खेतों में पैदावार बढ़ी है। वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी शासकीय योजनाओ एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। साथ ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु सरकार की भावी योजनाओं के संबंध में बताया गया।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर ब्लॉक परिसर में जागरूकता शिविर आयोजित

### युवा उद्यमियों को मिले 5-5 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र



**तिलहर/शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तिलहर ब्लॉक परिसर में जागरूकता एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लोगों को उनके लाभों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कविता यादव एवं खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्रा ने की।अपने संबोधन में उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर एडीओ पंचायत सुनील त्रिवेदी, एडीओ (आरडी) यशपाल सिंह, जेई (एमआई), सीडीपीओ, तकनीकी सहायक सत्येन्द्र सिंह, सचिव अशोक गंगवार, ग्राम कुआंटांडा की निवर्तमान प्रधान मोना सिंह सहित क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत चयनित दो लाभार्थियों को ब्लॉक प्रमुख कविता यादव द्वारा 5-5 लाख रुपये के स्वीकृति पत्र (चेक) प्रदान किए गए। लाभार्थियों ने सरकार की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपना स्वरोजगार स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जुड़कर लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) से सीएम युवा फेलो भरत सिंह एवं वरिष्ठ सहायक महेश कुमार भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन जनकल्याण, स्वरोजगार प्रोत्साहन एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ हुआ।

# अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज

**तिलहर/शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच शनिवार देर रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया। इस कार्रवाई से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व भी उपजिलाधिकारी द्वारा अवैध खनन में संलिप्त चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों समेत एक अन्य ट्रॉली को सीज किया गया था। इसके बावजूद क्षेत्र में अवैध मिट्टी और बालू खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। ग्रामीणों का



आरोप है कि रात के अंधेरे में खनन का कार्य जारी रहता है, जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। शनिवार रात करीब दस बजे उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय एवं क्षेत्राधिकारी इशिका सिंह ने पुलिस बल के साथ संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान क्षेत्र के ग्राम चोड़ेरी चोड़ेरा में मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जांच की गई। प्रशासनिक टीम को देखकर मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जांच के दौरान चालक से खनन संबंधी अनुमति पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। साथ ही मामले की रिपोर्ट खनन विभाग को भेज दी गई है, ताकि संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा सके। उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान मिट्टी से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई, जिसके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं थे। मामले की रिपोर्ट खनन अधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# अखिलेश यादव का हाल ममता बनर्जी से भी बुरा होगा : नरेंद्र

**शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछले चुनावों में भी दो लड़कों की जोड़ी सामने आई थी। परिणाम सबके सामने है। कांग्रेस का एक विधायक जीता और सपा अपने अस्तित्व को बमुश्किल बचा पाई। राहुल गांधी की तरह अखिलेश यादव का हाल होना है। ममता बनर्जी से बुरा अखिलेश यादव का हाल होगा। रविवार को गन्ना शोध परिषद में सरकार की योजनाओं को गिनाने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष अपनी जिम्मेदारियों को भूल गया है। जिस प्रदेश में विपक्ष हुआ करता था, वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें बन गई हैं। विपक्ष का सत्ता से दूर रहना उनकी अपनी जिम्मेदारी से दूर रहना है। लगातार विपक्ष धराशाई हो रहा है। उसे आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है।

मंत्री ने कॉकरोच जनता पार्टी के सवाल पर तंज कसा कि सुना है कि चींटी पार्टी भी बनने जा रही है। लोकतंत्र है, सभी को आनंद लेने का हक है। कहा कि उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में तेज गति से विकास कार्य हुए हैं। इसलिए यहां की जनता को योगी आदित्यनाथ और भाजपा के अलावा कुछ नहीं चाहिए।

# एनएसयूआई जिलाध्यक्ष को पुलिस ने किया नजरबंद

**शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) द्वारा लखनऊ में आयोजित प्रस्तावित राजभवन घेराव कार्यक्रम से पहले शाहजहांपुर के कई पदाधिकारियों को पुलिस द्वारा नजरबंद किया गया। इस मामले को लेकर कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ और प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित धांधली, पेपर लीक की घटनाओं और बढ़ती बेरोजगारी जैसे मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना था। उनका आरोप है कि शाहजहांपुर से कार्यक्रम में शामिल होने वाले एनएसयूआई पदाधिकारियों को उनके घरों में ही रोक दिया गया।एनएसयूआई नेताओं का आरोप है कि जिलाध्यक्ष रफी उल हसन को शनिवार की शाम लगभग पांच बजे से पुलिस की निगरानी में रखा गया और उन्हें घर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई। साथ ही जिला उपाध्यक्ष मोहसिन, अनुभव कटारिया सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों को भी राजधानी लखनऊ जाने से रोका गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष का कहना है कि छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है और इस प्रकार की कार्रवाई से युवाओं की आवाज को दबाया नहीं जा सकता।

# योग से जुड़कर ही तन और मन को स्वस्थ रखना संभव : डॉ. विजय

**शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में दयानंद योग केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय हड्डी रोग निवारण शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ सर्जन एवं शाश्वत पाठक अस्पताल के निदेशक डॉक्टर विजय पाठक ने मां सरस्वती, भगवान गणेश एवं भारतीय योग संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल जी की प्रतिमा पर रोली चंदन का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण करके किया। उत्तर प्रदेश पूर्वी के प्रांतीय मंत्री एवं जिला प्रधान पवन सिंह ने एवं केंद्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया। सभी साधकों ने मां सरस्वती, भगवान गणेश और श्री प्रकाश लाल जी की प्रतिमा पर पुष्प




अर्पण किए। डॉक्टर देशबंधु ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की।

सुनील सक्सेना के सभी साधकों के चंदन तिलक लगाने के उपरांत अर्चना गुप्ता, कुमकुम गुप्ता, सुमन तिवारी, संध्या सक्सेना तथा शशि वर्मा ने सामूहिक भजन प्रस्तुत किया। उमा टंडन ने टांगों की सूक्ष्म क्रियाएं, पद्मासन, ओम ध्वनि तथा गायत्री मंत्र का पाठ करवाया। लल्लन बाबू ने भुजाओं की सूक्ष्म क्रियाएं, डॉक्टर विनोद मिश्रा ने अर्ध चक्रासन, डॉक्टर देशबंधु ने तिर्यक ताड़ासन, चंद्र भाल वर्मा ने वक्रासन, प्रदीप गुप्ता ने भुजंगासन, बाला आहूजा ने चक्र पादासन, राजेश शुक्ला ने बाल क्रीड़ासन ,राजेश मिश्रा ने मर्कट आसन, सत्य प्रकाश तिवारी ने शवासन, सुनील सक्सेना ने गहरी लंबी श्वास का अभ्यास, रघुवीर सिंह ने प्राणायाम तथा विनोद बिहारी पांडे ने सहज ध्यान करवाया। वर्षा अवस्थी के सुंदर भजन प्रस्तुति के बाद मुख्य अतिथि डॉक्टर विजय पाठक को योग सम्मान से सम्मानित किया गया। केंद्र प्रमुख राजेश कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि को राजमुकुट पहनाकर माल्यार्पण किया। जिला प्रधान पवन सिंह ने बैज,क्षेत्रीय प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी ने पट्टिका, डॉक्टर विनोद मिश्रा ने योग सम्मान अंकित सैश तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हड्डी रोग और योग पुस्तक का डॉक्टर विजय पाठक द्वारा विमोचन भी किया गया। पांच दिनों में जिन शिक्षकों ने आसन और प्राणायाम करवाए, उन्हें जिला प्रधान पवन सिंह तथा मुख्य अतिथि डॉक्टर विजय पाठक में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# भीषण सड़क हादसा : खराब खड़ी डीसीएम में घुसी अनियंत्रित कार, उड़े परखच्चे, युवक की मौत

**जलालाबाद/शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के बरेली-जलालाबाद रोड पर स्थित इंडियन ढाबे के पास रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पेट्रोल पंप पर तेल भराने जा रहे पांच युवकों से सवार कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और सीधे वहां पहले से खराब खड़ी एक डीसीएम में जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में कार चालक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार सवार चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल भिजवाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चश्मदीदों के मुताबिक, बरेली रोड पर इंडियन ढाबे के पास पेट्रोल पंप के समीप पिछले काफी समय से एक डीसीएम खराब हालत में खड़ी थी। कार की रफ्तार तेज होने के कारण वह अचानक अनियंत्रित होकर पहले एक बार पलटी और फिर सीधे डीसीएम से जा टकराई।हादसे में कार चला रहे जलालाबाद



नगर के मोहल्ला प्रताप नगर निवासी अशोक कुमार गुप्ता उर्फ भोले (27 वर्ष) पुत्र रामसागर की दर्दनाक मौत हो गई।कार में सवार चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

घायलों में रवि निवासी करदोला,अरुण निवासी करदोला सत्यम निवासी कुंडरी,आकाश पुत्र ओमेंद्र निवासी गुनारा थाना जलालाबाद गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे इलाज के लिए मेडिकल भेजा गया है। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंची जलालाबाद पुलिस ने फौरन कार से सभी को बाहर निकाला। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने अशोक कुमार गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। वहीं, चारों घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद मृतक अशोक के घर में कोहराम मच गया है। मृतक अशोक कुमार गुप्ता उर्फ भोले अपनी मां-बाप का छोटा बेटा था और जलालाबाद सब्जी मंडी में फुटवियर (जूते-चप्पल) की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

> कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक डीसीएम से टकराई है। हादसे में कार चालक की मौत हुई है, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।
>
> **ज्योति यादव**
> **सीओ/जलालाबाद**

पत्नी का आरोपः मृतक की पत्नी खुशबू गुप्ता ने रोते हुए बताया कि उनके पति घर पर नहाने जा रहे थे। इसी बीच उनका दोस्त आकाश घर आया और जलालाबाद घूमने के बहाने उन्हें जबरदस्ती अपने साथ ले गया। अशोक ने मना भी किया, लेकिन आकाश नहीं माना। मासूम बच्चों के सिर से उठा सायाः अशोक की मौत से उनकी पत्नी खुशबू, 4 वर्षीय मासूम बेटी अदिति और 2 वर्षीय बेटी वृंदा का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# विश्व रक्तदान दिवस पर सहयोग संस्था व रानी लक्ष्मी बाई विंग ने लगाया रक्तदान शिविर

### राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया ने फीता काटकर किया शिविर का उद्घाटन



**शाहजहांपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** जनपद की चर्चित समाजसेवी संस्था सहयोग ने रानी लक्ष्मीबाई बिंग के साथ मिलकर संयुक्त रूप से विश्व रक्तदान दिवस के मौके पर डॉक्टर बहल मेमोरियल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, शिविर का राज्यसभा सांसद मिथिलेश कठेरिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया, जिसमें बड़ी संख्या में रक्तदान करने वाले लोग पहुंचे, राज्यसभा सांसद ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दूसरा दान नहीं है, यह दान सीधे-सीधे एक नया जीवन प्रदान करता है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे एमएलसी डॉक्टर सुधीर गुप्ता व महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता ने कहा कि वाकई में आज सहयोग संस्था व रानी लक्ष्मीबाई बिंग के द्वारा बहुत ही सुंदर कार्य किया जा रहे हैं, इस मौके पर उन्होंने रक्तदान करने वाले दानवीरों को संस्था की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।

कार्यक्रम में अनिल गुप्ता प्रधान, शाहनवाज खान एडवोकेट, प्रमोद गुप्ता पूर्व कप्तान वायु सेना, डॉक्टर नमिता सिंह ,डॉक्टर अमित सिंह, नीलम वर्मा, विकास सक्सेना, शालू यादव, रजनी गुप्ता,नवनीत प्रकाश गुप्ता, अमरदीप खालसा, शिवम वर्मा,अंकुश गुप्ता, महेंद्र दुबे, ममता यादव, संगीता गुप्ता आदि शामिल रहे।

# उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया संवाद के माध्यम से साझा की सरकार की उपलब्धियां




बाराबंकी, 14 जून (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं विकास कार्यों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में सम्मानित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों के साथ प्रेस वार्ता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार बृजेश पाठक ने मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण एवं विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया एवं आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों ने आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवेश, रोजगार एवं महिला सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। प्रदेश आज देश की विकास यात्रा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है तथा एक्सप्रेस-वे, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट एवं औद्योगिक निवेश जैसी परियोजनाएं विकास के नए आयाम स्थापित कर रही हैं। प्रेस वार्ता के दौरान उप मुख्यमंत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भावी विकास कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर राज्य मंत्री (कारागार) एवं जनपद प्रभारी मंत्री सुरेश राही तथा राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चन्द्र शर्मा सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, अध्यक्ष उ0 प्र0 अनुसूचित जाति आयोग बैजनाथ रावत,भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने संगठनात्मक बैठकों में की अभियानों की समीक्षा

बस्ती, 14 जून (तरुणमित्र)। उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद बस्ती के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही शनिवार को बस्ती प्रवास पर पहुंचे। उनके आगमन पर पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र तथा सैकड़ों कार्यकताओं ने फुटहिया चौराहे पर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने पत्रकारों से संवाद कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में भाग लेते हुए उन्होंने जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों, जनप्रतिनिधियों एवं सहयोगी दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिले की समीक्षा की। जिला पदाधिकारियों की बैठक में शासन और संगठन के मध्य समन्वय, जनसमस्याओं के समाधान तथा पार्टी द्वारा संचालित अभियानों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रभारी मंत्री ने सभी पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त किया तथा जनपद की प्रमुख समस्याओं की जानकारी ली।

बैठक को संबोधित करते हुए सूर्य प्रताप शाही ने स्पष्ट कहा कि जनभावनाओं से जुड़े मामलों में यदि किसी अधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों अथवा संगठन पदाधिकारियों की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता है तो ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान है।पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष जनसंपर्क अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि 50 तथा जिला पदाधिकारी 25 विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क कर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अभियान को संगठन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यकताओं से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। बैठक में 8 से 14 जून तक चल रहे विशेष जनसंपर्क अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एवं प्रगति पथ यात्रा, 14 से 16 जून तक आयोजित होने वाले जनकल्याण शिविर, 17 जून को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं प्रदर्शनी, 18 एवं 19 जून को प्राकृतिक खेती कार्यशाला तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की समीक्षा एवं रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### राजमासं ने समस्याओं को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बाराबंकी , 14 जून (तरुणमित्र)। राष्ट्रीय जनमानस संगठन की बैठक गन्ना संस्थान बाराबंकी में राष्ट्रीय अध्यक्ष सियाराम रावत की अध्यक्षता एवं रामदत्त रावत के संचालन में संपन्न हुई। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय मांग पत्र जिला प्रशासन को सोपा गया। दिए गए ज्ञापन में धान की बेरन व फसल रोपाई के समय पर्याप्त खाद एवं नहरे में पानी उपलब्ध कराने, आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारियों का बकाया मानदेय दिलाए जाने तथा गरुण कंपनी द्वारा बगैर सेवायोजन पोर्टल का सहारा लिए कर्मचारियों की मनमानी तरीके से चयन की जांच सहित पांच बिंदु दशार्या गया हैं। इस अवसर पर महासचिव दिवाकर शुक्ला, प्रदीप कुमार रावत, प्रदीप कुमार यादव, डॉ सत्यनाम शरण दास, हंसराज यादव, अशोक कुमार रावत, छोटेलाल वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किया।

### घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने से ट्री गार्ड हुए गिरना शुरू

सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 14 जून (तरुणमित्र)। पौधों का संरक्षण किए जाने के उद्देश्य से बनाए गए ट्री गार्डो में घटिया किस्म की सामग्री का प्रयोग किए जाने के चलते वे अब गिरना शुरू हो गए है। विकासखंड सिरौली गौसपुर अंतर्गत वन विभाग द्वारा मौलाबाद से लेकर औलिया लालपुर तक सड़कों के दोनों पटरियों के किनारे वृक्षारोपण के उद्देश्य से पौधों का संरक्षण किए जाने के लिए ठेकेदार द्वारा बनवाए जा रहे ट्री गार्डो में घटिया किस्म की पीले ईटे तथा बालू नाम मात्र की सीमेंट का प्रयोग किया जाने के चलते हुए अब गिरना शुरू हो गए । जिसकी लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं ग्रामीणों की माने तो इसमें बालू के अतिरिक्त किसी भी सामग्री का प्रयोग नहीं किया गया है। जरा सी तेज आंधी आने पर उनके गिरने का भी खतरा बना रहता है वहीं मजे की बात तो यह है कि अपनी कमियों को छिपाने के लिए विभाग ने आनन -फानन में इन बनाए गए ट्री गार्डो की पेंटिंग भी करवा दिया है।

### आटो रिक्शा चालको की बैठक में उठा उत्पीड़न का मुद्दा

बस्ती ,14 जून (तरुणमित्र)। रविवार को आटो रिक्शा जन कल्याण समिति की बैठक राजकीय इण्टर कालेज के परिसर में अध्यक्ष मो. हारून की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आटो रिक्शा चालकों के उत्पीड़न, अवैध उगाही, ड्राइंविंग लाइसेस में आ रही बाधा आदि पर विचार किया गया। निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का समाधान न हुआ तो आटो चालक जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेंगे बैठक को सम्बोधित करते हुये जिला संरक्षक महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि डीजल, पेट्रोल और सीएनजी की कीमत बढ जाने से आटो चालकों की समस्या बढ गयी है किन्तु बावजूद जनता और बोझ न पड़े इसलिये अभी तक किराया नहीं बढाया गया है। टेम्पो चालकों की आमदनी कम हो गयी है। सरकार ने शीघ्र पेट्रों कीमतों को कम न किया तो किराया बढाया जा सकता है जिला संरक्षक महेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद में फर्जी हैवी डीएल बनाने वालों का मजबूत गिरोह सक्रिय है जिसके तार से बस्ती से अरूणांचल प्रदेश तक जुड़े हैं। यह गिरोह बिना लर्निंग लाइसेंस बनवाये हैवी डीएल बनवा देता है। यही नहीं दुर्घटना की स्थिति में बैक डेट में भी डीएल बनवाया जा रहा है किन्तु अभी तक पुलिस गिरोह के सरगना तक नहीं पहुंच सकी है। उन्होने कहा कि विभागीय अधिकारी, संविदा कर्मचारी तो दोषी पाये जाने पर दण्डित हो गये किन्तु गिरोह के सरगना को आखिर कौन संरक्षण दे रहा है।

### पुण्यतिथि पर याद किये गये परमेश्वरदत्त प्रजापति: योगदान पर चर्चा

बस्ती , 14 जून (तरुणमित्र)। अखिल भारतीय प्रजापति कुम्भकार महासंघ द्वारा संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय परमेश्वर दत्त प्रजापति नाजिर को उनकी 47 वीं पुण्यतिथि पर बैरिहवां स्थित कार्यालय पर रविवार को याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए दिनेश कुमार प्रजापति ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमे उनके बताये हुए रास्ते पर चलते हुए समाज की उन्नति के लिये काम करते रहना चाहिए। स्व नाजिर समाज की उन्नति के लिए निरंतर काम करते रहे।परमेश्वर दत्त प्रजापति के सुपुत्र जनार्दन प्रजापति, पौत्र पदुमनाथ प्रजापति ने कहा कि समाज में फैली कुरितियों को दूर करने के लिए उनका योगदान प्रजापति समाज भुला नहीं पायेगा। कहा की प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमें एकजुट होकर काम करने की जरूरत है।

# जनसेवा के 12 वर्ष पर ब्लॉकों में दिखा विकास का असर

लखीमपुर-खीरी,14 जून(तरूणमित्र)। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को जिलेभर में विकास खंड स्तर पर जनकल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेलों का भव्य आयोजन किया गया। जिले के सभी 15 विकास खंड मुख्यालयों पर आयोजित इन तीन दिवसीय शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया तथा बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

विकास खंड सदर परिसर में आयोजित मेले का उद्घाटन विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार,डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख दिव्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर स्वच्छ भारत मिशन,स्वास्थ्य सेवाएं, कृषि,पशुपालन,शिक्षा,आवास,महिला कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। यहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाया। नकहा ब्लॉक में एमएलसी अनूप गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्त ने ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता,सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ मेले का शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉलके साथ ही स्वास्थ्य जांच, दवा वितरण, टीबी स्क्रीनिंग, बीपी-शुगर जांच एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। जबकि निघासन में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी तथा धौरहरा में विधायक प्रतिनिधि गोपाल शंकर अवस्थी,भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुदीप निगम ने फीता काटकर शिविर का उद्घाटन किया। सभी स्थानों पर विभागीय स्टॉलों पर लाभार्थियों की भीड़ देखी गई।

इसी क्रम में फूलबेहड़ में विधायक मंजू त्यागी,मोहम्मदी में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, बांकेगंज में पूर्व ब्लॉक प्रमुख राकेश अर्कवंशी,पसगवां में पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा, बेहजम में पूर्व राज्यसभा सांसद जुगुल किशोर एवं मितौली में विधायक सौरभ सिंह (सोनू) ने शिविरों का शुभारंभ कर योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को अधिकाधिक पात्रों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना,कन्या सुमंगला योजना,वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन,राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण एवं सत्यापन किया गया। कई स्थानों पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाए गए, जिनमें लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

# सरयूपारीण ब्राह्मण महासभा ने किया सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन



बस्ती , 14 जून (तरुणमित्र)। मालवीय मार्ग स्थित सरयूपारीण ब्राह्मण महासभा परिसर में एक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प0 अशोक कुमार शुक्ल ने कहा कि ब्राह्मण समाज का श्रेष्ठ मार्गदर्शक हैं समाज और और देश का भला चाहने वाला वह प्राणी है जो अभाव में रहकर भी लिखता है सर्वेभवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामया यानी सभी का कल्याण हो सभी सुखी रहें, यह विचार एक ब्राह्मण के ही हो सकतें हैं।संस्थापक राष्ट्रीय महामंत्री शम्भू नाथ मिश्र ने संस्था के विस्तार, संस्था के उद्देश्य, कार्य प्रगति आदि पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि समाज को एकजुट करने का प्रयास निरंतर जारी है गांव गांव तक जाकर सामाजिक प्लेटफार्म पर समाज के उन्नति के खान-पान आहार विहार संस्कृति की रक्षा, युवाओं को उच्च शिक्षित होने एवं नशे अपराध आदि से दूरी बनाए रखने की प्रेरणा देने का काम ब्राह्मण महासभा कर रही है।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष प0 सत्यनारायण शुक्ल उर्फ. सत्ते शुक्ल ने कहा कि आज के परिदृश्य में जागरूक ब्राह्मण का कर्तव्य और भी ज्यादा बढ़ जाता है समाज के युवा उचित मार्ग पर चलते हुए समाज का प्रतिनिधित्व अपने हाथों में लें यह तभी संभव है जब हमारा प्रतिनिधित्व उच्च पदों पर हो चाहे शिक्षा चिकित्सा राजकीय उद्योग व्यापार या राजनीति का क्षेत्र हो।कोषाध्यक्ष शम्भू नाथ शुक्ल ने अभी तक के आय एवं व्यय को सभा के समक्ष विस्तार से रखा।राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री विजय बिहारी तिवारी ने कहा कि धर्म की स्थापना धर्म के पालन के होती है धर्म दिखाने की वस्तु नहीं धर्म धारण करने से स्वयं दिखाई देता है,आज आवश्यकता है।

# जनकल्याण शिविर का आयोजन, अजय मिश्र 'टेनी' ने आवास लाभार्थियों को सौंपी चाभियां



निघासन-खीरी,14 जून (तरुणमित्र)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक सभागार में भव्य जन कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने ब्लाक सभागार में उपस्थित लोगों और लाभार्थियों को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को बताया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कृषि,स्वास्थ्य, राजस्व,बाल विकास,सहकारिता सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति तथा लंबित मामलों की जानकारी ली। साथ ही लाभार्थियों से सीधे संवाद कर योजनाओं के बारे में बताया मुख्य कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नव निर्मित आवासों के लाभार्थियों को गृह प्रवेश के लिए चाभियां सौंपी गईं। बाल विकास विभाग की ओर से जरूरतमंद महिलाओं को फल की टोकरी एवं पोषण किट वितरित की गई। वहीं अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम में दर्जनों नवजात बच्चों को आशीर्वाद दिया गया। अपने संबोधन में अजय मिश्र टेनी ने कहा कि केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार किसान सम्मान निधि,आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना,जल जीवन मिशन,स्वच्छ भारत मिशन,बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ तथा कन्या सुमंगला जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम को निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य,पूर्व जिला महामंत्री अरविंद सिंह संजय तथा पूर्व जिला उपाध्यक्ष दयाशंकर मौर्य ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यसमिति सदस्य नागेंद्र सिंह सेंगर ने किया।इस अवसर पर मीडिया प्रभारी रतीराम लोधी,जिला पंचायत सदस्य संजय गिरी,अशोक तिवारी,महेश गुप्ता,गुड्डू गुप्ता,अनमोल सिंह,विपिन मौर्य,विमल तिवारी,दिग्विजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सख्त पहरे में हुई जीआईसी प्रवक्ता परीक्षा,2271 अभ्यर्थी शमिल हुए

लखीमपुर-खीरी,14 जून (तरूणमित्र)। उत्तर-प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज की ओर से आयोजित जीआईसी प्रवक्ता (पुरुष/महिला) परीक्षा-2025 रविवार को जिले के 15 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबंधों और सघन निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में पंजीकृत 6257 अभ्यर्थियों में से 2271 ने उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि 3986 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। डीएम अंजनी कुमार सिंह,एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, आयोग द्वारा नामित पर्यवेक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई,वहीं सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी पूरी परीक्षा अवधि में सक्रिय रहे।डीएम ने स्वामी श्याम प्रकाश इंटर कॉलेज,राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय कन्या इंटर कॉलेज सहित विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षार्थियों के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं,सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।जिला प्रशासन की सतर्कता और अधिकारियों की निरंतर निगरानी के चलते परीक्षा सकुशल,नकलविहीन और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

# तिलोकपुर चोरी का 15 दिन बाद भी नहीं खुला राज



**नए चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह की अग्निपरीक्षा**

रामनगर/बाराबंकी , 14 जून (तरुणमित्र)। थाना मसौली के त्रिलोकपुर में 29/30 मई की रात रामचंद्र यादव मार्केट की दो दुकानों में हुई चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। चोरों ने विश्वकर्मा वस्त्रालय से 10 हजार नगद व हजारों के कपड़े, और विनोद जन सेवा केंद्र से लैपटॉप व नगदी पार कर दी थी। चोरी के अगले दिन दुकानदारों को सूचना पर तत्कालीन चौकी प्रभारी संजय यादव ने पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। और अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। दुकानदारों से जल्द खुलासे की उम्मीद जताई थी। लेकिन एक सप्ताह पूर्व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने उनका तबादला कर दिया।

अब नवागत चौकी प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह पर व्यापारियों की नजरें हैं। पीड़ित दुकानदार जल्द खुलासे की मांग कर रहे हैं, वरना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठेंगे।

### बस्ती में न्यूरो चिकित्सक की सेवा शुरू: मरीजों को राहत

बस्ती , 14 जून (तरुणमित्र)। जनपद में न्यूरों का चिकित्सक न होने के कारण मरीजों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. अमन सिंह ने बस्ती केयर मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल एण्ड आई सेण्टर हरदिया चौराहा बांसी रोड पर अपनी सेवा देना शुरू किया है। वे महीने में दो दिन दूसरे और चौथे रविवार को अपनी सेवायें दे रहे हैं।डा. अमन सिंह ने बताया कि गर्दन, सिर में दर्द, दीमाग की नस फट जाना, लकवा, दीमाग की नस सूखना, मिर्गी आना, रीढ की हड्डी में दर्द, कमर दर्द, बहरापन आदि के मरीजों का इलाज करते हैं। बस्ती केयर मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल एण्ड आई सेण्टर हर्दिया के प्रबन्धक ने डा. एस.के. गौतम ने बताया कि न्यूरो का चिकित्सक न होने के कारण मजबूरन मरीजों को लखनऊ, गोरखपुर रेफर करना पड़ता था, लोग परेशान रहते थे और इलाज से अधिक किराये आदि में खर्च करना पड़ता था।

# लोनी कटरा में कंपोजिट शॉप में सेंधमारी 20 हजार नकद व 19 बोतल शराब ले उड़े चोर

**◆ दुकान के पीछे दीवार काटकर घुसे बदमाश एक अन्य दुकान में चोरी का प्रयास नाकाम**

त्रिवेदीगंज/बाराबंकी, 14 जून (तरुणमित्र)। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के दहिला गांव के पास स्थित एक कंपोजिट शॉप की दुकान में रविवार की बीती रात चोर दुकान के पीछे की दीवार काटकर अंदर घुसे और काउंटर में रखे लगभग 20 हजार रुपये नकद तथा 19 हाफ आइबी शराब की बोतलें उठा ले गए।घटना की जानकारी रविवार सुबह दुकान खोलने पर संचालक को हुई। दुकान के पीछे दीवार में बड़ा छेद मिला और काउंटर का सामान बिखरा पड़ा था। पीड़ित दुकानदार ने तत्काल लोनी कटरा थाने को सूचना दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया।

दुकान के पीछे से दीवार काटकर अंदर प्रवेश किया और नकदी व शराब की बोतलें समेटकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कि चोरों ने पास की एक अन्य दुकान में भी चोरी का प्रयास किया था, लेकिन असफल रहे। आशंका जताई जा रही है कि चोर एक से अधिक हो सकते हैं।थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम गठित कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। उनका कहना है कि हो रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में दहशत का माहौल है।

# खाद्य आयुक्त से मिलने को तैयार किसान,अनियमितताओं का आरोप

तिकुनियाँ-खीरी,14 जून (तरूणमित्र)। तिकुनियाँ मंडी में गेहूं खरीद में हुई अनियमितताओं और वेयर हाउस में लगी गेहूं की बोरियों पर पानी डालने के मामले को किसानों की एक टीम खाद्य नियंत्रक और खाद्य आयुक्त के पास लेकर जायेगी। क्षेत्र के प्रतिष्ठित किसान सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया की मंडी में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों पर भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं लें रहा है शिकायतों के बाद भी मामले में जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए है। केंद्र पर एसएमआई की मिलीभगत के चलते किसानों के दस्तावेजों पर लगातार ब्यापारियों का माल खरीदा जा रहा है केंद्र पर ना ही कोई टोकन रिजिस्टर बनाया गया और ना ही किसी किसान के नमूने को फेल करने की विधिवत कार्यवाही ही की गयी बताया जाता है की जिसने कमीशन देने से मना किया या कमीशन ना देने की आशंका हुई तो उसके माल को रिजेक्ट कर दिया गया उसके लिए ना ही कोई रजिस्टर बनाया गया और ना ही उसके नमूने को सील ही किया गया। सरकारी नीतियों के विरुद्ध हो रही खरीद से क्षेत्र के लोगों में काफी गुस्सा पनप रहा जिसको लेकर किसानों की एक टीम शीघ्र ही खाद्य नियंत्रक और खाद्य आयुक्त से मिलकर मंडी समिति के क्रय केंद्रों की कार्यशैली से अवगत कराया जायेगा।

मामले की जानकारी लेने के लिए एसएमआई इंद्रजीत और उपजिलाधिकारी ओपी निगम को फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन उठाना ही मुनासिब नहीं समझा गया। हालांकि अपर जिलाधिकारी खीरी ने बताया की वेयर हाउस में लगी बोरियों पर पानी डालने के मामले की जाँच एफसीआई की टीम द्वारा की जा रही है। अब सवाल यह उठता है की इस जाँच में कोई आँच आती है या नहीं या फिर इस चलने वाली जाँच का कोई परिणाम आता है या नहीं या फिर कब तक आता है ये तो आने वाला वक़्त ही बतायेगा?

### नि:शुल्क शिविर से 60 मरीजों का नेत्र परीक्षण

बस्ती , 14 जून (तरुणमित्र)। ग्रामीण डेवलपमेंट फाउण्डेशन और नवज्योति मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल द्वारा संचालित नेत्र बंसत ग्रामीण हेल्थ प्रोग्राम सिद्धार्थनगर सपोर्टेट साइट सेवर्स इंडिया के सहयोग से निःशुल्क मोतियाबिन्द नेत्र जॉच शिविर का आयोजन सिद्धार्थनगर जनपद के खेसरहा विकास खण्ड ग्राम पंचायत सिसहनिया में आयोजित किया गया। शिविर में कुल 60 मरीजों का डा. पी.पी. दूबे ने परीक्षण किया जिसमें 8 मोतियाविन्द के रोगी पाये गये जिन्हें आपरेशन का सुझाव दिया गया। शिविर के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों का नेत्र परीक्षण में मोतियाबिंद और बीएलबीसी- दोनों ऑख से जिनको दिखाई नहीं देता, का पहचान के साथ ही निःशुल्क आपरेशन के साथ आने जाने और रहने खाने की और वापस पहुँचाने की की सुविधा पर परामर्श दिया गया।

# महाभारत काल का जीवन्त प्रमाण है पारिजात धाम कुंतेश्वर महादेव मंदिर

बाराबंकी, 14 जून (तरुणमित्र)। कुंतेश्वर महादेव मंदिर महाभारत काल का जीवंत प्रमाण आज भी मौजूद है जहां पर माता कुंती द्वारा स्थापित अद्भुत शिवलिंग का प्रथम शिवार्चन किसी अदृश्य शक्ति के द्वारा किया जाना आज भी रहस्यमय बना हुआ है। जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर पूरब रामनगर टिकैत नगर रोड पर कस्बा बदोसराय के मुख्य चौराहे से 2 किलोमीटर उत्तर किंतूर गांव में कुंतेश्वर धाम महादेव मंदिर स्थित है जहां पर सावन मास के प्रत्येक सोमवार सोमवती अमावस्या महाशिवरात्रि तथा पुरुषोत्तम मास में माता कुंती द्वारा अद्भुत शिवलिंग का जलाभिषेक करके श्रद्धालु मनवांचित फल प्राप्त करते हैं।

कुंतेश्वर धाम महादेव मंदिर पर शिवार्चन के संबंध में जन चर्चा है कि यहां के शिवलिंग पर अदृश्य शक्ति रात 12 बजे के आसपास सबसे पहले पूजा अर्चना कर जाती हैं। आज तक यहां के शिवलिंग का सबसे पहले पूजा अर्चना करने की किसी की ख्वाहिश पूरी नहीं हुई। मान्यता है कि इस मंदिर पर आज भी माता कुंती प्रथम शिवार्चन करने के लिए आती है जहां पर सच्चे मन से मांगी गई लोगों की मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण होती हैं ऐसा लोगों का विश्वास है।



कहा जाता है कि महाभारत काल में माता कुंती अपने पांडव पुत्रों के साथ अज्ञातवास पर यहां आईं तो उन्होंने महाबली भीम से यहां पर शिवलिंग की पूजा अर्चना करने की इच्छा प्रकट किया इस पर भीम पर्वतमालाओं से विचरण करते हुए एक शिवलिंग को बहंगी में लेकर चले जब उन्हें चलने में असुविधा हुई तो उसी के आकार का दूसरा शिवलिंग उन्होंने बहंगी के दूसरी ओर रख लिया जिसमें एक शिवलिंग को माता कुंती ने अपने हाथों से घाघरा नदी के तट पर प्रत्यारोपित किया और उस स्थान का नाम कुंतीश्वर धाम रख दिया कालांतर में धीरे-धीरे वहां पर आबादी बसने लगी और कुंतीपुर के नाम से एक गांव विख्यात हुआ बाद में अपभ्रंश होकर किंतूर के नाम से गांव बस गया । मंदिर के पुजारी शीतला प्रसाद दास ने बताया कि कहा जाता है कि एक समय माता कुंती और दुर्योधन की मां गांधारी पूजा करने इस स्थान पर पहुंची किंवदंती के अनुसार यहां पर दोनों अपने पुत्रों के विजय की कामना करने लगीं। इसपर आकाशवाणी हुई कि कल सूर्योदय से जो पहले प्रथम शिवार्चन स्वर्ण पुष्पों से करेगा उसी का पुत्र युद्ध में विजयी होगा। माता कुंती निराश हो गई क्योंकि अज्ञातवास के समय उनके पास कुछ नहीं था, भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि हम तुम्हें ऐसा स्वर्ण पुष्प ला कर देंगे जो इस पृथ्वी पर अद्वितीय होगा। तत्पश्चात भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन इन्द्र की वाटिका को गए और वहां से स्वर्णमई आभा वाले पारिजात वृक्ष की एक डाल तोड़ लाएं और ग्राम बरोलिया में प्रत्यारोपित कर दिया।

### सोमवती अमावस्या पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

पुरुषोत्तम मास के अंतिम सोमवार तथा सोमवती अमावस्या एक ही दिन पड़ने के कारण एक विशेष संयोग बन रहा है जिससे यहां पर शिवार्चन करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# डबल इंजन सरकार ने बदली अलीगढ़ की तस्वीर: प्रभारी मंत्री

**अलीगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में जनपद प्रभारी मंत्री एवं गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास, सुशासन, सुरक्षा एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, निःशुल्क राशन एवं विभिन्न पेंशन योजनाओं के माध्यम से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। आज गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, आवास, शौचालय, गैस कनेक्शन एवं सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध हो रही है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और अन्य आधारभूत संरचनाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। कानून-व्यवस्था में व्यापक सुधार के साथ उत्तर प्रदेश निवेश और रोजगार का प्रमुख केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियां पारदर्शी ढंग से हो रही हैं और युवाओं को योग्यता के आधार पर अवसर मिल रहे हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा, आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के क्षेत्र में भी देश ने नई पहचान बनाई है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का विकास और महाकुंभ जैसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति के प्रतीक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र एवं प्रदेश




सरकार की जनहितकारी नीतियों के बल पर भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और सभी वर्गों को बिना भेदभाव योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है।

जनपद प्रभारी मंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार की नीतियों का प्रत्यक्ष लाभ अलीगढ़ के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचा है और जनपद तेजी से विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत जनपद के 4.10 लाख से अधिक किसानों को 1399 करोड़ रुपये की सम्मान निधि सीधे उनके खातों में भेजी गई है, जबकि किसान ऋण मोचन योजना के तहत 1.11 लाख किसानों का 790 करोड़ रुपये का ऋण माफ किया गया। गन्ना किसानों को 1153 करोड़ रुपये का भुगतान कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के माध्यम से हजारों गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 3.68 लाख से अधिक व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण कर स्वच्छता अभियान को नई गति दी गई है। स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 10.99 लाख से अधिक गोल्डन कार्ड बनाए गए हैं और दो लाख से अधिक लाभार्थियों को 242 करोड़ रुपये से अधिक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया है।

# पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**हापुड़, 14 जून (तरुण मित्र)।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने बीती रात चैकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे दो चाकू ब्रम5 करने के दावा किया है।





जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान कृष्णा पुत्र अशोक निवासी बागड़पुर गढ़मुक्तेश्वर, गौरव पुत्र दीप ग्राम पूठ बहादुरगढ़ को चाकू के साथ डेहरा रामपुर ठंडी सड़क व लुहारी सड़क के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 02 अवैध चाकू बरामद किये। पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक शशिपाल भारद्वाज लक्ष्मण सिंह, कांस्टेबल लक्की कुमार, प्रशांत शर्मा आदि मौजूद थे।

## केंद्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर, 14 जून (तरुणमित्र)।** विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) श्रीमती वंदना वर्मा की अध्यक्षता में विकास खंड जानसठ में केंद्र सरकार के 12 साल तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में संवाद कार्यक्रम एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के शिविर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये। शिविर में केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जनमानस को जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विधान परिषद सदस्या एवं जिला अध्यक्ष भाजपा ने लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र व पटका देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र चौधरी, बीजेपी जिला अध्यक्ष भाजपा सुधीर सैनी, पूर्व चेयरमैन प्रवेंद्र भड़ाना सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण तथा क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# भारतीय व्यापार मंडल ने लगाया मीठा शरबत सेवा शिविर

**सहारनपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के बीच जनसेवा और मानव कल्याण की भावना को साकार करते हुए भारतीय व्यापार मंडल (रजि.) जिला सहारनपुर द्वारा रविवार को जोगियान पुल स्थित विजन इलेक्ट्रॉनिक्स के निकट मीठा शरबत (छबील) सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में राहगीरों, श्रमिकों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को शीतल मीठा शरबत वितरित किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष विभोर जिंदल ने किया। उन्होंने कहा कि भारतीय व्यापार मंडल केवल व्यापारियों के हितों के लिए ही नहीं, बल्कि सामाजिक एवं मानवीय कार्यों में भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा



कि जरूरतमंदों की सेवा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

शिविर में संगठन के संरक्षक विनय जिंदल एवं सुनील गुप्ता, जिला प्रभारी नीरज गुप्ता, जिला महामंत्री शिवा गोयल, वैभव गुप्ता, आशु अग्रवाल,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष हर्षित गोयल, पीयूष अग्रवाल, तुषार गोयल, मुकुल सिंघल, प्रिंस प्रजापति, राहुल सिंघल, सचिन गोयल, अर्चित अग्रवाल, सिद्धार्थ बंसल, वरुण गुप्ता, शुभम गोयल, मोहित, राकेश, शारुख सहित समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे तथा सभी ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है तथा जल सेवा उसका श्रेष्ठतम स्वरूप है। भीषण गर्मी में लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है और ऐसे सामाजिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे एवं सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

कार्यक्रम के सफल आयोजन पर जिला अध्यक्ष विभोर जिंदल ने सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, सहयोगियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार के जनहित एवं समाजसेवा के कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

## कड़ी जांच के बीच संपन्न हुई जीआईसी प्रवक्ता परीक्षा

**मेरठ, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित जीआईसी प्रवक्ता प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिले के 40 केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी सख्त रही। केंद्रों पर अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान महिला अभ्यर्थियों की बाली, पायल, क्लचर समेत अन्य धातु की वस्तुएं भी उतरवा ली गई थी।

परीक्षा केंद्रों पर एडमिट कार्ड और फोटो पहचान पत्र का मिलान करने के बाद ही प्रवेश दिया गया। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। गेट बंद होने के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिला।

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का प्रवेश सुबह 8 बजे से शुरू हुआ।

# नगर पालिका में ईओ की कुर्सी के लिए रस्साकसी

**मुजफ्फरनगर, 13 जून (तरुणमित्र)।** नगर पालिका मुजफ्फरनगर में अधिशाषी अधिकारी की कुर्सी के लिए पुरानी व नए अधिकारी के बीच रस्साकसी हो रही है। बताया जाता है कि पुरानी ई ओ तबादला होने के बावजूद यहाँ से जाना नहीं चाहती हैं। इसलिए उन्होंने अभी चार्ज नहीं छोड़ा है। नगर पालिका मुजफ्फरनगर में कई वर्षों से अधिशाषी अधिकारी के पद पर डा. प्रज्ञा सिंह काम कर रही हैं। यहाँ पर महिला चेयरपरसन होने की वजह से उनकी ट्यूनिंग भी अच्छी चल रही थी। प्रदेश में तबादला नीति के चलते उनका तबादला मुरादाबाद नगर निगम में अपर नगर आयुक्त के पद पर हो गया है। लेकिन उन्होंने अभी तक चार्ज नहीं छोड़ा है। तबादला होकर यहाँ आये अधिशाषी अधिकारी पवन कुमार कई दिनों से चार्ज लेने के लिए घूम रहे हैं। तीन दिन पहले वह जिलाधिकारी से भी मिले थे। चेयरपरसन मिनाक्षी स्वरूप के बाहर होने के कारण वह उनसे नहीं मिल पाए थे। शनिवार को दोपहर वह छुट्टी होने के बावजूद पालिका कार्यालय पहुँचे व कार्यालय खुलवाकर वहाँ बैठकर जनगणना अधिकारी व कर्मचारियों को निर्देशित किया। जबकि पूर्व अधिशाषी अधिकारी प्रज्ञा सिंह का कहना है कि अभी उन्होंने चार्ज नहीं छोड़ा है। अब देखना यह है कि इस रस्साकसी में कौन इस कुर्सी पर काबिज होगा।

पूर्व अधिशाषी अधिकारी प्रज्ञा सिंह से फोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि पवन सिंह के चार्ज लेने की उनको कोई जानकारी नहीं है।

## महान फिल्म अभिनेता स्व. भारत भूषण की 107वीं जंयती मनाई

**अलीगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** महान फिल्म अभिनेता स्व. भारत भूषण जी की 107 वीं जंयती स्वर साधना संस्था द्वारा संस्थापक अध्यक्ष अनिल वर्मा की अध्यक्षता में क्वारसी एटा बाईपास स्थित स्व. भारत भूषण जी अभिनीत फिल्मो के अमर गीतों द्वारा गीतों भरी श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व. भारत भूषण जी के चित्र पर मुख्य अतिथि एमएलसी रामसूरत राजभर जी के मंडल अलीगढ़ प्रतिनिधि एवं अखिल भारतीय सैनी संगठन सभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री वी के सैनी एवं कारागार बंदी सुधार न्यास के पवन गाँधी व संस्था अध्यक्ष अनिल वर्मा, अनिल बघेल, रिंकू मनोज शर्मा ने संयुक्त रूप से स्वर्गीय भारत भूषण के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को अलीगढ़ के उभरते गायक विपुल कुमार सिंह ने तकदीर फिल्म के गीत जब जब बहार आई और फूल मुस्कराये मुझे तुम याद आयें से किया।

अभिनेता व गायक सरफराज खान ने 'तुम बिन जाँऊ कहाँ' गीत प्रस्तुत किया। गायक अनिल वर्मा ने ष्आ लोट के आ जा मेरे मीत, तथा ओ दुनिया के रखवाले, तू गंगा की मौज मेंष् आदि कालजयी गीत गाकर अमर गीतो भरी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में वी के सेनी, पवन गाँधी, अनिल वर्मा ने सरफराज खान को वेस्ट अभिनेता तथा विपुल कुमार सिंह को वेस्ट सिंगर का अवार्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भानुप्रकाश सैनी, नेत्रपाल सैनी, मास्टर विनोद कुमार, सागर सैनी, विमल सैनी अंजलि सैनी आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी की बाइक समेत शातिर चोर को दबोचा

**गजरौला, 14 जून (तरुणमित्र)।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गजरौला पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस के अनुसार शनिवार को ग्राम ओसिता अंडरपास के निकट वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा रुकने का संकेत देने पर वह बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। संदेह होने पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रोहित पुत्र प्रकाश निवासी गढ़ावली की मढ़ैया, थाना




गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि बरामद मोटरसाइकिल उसने थाना हसनपुर क्षेत्र से चोरी की थी तथा पहचान छिपाने के लिए उसका नंबर प्लेट बदल दिया था।

पुलिस जांच में बरामद हीरो स्प्लेंडर प्लस (UP23AA6226) थाना हसनपुर में दर्ज चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, उपनिरीक्षक सुधीर कुमार, मुख्य आरक्षी जितेंद्र कुमार एवं आरक्षी ललित कुमार शामिल रहे।

# नंद विहार में सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सहारनपुर, 14 जून (तरुणमित्र)।** नगर निगम द्वारा वार्ड संख्या 42 स्थित नंद विहार कॉलोनी में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना के उपरांत सड़क पर गेंती मारकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुंबर, पार्षदगण, भाजपा कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नगर निगम निधि से कराए जाने वाले इस विकास कार्य पर लगभग 11 लाख रुपये की लागत आएगी। क्षेत्र के लोगों द्वारा लंबे समय से सीसी रोड और नाली निर्माण की मांग की जा रही थी। कार्य प्रारंभ होने पर स्थानीय निवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुए महापौर और नगर विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि सीसी रोड एवं नाली निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और जल निकासी की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को



मजबूत बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत है और इस प्रकार के विकास कार्य शहर की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सहारनपुर नगर निगम विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। शहर के विभिन्न वार्डों में सड़कों, नालियों और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य महानगर को एक आदर्श शहर के रूप में विकसित करना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। साथ ही विकास कार्यों के माध्यम से शहरवासियों के सामाजिक और आर्थिक स्तर को भी ऊंचा उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सहारनपुर महानगर में विकास की बयार बह रही है। प्रत्येक वार्ड में जनहित से जुड़े कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी विकास कार्यों का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में पार्षद के.के. बत्रा, पार्षद मुकेश गक्खड़, पार्षद मनोज प्रजापति सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य शुरू होने पर नगर निगम और जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

## पेज 1 का शेष...

### यूपी में बढ़ते साइबर...

देते हैं या अनजाने में खतरनाक एप डाउनलोड कर लेते हैं। डिजिटल भुगतान और मोबाइल बैंकिंग के बढ़ते उपयोग ने इस खतरे को और बढ़ा दिया है। पहली बार डिजिटल सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले लोग, छोटे व्यापारी, नौकरीपेशा युवा और बुजुर्ग सबसे ज्यादा निशाने पर हैं। साइबर अपराधी इन्हीं वर्गों को आसान लक्ष्य मानते हैं।

पूर्व आईपीएस अधिकारी और साइबर विशेषज्ञ प्रोफेसर त्रिवेणी सिंह के अनुसार, ये हॉटस्पॉट अब केवल स्थानीय अपराध केंद्र नहीं रहे, बल्कि संगठित डिजिटल अपराध के प्रशिक्षण और संचालन के केंद्र बनते जा रहे हैं। उनका मानना है कि यदि इन चिन्हित शहरों में खुफिया आधारित सख्त कार्रवाई की जाए, तो पूरे नेटवर्क को कमजोर किया जा सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए पुलिस और जांच एजेंसियां अब डेटा एनालिटिक्स, लेनदेन ट्रैकिंग और कॉल डिटेल रिकॉर्ड के जरिए इन हॉटस्पॉट्स की पहचान और निगरानी कर रही हैं। हाल के अभियानों में कई फर्जी कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ और आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है। हालांकि विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल कार्रवाई से समस्या का समाधान संभव नहीं है। जन-जागरूकता को इस लड़ाई का सबसे अहम हथियार माना जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने, ओटीपी या बैंकिंग जानकारी साझा न करने और संदिग्ध लिंक से बचने की सलाह दी जा रही है। स्पष्ट है कि डिजिटल विकास के साथ साइबर सुरक्षा का संतुलन अभी पूरी तरह स्थापित नहीं हो पाया है। यदि समय रहते इन उभरते हॉटस्पॉट्स पर प्रभावी नियंत्रण नहीं पाया गया, तो यह नेटवर्क और अधिक जटिल होकर बड़े स्तर पर फैल सकता है।

### समुद्री संकट पर सरकार...

नाविकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बाद भी प्रधानमंत्री की ओर से कोई सार्वजनिक शोक संदेश या विस्तृत बयान सामने नहीं आया, जबकि मृतकों के पार्थिव शरीर भारत पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवार न्याय के हकदार हैं और सरकार को पूरे घटनाक्रम पर देश के सामने स्पष्ट स्थिति रखनी चाहिए। खरगे ने यह भी कहा कि विदेश नीति के मामलों में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उनके अनुसार, सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि विदेशों में काम कर रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा किसी भी परिस्थिति में प्रभावित न हो और प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाए। वहीं कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई में भारतीय नागरिकों की मौत जैसे गंभीर मामले में भारत को अधिक सख्त कूटनीतिक रुख अपनाना चाहिए था। उन्होंने अमेरिका से औपचारिक माफी, निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही तय करने की मांग की। खेड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार किसी भी सशस्त्र संघर्ष के दौरान तीसरे देश के वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाना स्वीकार्य नहीं है। एक ओर 'विराट-1' के चालक दल की सुरक्षित वापसी के लिए बचाव अभियान जारी है, वहीं दूसरी ओर हालिया समुद्री घटनाओं को लेकर राजनीतिक बहस भी तेज हो गई है। ऐसे में सभी की निगाहें बचाव अभियान के परिणाम और केंद्र सरकार की आगे की कूटनीतिक पहल पर टिकी हैं।

### मोदी-ट्रंप मुलाकात से...

कार्रवाई में तीन भारतीय नाविकों की मौत का मुद्दा मजबूती से उठाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ हुई बातचीत में प्रयुक्त भाषा पर भी भारत को अपनी आपत्ति दर्ज करानी चाहिए। जयराम रमेश ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर के प्रस्तावित भारत दौरे से पहले अंतरिम व्यापार समझौते की शर्तों पर पुनर्विचार होना चाहिए। कांग्रेस का आरोप है कि मौजूदा प्रस्ताव से भारतीय किसानों और घरेलू उद्योगों के हित प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी न्यायिक फैसलों के बाद बदले हालात में सरकार को समझौते की शर्तों की फिर से समीक्षा करनी चाहिए।

### प्रदेश की सड़क...

जाएं, ताकि आम जनता को जल्द राहत मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जून के अंत तक सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां पूरी कर ली जाएं और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किए जाएं, जिससे बीच में काम बाधित न हो। उन्होंने वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना के तहत दोनों मंडलों के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण की विस्तृत योजना तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही समयबद्ध तरीके से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडलायुक्त और जिलाधिकारी नियमित समीक्षा बैठकें कर परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखें, जिससे निर्धारित समयसीमा का पालन सुनिश्चित हो सके। योगी आदित्यनाथ ने निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी के लिए तकनीक के अधिकतम उपयोग पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण के साथ ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली को भी मजबूत करने के निर्देश दिए। सेतु निगम की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सभी निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन हो और प्रत्येक श्रमिक को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

बैठक में मुख्यमंत्री ने देवरिया में निमार्णाधीन मोहन सेतु परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 'बिलो टेंडर' लेने वाले ठेकेदारों की विशेष निगरानी करने और गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों तथा विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

### अमेरिका-ईरान शांति...

दावा किया कि ईरान की ओर से व्यावसायिक जहाजों को निशाना बनाने के लिए छोड़े गए कई वन-वे अटैक ड्रोन को अमेरिकी सेना ने मार गिराया। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने भी रविवार को किसी समझौते पर हस्ताक्षर होने से इनकार किया है। संगठन ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए कहा कि किसी भी कूटनीतिक प्रक्रिया को प्रचार का माध्यम नहीं बनने दिया जाएगा। वहीं होर्मुज से जुड़े एक समुद्री रेडियो संदेश में जहाजों को जलमार्ग से दूर रहने की चेतावनी दिए जाने से क्षेत्रीय तनाव और बढ़ गया है।

### भारत-फ्रांस नवाचार...

बाजारों से जोड़ने का प्रभावी मंच बनेगा। इससे भारतीय स्टार्टअप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार का अवसर मिलेगा और दोनों देशों के बीच नवाचार आधारित सहयोग और मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी का भारत तेजी से स्टार्टअप और तकनीकी नवाचार की वैश्विक शक्ति बन रहा है। देश का युवा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अंतरिक्ष तकनीक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और कृषि नवाचार के माध्यम से नई संभावनाएं विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि दुनिया को समाधान उपलब्ध कराने वाला देश बनकर उभर रहा है। मोदी ने कहा कि भारत की कृत्रिम बुद्धिमत्ता नीति 'एआई फॉर ऑल' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका उद्देश्य तकनीक को मानव कल्याण का माध्यम बनाना है। उन्होंने कहा कि भारत-फ्रांस 'ईयर ऑफ इनोवेशन' के तहत शुरू किया गया 'भारत इनोवेट्स' कार्यक्रम दोनों देशों के नवाचार सहयोग को नई गति देगा और भारतीय उद्यमियों को वैश्विक निवेश, विशेषज्ञता तथा नए अवसरों से जोड़ने का सशक्त मंच सिद्ध होगा।

## रामबाग कॉलोनी में खंबा दे रहा दुर्घटना को न्यौता

**अलीगढ़, 14 जून (तरुणमित्र)।** रामघाट रोड़ थाना क्वार्सी क्षेत्र रामबाग कॉलोनी चार नंबर गली में स्थित एक मकान के बाराबर गिरासू बिजली के खंबे के कारण कभी भी कोई बडा हादसा होने से टाला नहीं जा सकता हैं, विद्युत विभाग को अवगत कराने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठायें हैं, जब कि ग्रह स्वामी सुरेन्द्र शर्मा द्वारा गिरासू खंबे को बदलने के लिए कईबार पॉटल पर अवगत करा दिया गया है, लेकिन बावजूद इसके विभाग के कानों में जूं तक नहीं रैंगी हैं।

# एएसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**एटा, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता पुरुष/महिला राजकीय इंटर कॉलेज प्रारंभिक परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्वेताभ पाण्डेय ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरोंए जैमर तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने केंद्रों के आसपास सतर्क निगरानी रखनेए संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के निर्देश दिए।

एएसपी ने परीक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक कर्मियों से परीक्षा को पूरी तरह व्यवस्थितए पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को कहा। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं।

पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैंए जिससे अभ्यर्थी बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं की जानकारी देते हुए सभी तैयारियां पूर्ण होने की बात कही।

# आतंकी व उनके आकाओं में अब भारत की ओर देखने की हिम्मत नहीं: असीम अरुण

**मेरठ, 14 जून (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को सेवा, सुरक्षा और विकास का काल बताते हुए प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री एवं मेरठ के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि देश की बाहरी और आंतरिक सुरक्षा पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ केंद्र सरकार की सख्त नीति के कारण देश में सुरक्षा का नया माहौल बना है और आज दुश्मन भारत की ओर आंख उठाने से भी डरता है। विकास भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा को सरकार की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमले बार-बार होते थे और तत्कालीन सरकारें केवल कड़ी निंदा तक सीमित रह जाती थीं, लेकिन पिछले वर्षों में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक और प्रभावी कार्रवाई की है।

असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब भी देश पर आतंकी हमला हुआ, भारत ने उसका करारा जवाब दिया। इसी का परिणाम है कि आज पाकिस्तान और वहां पनाह पाने वाले आतंकवादी संगठनों में भारत के खिलाफ कुछ करने का साहस नहीं रह गया है।

उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और सुरक्षा एजेंसियों को आधुनिक संसाधनों से लैस किया गया है। प्रभारी मंत्री ने नक्सलवाद के मुद्दे पर भी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

उन्होंने कहा कि कभी सात से अधिक राज्यों में फैली नक्सली समस्या देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती थी, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और सुरक्षा बलों की कार्रवाई के साथ-साथ विकास योजनाओं के विस्तार से नक्सलवाद पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है। उन्होंने दावा किया कि देश अब लगभग नक्सलवाद मुक्त स्थिति की ओर बढ़ चुका है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं था, बल्कि विकास की कमी का भी परिणाम था।

संस्थापक-स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस प्रा.लि. सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित व 120/18 बेलदारी लेन लालबाग लखनऊ से प्रकाशित। संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा *। फोन-0522-4067598, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25
Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

# जन भवन का घेराव करने जा रहे एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

## पेपर लीक को लेकर प्रदर्शन, पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए बैरिकेडिंग लगाई

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** रविवार एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जोरदार झड़प हो गई। इस दौरान एक कार्यकर्ता बेहोश हो गया। उसे 4-5 साथी हॉस्पिटल ले गए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस ने सिर पर लाठी मारी, जिससे उनका साथी बेहोश होकर गिर पड़ा। एनएसयूआई कार्यकर्ता पेपर लीक मुद्दे पर जनभवन का घेराव करने जा रहे थे।




पुलिस ने उन्हें 4 लेयर बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यालय के बाहर ही रोक दिया। कार्यकताओं ने बैरिकेडिंग पर चढ़कर प्रदर्शन किया। पुलिस ने झड़प के बाद ज्यादातर कार्यकताओं को बस से इको गार्डन भेज दिया। प्रदर्शन की अगुवाई एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने की। उन्होंने प्रदर्शन से पहले कहा कि प्रदर्शन से पहले ही यूपी में एनएसयूआई के कार्यकताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। हमारे होटल के बाहर बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। सीधे तौर पर भाजपा सरकार के अंदर डर दिखाई दे रहा है।

समझ आ रहा है कि सरकार पेपर माफियाओं को संरक्षण दे रही है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि सभी कार्यकर्ता लखनऊ आए हैं, जिसका एक ही संदेश है कि देश में और उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार पेपर कराने में कामयाब नहीं है। यूपी का छात्र आज सड़कों पर है। पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा है। नीट पेपर लीक के खिलाफ हम लोग पूरे देश में आंदोलन कर रहे हैं। इस पेपर लीक की जिम्मेदारी लेते हुए उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री और देश के शिक्षा मंत्री को अपना इस्तीफा दे देना चाहिए। हमने यहां देखा कि प्रदर्शन से पहले ही यूपी के तमाम जनपदों में एनएसयूआई के कार्यकताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने की कोशिश की जा रही है।

हमारे होटल के बाहर बड़ी तादाद में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। सीधे तौर पर भाजपा सरकार के अंदर डर दिखाई दे रहा है। समझ आ रहा है कि सरकार पेपर माफियाओं को संरक्षण दे रही है। महाराष्ट्र और राजस्थान के मुख्यमंत्री के साथ पेपर चोर की तस्वीर सामने आना यह जाहिर करता है कि पेपर माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। विनोद ने कहा कि जिन परिवार वालों ने पेपर लीक की वजह से अपने बच्चों को खो दिया हम उन परिवार वालों से मिले उनका दर्द बांटा। उन परिवारवालों को इतना डरा दिया गया कि उनसे आसानी से संपर्क कर पाना बेहद मुश्किल हो गया। कुछ लोगों से हम मिले। हमारे नेता राहुल गांधी ने आर्थिक और मानसिक सपोर्ट उन्हें दिया।

सरकार उनकी तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है हमारी मांग है कि इन बच्चों का सपना था कि अपने परिवार को गरीबी से निकालें, उनकी सेवा करें। हमारी मांग है कि मृतक छात्रों के परिजन को 5 करोड़ का मुआवजा दिया जाए और परिवार के बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाए। एनटीए पर पाबंदी और धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा प्रमुख मांग है।




जंगल के राजा की टूटी शानः लखनऊ जू गेट पर लगे शेर की नाक क्षतिग्रस्त, रखरखाव पर सवाल। छायाः तरूणमित्र

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग जागरूकता वाहन रैली निकाली

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रविवार को आशियाना क्षेत्र में एक योग जागरूकता वाहन रैली निकाली गई। इस रैली में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों, व्यापारियों और सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योग को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। रैली का आयोजन उत्तर प्रदेश आदर्श योग समिति के तत्वावधान में किया गया था।

कार्यक्रम की शुरूआत आशियाना के जोनल पार्क से हुई, जहां उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं समिति के संरक्षक संजय गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संदीप सिंह गौर, उपाध्यक्ष एवं गीता चैरिटी ट्रस्ट फाउंडेशन के सचिव योगाचार्य सुनील मौर्य और क्षेत्रीय पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी भी उपस्थित रहे।यह रैली आशियाना के विभिन्न मोहल्लों, बाजारों और पार्कों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग पर योग गीतों, नारों और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने घर-घर जाकर योग के लाभ बताए और लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। रैली के दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

प्रतिभागियों ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित करना था।डॉ. संदीप सिंह गौर ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आशियाना स्थित मल्टी एक्टिविटी सेंटर में एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस कार्यक्रम में लगभग 2000 योग साधक एक साथ योगाभ्यास करेंगे। इसमें क्षेत्रीय विधायक राजेश्वर सिंह मुख्य अतिथि और संजय गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## भारत विकास परिषद अवध प्रांत ने चौथा स्थापना दिवस मनाया

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** भारत विकास परिषद अवध प्रांत की प्रगति शाखा ने एफिल क्लब में अपना चौथा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रांत के निदेर्शानुसार शाखा सदस्यों के लिए एक विशेष कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा की संस्थापिका मंजू सिंह ने किया। राष्ट्रगीत से शुरू हुआ यह कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ। शाखा के कोषाध्यक्ष कृष्ण चंद्र पंत ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष साधना सिंह ने अतिथियों और सदस्यों का स्वागत किया, जबकि सचिव प्रमोद कुमार राय ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्य वक्ता मंजू सिंह ने शाखाओं में कार्यशालाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने भारत विकास परिषद के ध्येय वाक्य 'स्वस्थ, समर्थ, संस्कृत भारत' को विस्तार से समझाया।मंजू सिंह ने परिषद के प्रमुख सूत्रों–संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा, समर्पण, पर्यावरण और महिला सहभागिता–पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने संगठन की शक्ति को एक लघु कथा के माध्यम से समझाया। मंजू सिंह ने मातृशक्ति में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना के महत्व पर जोर दिया। उनके अनुसार, घर की महिला ही परिवार का वातावरण तैयार करती है।

## क्यूआर कोड आधारित अनुभव प्रमाण-पत्र जारी करने की तिथि आज

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,एनएचएम,उप्र.ने एएनएम अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए क्यूआर कोड आधारित अनुभव प्रमाण-पत्र जारी करने की अंतिम तिथि 15 जून 2026 तक बढ़ा दी है। यह प्रमाण-पत्र उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) भर्ती परीक्षा में सेवा भारांक प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। एनएचएम के अनुसार संविदा पर कार्यरत अथवा पूर्व में कार्य कर चुकी एएनएम अभ्यर्थियों को स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) पद के लिए सेवा भारांक का लाभ देने के लिए क्यूआर कोड आधारित अनुभव प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं।

## केजीएमयू : डिजिटल सेवा से होगा असाध्य रोगों का इलाज

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** केजीएमयू में कुछ समय पहले ऐसा मामला आया था,यहां मरीजों के इलाज की राशि उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में स्थानांतरित की बात सामने आई थी। लेकिन अब केजीएमयू प्रशासन ने असाध्य रोगों के इलाज के लिए एक बेहद सुरक्षित,पारदर्शी और पूर्णतः कैशलेस डिजिटल व्यवस्था लागू की गई है।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के भर्ती मरीजों के असाध्य रोगी का कार्ड बनने के बाद,उनके मुख्य चिकित्सक,डॉक्टर द्वारा इलाज में आने वाले संभावित खर्च का एक प्राक्कलन तैयार किया जाएगा। मरीज के अस्पताल में भर्ती होने के उपरांत, इस इस्टीमेट के बराबर की राशि मरीज के अस्पताल रजिस्ट्रेशन नंबर से जुड़े खाते में 'वर्चुअल मनी' (वर्चुअल बैलेंस) के रूप में फीड कर दी जाएगी जो की हॉस्पिटल अकाउंट के अंतर्गत होगा। ये जानकारी डा कृष्ण कांत सिंह, प्रवक्ता, केजीएमयू ने दी है। उन्होंने बताया निजी खाते में लेनदेन नहीं किया जाता है कि किसी भी मरीज या तीमारदार के व्यक्तिगत बैंक खाते में कोई भी धनराशि ट्रांसफर नहीं की जाएगी।

**काउंटर पर पारदर्शिता**

केजीएमयू के विभिन्न दवा वितरण केंद्रों एवं पैथोलॉजी/रेडियोलॉजी जांच काउंटरों पर मरीज के रजिस्ट्रेशन नंबर को सिस्टम में दर्ज करते ही उपलब्ध वर्चुअल मनी की स्थिति दिखाई देगी। इसी वर्चुअल बैलेंस से मरीज की दवाएं और जांचें नि शुल्क (डिजिटल एडजस्टमेंट के माध्यम से) की जाएंगी।

**बैलेंस बढ़ाने की सुविधा**

यदि इलाज लंबा चलने के कारण आवंटित वर्चुअल मनी समाप्त हो जाती है, तो मरीज को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। इलाज कर रहे डॉक्टर की रिक्वेस्ट/सिफारिश पर इस वर्चुअल मनी की सीमा को तत्काल बढ़ाया जा सकेगा।

## जनेश्वर मिश्र पार्क में योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले रविवार को जनेश्वर मिश्र पार्क में एक विशेष योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। पतंजलि योग समिति लखनऊ पूर्व के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम जनेश्वर मिश्र पार्क के गेट नंबर-1 पर आयोजित हुआ, जिसमें विधान परिषद सदस्य इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान लगभग 600 से 700 लोगों ने सामूहिक रूप से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाचार्य कुलदीप यादव ने इस अवसर पर बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है और व्यक्ति ऊजार्वान महसूस करता है। उन्होंने लोगों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील भी की। कार्यक्रम में पांच आसान योगासनों और उनके लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। इनमें ताड़ासन शरीर का संतुलन बेहतर बनाने और रीढ़ की हड्डी को मजबूत करने में सहायक है।

वृक्षासन एकाग्रता बढ़ाने के साथ पैरों और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। भुजंगासन पीठ दर्द में राहत देता है और फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने में मददगार है। वज्रासन पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है और भोजन के बाद करने के लिए उपयुक्त माना जाता है। अनुलोम-विलोम प्राणायाम मानसिक तनाव कम करता है, मन को शांत रखता है और श्वसन तंत्र को मजबूत बनाता है। कार्यक्रम का संचालन ओंकार सिंह ने किया। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति लखनऊ पूर्व के अध्यक्ष उदयराज, गंगागंज इकाई के अध्यक्ष नागेश वर्मा, युवा भारत प्रभारी कुलदीप यादव, उपासना थापा, अनिल कुमार वर्मा, बी.एल. यादव और लोकबंधु अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट ए.पी. सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला अपोलो हॉस्पिटल में हुए भर्ती, एमएलसी पवन सिंह चौहान ने पहुंचकर जाना कुशलक्षेम। छायाः तरूणमित्र

## नई पहलः हर पेड़ की होगी डिजिटल पहचान

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** समाज कल्याण विभाग ने एक एक नयी पहल की शुरूआत की है। विभाग ने अपने सभी जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों, आश्रम पद्धति विद्यालयों, छात्रावासों एवं अन्य संस्थानों में मौजूद पेड़ों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए वृक्ष परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रत्येक पेड़ को एक यूनिक पहचान संख्या प्रदान की जाएगी, जिससे उसकी निगरानी, संरक्षण और प्रबंधन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।

समाज कल्याण के प्रमुख सचिव अनुराग यादव द्वारा जारी निर्देश में विभागीय संस्थानों में मौजूद सभी पेड़ों का सर्वेक्षण कराया जाएगा। प्रत्येक पेड़ को एक विशेष पहचान संख्या दी जाएगी और उसकी प्रजाति, स्थान, अनुमानित आयु तथा वर्तमान स्थिति का पूरा विवरण वृक्ष परिसंपत्ति पंजिका में दर्ज किया जाएगा। इसके साथ ही सभी पेड़ों की फोटो लेकर उनका डिजिटल रिकॉर्ड भी तैयार किया जाएगा।

किसी भी पेड़ की कटाई अथवा बड़े स्तर पर छंटाई बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के नहीं की जा सकेगी। साथ ही प्रत्येक वर्ष इन पेड़ों का भौतिक सत्यापन कराया जाएगा, ताकि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में विभागीय संस्थानों में वृक्ष परिसंपत्ति प्रबंधन व्यवस्था लागू की जा रही है। इससे न केवल पेड़ों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि विद्यार्थियों और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

## जनसत्ता दल का बढ़ा कुनबा

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह , राजा भैया के निर्देश पर रविवार को यहां प्रदेश कार्यालय पर नव-नियुक्त कार्यकताओं को सदस्यता पत्र वितरित किया गया। पार्टी के प्रधान महासचिव कुंवर डॉ बृजेश सिंह ने 6 नए उम्मीदवारों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संग्राम सिंह सूरज ने कहा कि हमारा लक्ष्य पार्टी के विस्तार को बढ़ाना है, ताकि हर बूथ, हर गली और हर घर तक पार्टी की नीतियां पहुंच सकें। नए साथियों का जुड़ना इस संकल्प को और मजबूत करेगा। नए कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत कर जन सेवा करेंगे। पार्टी का दामन थामने वाले कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करें तथा पार्टी को जन-जन तक ले जाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# मोबाइल स्क्रीन ने हमारे बीच दूरियां बढ़ा दीं : कुंवर मानवेंद्र सिंह

## जेपीएस राठौर बोले-इतिहासकारों ने क्षत्रियों के साथ बहुत अन्याय किया

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश क्षत्रिय लोक सेवक परिवार महासमिति के तत्वाधान में गोमती नगर स्थित एसकेडी अकादमी के सभागार में ₹हल्दीघाटी दिवेरघाटी, विजयोत्सव सामाजिक सरोकार एवं सम्मान समारोह₹ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश कुंवर मानवेंद्र सिंह एवं राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार जेपीएस राठौर ने विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाले प्रादेशिक, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र का सम्मान बढ़ाने वाले क्षत्रिय परिवार के 36 विभूतियों को सम्मानित किया। इसके साथ ही इंटरमीडिएट व हाई स्कूल की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 112 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान देकर सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि समाज तब तक विजयी या सशक्त नहीं हो सकता, जब तक समाज का हर वर्ग एक-दूसरे का हाथ थामकर खड़ा न हो। आज के इस आधुनिक और तकनीकी युग में जहाँ मोबाइल स्क्रीन ने हमारे बीच दूरियां बढ़ा दी हैं, हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। शिक्षा का उजियारा फैलाना, समाज के वंचितों की मदद करना, पर्यावरण की रक्षा करना और युवाओं को सही मार्गदर्शन देना ही आज के समय की सच्ची राष्ट्र सेवा है।

समारोह को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि क्षत्रिय सर्व समाज के लिये काम करता आया है लेकिन फिल्मों ने क्षत्रिय समाज की छवि को लगातार खराब करने का काम किया है। इस मौके पर मौजूद पद्मश्री विद्या बिंदु सिंह ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हमें धर्म और कर्तव्य का बोध होता है। समझ में उपस्थित पूर्व अध्यक्ष बाल अधिकार संरक्षण आयोग जूही सिंह ने कहा कि आज का छात्र कल का भविष्य है, उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को सम्मानित करना गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि हम सभी को एक जुट होकर राष्ट्र को मजबूत करना है। इंडो अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मुकेश सिंह ने भी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। समारोह को महासमिति के अध्यक्ष, बाबा हरदेव सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज को विषम परिस्थितियों से उबारने के लिए बहुत बड़े प्रयास की जरुरत है।

ऐसी दशा में इस संगठन की जिम्मेदारी है कि वह युवाओं में आगे बढ़ने की इच्छा जाग्रत करे और उन्हें हर स्तर पर मजबूत बनाने का प्रयास करे। महासमिति की महासचिव, इन्द्रासन सिंह 'इन्दु' ने महासमिति की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि महासमिति स्थापना के 17 वर्ष पूर्ण करके 18वें वर्ष में प्रवेश कर रही है सभी का समर्पित प्रयास और समर्थन मिलता रहा तो यह महासमिति अपनी 25वीं वर्षगांठ तक विशाल वटवृक्ष का रूप ले लेगी और इसके छांव के नीचे अपनी समस्याओं का समाधान कर समाज को नई दिशा देने में सक्षम होंगे।

## कांग्रेस का युवाओं पर दांव, छात्र सम्मेलन 17 से

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** अर्से से सूबे की सत्ता से दूर कांग्रेस आये दिन नये नये प्रयोग करती रहती है। इसी कड़ी में अब पार्टी अब छात्रों पर दांव लगाने जा रही है। बेरोजगारी, पेपर लीक , परीक्षा में धांधली, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस अब छात्र सम्मेलन एवं कालेजों में छात्र संवाद आरंभ करने जा रही है। इसकी शुरूआत नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी 17 जून को कोटा से करेंगे। इसे लेकर पार्टी का सोशल मीडिया सेल एवं एनएसयूआई सक्रिय हो गया है।

यूं तो कांग्रेस जन समस्याओं को लेकर आंदोलित रहती है लेकिन उसका लाभ पार्टी को नहीं मिल पाता। इसीलिए अब प्रतियोगी छात्रों की समस्याओं को लेकर वह सड़क से सदन तक आंदोलन करने की रणनीति तैयार कर रही है। इसी कड़ी में महानगरों में छात्र सम्मेलन एवं महाविद्यालयों में छात्र संवाद जैसे आयोजन करने जा रही है। यह कार्यक्रम 17 जून को कोटा से आरंभ होंगे साथ ही यह अभियान 14 जुलाई तक जारी रखने का कार्यक्रम तय किया जा रहा है।

**शिक्षा ऋण माफ करने का वादा**

पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद मिश्र ने बताया कि पार्टी अर्से से छात्र शक्ति को राष्ट्र शक्ति मानकर कार्य करती रही है। एनएसयूआई हमेशा छात्रों के हित में कार्य करता रहता है आज हालात बेकाबू हो रहे है 99 परीक्षा लीक हो गयी, मुख्य आरोपी अभी कानून से दूर है। इसलिए पार्टी अब छात्रों के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है जिसमें हमारे शीर्ष नेता राहुल गांधी सड़क पर उतरने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में शिक्षा ऋण माफ करने का वादा किया था जिस पर आज भी कायम है।

दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 जुलाई को छात्र युवा रैली का आयोजन किया गया है। यूपी के प्रयागराज में 10 जुलाई को यह आयोजन किया जायेगा। इन सभी छात्र सम्मेलनों में पुर्व अध्यक्ष राहुल गांधी स्वयं शामिल होंगे। इसके साथ ही पार्टी ने सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाते हुए नीट सहित अन्य प्रतियोगी छात्रों से संपर्क कर उनकी समस्याओं को जानने का कार्य कर रही है। पार्टी का छात्र संगठन एनएसयूआई ने भी छात्रों की समस्याओं को आंदोलित है।

हाल में लखनऊ विश्व विघालय में फीस बृद्धि के एवं प्रदर्शन कर रहे छात्रों के निष्कासन के विरोध में धरना प्रदर्शन एवं जनभवन तक मार्च भी निकाल चुका है। इन आयोजनों के पीछे छात्रों में राजनीतिक जागरुकता बढ़ाना और उन्हें पार्टी से जोड़ने का उद्देश्य है। क्योंकि पार्टी में चेहरों की कमी लगातार बनी हुई है इस तरह के आयोजनों से युवाओं को जोड़ने का मौका मिल सकेगा।

## सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय, रक्त केंद्र में एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मां चंद्रिका देवी एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी इंदिरा नगर लखनऊ के सहयोग से 35 रक्तदानियों ने रक्तदान किया और कर्मचारियों ने भी पूरे जोश के साथ कार्य किया। रक्त केंद्र की प्रभारी डॉ संगीता टंडन ने बताया कि आगामी रक्तदान शिविर कल 15 जून को सी-मैप में डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के द्वारा आयोजित किया गया है,स्वैच्छिक रक्तदाताओं से अनुरोध है कि वे शिविर में बढ़-चढ़कर रक्तदान करें।



## आईटीआई में शून्य ड्रॉपआउट व 100 प्रतिशत प्रवेश का फरमान

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को विभागीय समीक्षा बैठक में प्रशिक्षण की गुणवत्ता, संस्थानों के संचालन तथा प्रशिक्षार्थियों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने राजकीय आईटीआई में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षणरत विद्यार्थियों के ड्रॉपआउट प्रतिशत पर सभी प्रधानाचार्यों को विशेष अभियान चलाकर प्रशिक्षार्थियों की काउंसलिंग कराने तथा उनके अभिभावकों से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक संस्थान ड्रॉपआउट प्रतिशत को शून्य करने के लक्ष्य के साथ कार्य करे। कपिलदेव अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संस्थानों में आवश्यक संसाधनों, मशीनों एवं कार्मिकों की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। वर्तमान प्रशिक्षण सत्र से नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ कराया जाए तथा भारत सरकार से स्थायी संबंधन एवं एनसीवीटी मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने एमआईएस मैनेजर एवं संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह संस्थानों का निरीक्षण करने तथा प्रशिक्षणार्थियों को आने वाली समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। प्रत्येक जनपद में संचालित निजी आईटीआई में से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 संस्थानों का चयन कर उन्हें प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर 57 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लखनऊ पुलिस मित्र परिवार द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं रक्तदान महायज्ञ का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन टीम के संरक्षक कवीन्द्र प्रताप सिंह, आईपीएस (रिटायर्ड) तथा संयोजक जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एन.पी. ओझा प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट ललितपुर एवं आर एम एल के डायरेक्टर डॉ सी एम सिंह ने रिबन काटकर तथा रक्तदाताओं द्वारा राष्ट्रगान और रक्तदान गीत गाकर रक्तदान महायज्ञ का शुभारम्भ किया। अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में रक्तदान को मानवता की सर्वोच्च सेवा बताते हुए सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित रक्तदान का आह्वान किया। शिविर में 57 से अधिक रक्त वीरों एवं रक्त वीरांगनाओं ने रक्तदान किया, जबकि लगभग 12 इच्छुक रक्तदाता चिकित्सकीय कारणों से रक्तदान नहीं कर सके। इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सुब्रत चंद्रा ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर अनेक मरीजों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर समर्पित रक्तदाता सम्मान से रक्तवीरंगना सुधा टंडन, नूतन वर्मा, रुचि मिश्रा एवं शैल वर्मा को सम्मानित किया गया। जीवन का पहला रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया।

## अंतर-जनपदीय लखनऊ जोन वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता में कमिश्नरेट ओवर ऑल चैंपियन

**लखनऊ, 14 जून (तरुणमित्र)।** सुलतानपुर पुलिस लाइन परिसर में आयोजित तीन दिवसीय 27वीं अंतर-जनपदीय लखनऊ जोन वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में लखनऊ कमिश्नरेट की टीम ओवरऑल चैंपियन बनी। यहां पर जिला जज सुनील कुमार चतुर्थ मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में वॉलीबॉल और सेपक टकरा जैसे खेलों में लखनऊ जोन के विभिन्न जनपदों से आई 9 टीमों के लगभग 115 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह आयोजन महिला और पुरुष दोनों वर्गों में किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) चारू निगम ने बताया कि तीन दिवसीय इस खेल आयोजन की शुरूआत 12 तारीख को जिलाधिकारी (डीएम) इंद्रजीत सिंह ने की थी। समापन समारोह में जनपद के जिला जज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा करते हुए एसपी ने बताया कि वॉलीबॉल के पुरुष वर्ग में लखनऊ कमिश्नरेट की टीम विजेता रही। सेपक टकरा खेल के महिला और पुरुष दोनों ही वर्गों में भी लखनऊ कमिश्नरेट ने जीत दर्ज की। इन उत्कृष्ट प्रदर्शनों के आधार पर लखनऊ कमिश्नरेट को ओवरऑल विजेता घोषित किया गया।एसपी चारू निगम ने बताया कि पुलिस विभाग में ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों में टीम भावना, अनुशासन और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखना है।